

4इृ किसी भी तरह के विज्ञापन एवं समाचार के लिए संपर्क करें मो0: 9891706853

दैनिक

राष्ट्रीय संस्करण

RNI: UPHIN/2021/84200

# समाज जागरण

नोएडा उत्तर प्रदेश,दिल्ली एनसीआर, हरियाणा,पंजाब बिहार,मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ, झारखण्ड असम से प्रसारित

वर्षः 1 अंकः 349 नोएडा, (गौतमबुद्धनगर) सोमवार 09 अक्टूबर 2023 http://samajjagran.in पृष्ट - 12 मूल्य 05 रुपया


## खत्म हो जाएगा इजरायल के साथ सऊदी का समझौता ? हमास के हमले और ईरान के समर्थन ने बिगाड़ा समीकरण

वॉशिंगटन. ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई के शीर्ष सैन्य सलाहकार ने कहा है कि तेहरान इजरायल के खिलाफ हमास के हमलों का समर्थन करता है और "फिलिस्तीन और यरूशलेम की मुक्ति तक" इस्लामी लड़ाकों का समर्थन जारी रहेगा. पोलिटिको की रिपोर्ट के अनुसार, ईरान के रिवोल्यूशनरी गार्ड्स के पूर्व कमांडर या'ा रहीम सफवी की टिप्पणी से यह संदेह पैदा होगा कि तेहरान ने सुनियोजित हमलों में अपने पारंपरिक सहयोगी हमास का समर्थन करने में प्रत्यक्ष भूमिका निभाई है.





पोलिटिको ने बताया, रहीम सफवी और अन्य वरिष्ठ ईरानी नीति निमार्ताओं के हस्तक्षेप को ईरान के क्षेत्रीय प्रतिद्वंद्वी सऊदी अरब द्वारा एक धमकी भरे संकेत के रूप में देखा जाएगा कि तेहरान रियाद को इजरायल के साथ संबंधों को सामान्य करने से रोकने के लिए क्षेत्रीय संघर्ष को भड़काने के लिए तैयार है, जैसा कि अमेरिका चाहता है. हाल के हफ्तों में, ईरान के नेताओं ने इजरायल और सऊदी अरब के बीच अमेरिका समर्थित प्रस्तावित समझौते का विरोध किया है। खामेनेई ने 3 अक्टूबर को कहा था कि इजरायल के साथ संबंधों को सामान्य बनाने का लक्ष्य रखने वाले देश एक बड़ा जोखिम उठा रहे हैं.

ईरान से जुड़ा एक अन्य आतंकवादी समूह हिजबुल्लाह भी हमास की हिंसा को सऊदी मेल-मिलाप से जोड़ता हुआ दिखाई दिया. उसने एक बयान में कहा कि यह हमला "इजरायल के निरंतर कब्जे के लिए एक निर्णायक प्रतिक्रिया और इजरायल के साथ सामान्यीकरण चाहने वालों के लिए एक संदेश है."

हमले की शुरूआत, इजरायल और हमास के बीच 2021 में 10-दिवसीय लड़ाई के बाद यह सबसे बड़ा संघर्ष है. पोलिटिको की रिपोर्ट के अनुसार, **"यह पृथ्वी पर आखिरी कब्जे को समाप्त करने के लिए सबसे बड़ी लड़ाई है."** उन्होंने कहा कि इजरायल पर 5,000 रॉकेट दागे गए.

मध्य पूर्व संस्थान के एक अनिवासी विद्वान जेसन ब्रोडस्की के अनुसार, सितंबर में हमास और ईरानी रिवोल्यूशनरी गार्ड्स कमांडरों के बीच लेबनान में बैठकें हुईं. पोलिटिको की रिपोर्ट के अनुसार, उन्होंने कहा, "इजरायल पर हुए इस हमले के संगठन के बारे में कुछ सुराग मिलते हैं."

पोलिटिको की रिपोर्ट के अनुसार, वॉशिंगटन स्थित थिंक टैंक फाउंडेशन फॉर डिफेंस ऑफ डेमोक्रेसीज के शोध के वरिष्ठ उपाध्यक्ष जोनाथन शेंजर ने कहा, "मेरा मानना है कि इसके पीछे ईरान का हाथ पाया जाएगा."

## काशी विश्वनाथ मंदिर के पुजारियों को मिलेगा कॉलेज प्रवक्ता के बराबर वेतन, पदोन्नति के साथ छुट्टी भी

### काशी विश्वनाथ मंदिर न्यास ने पुजारी और सेवादारों के लिए बनाई नई नियमावली प्रस्ताव भेजा शासन को

**समाज जागरण वाराणसी**

वाराणसीः श्री काशी विश्वनाथ मंदिर न्यास ने पुजारी, कर्मचारी और सेवादारों की नियुक्ति की नई सेवा नियमावली तैयार कर ली है। 40



साल बाद बनी सेवा नियमावली देश भर के देवस्थान, मंदिर और ट्रस्ट के लिए नजीर होगी। न्यास ने नियमावली तैयार करके परीक्षण के लिए मंडलायुक्त के पास भेज दिया है। सेवा नियमावली में समय-समय पर कर्मचारियों के पदोन्नति का भी प्रस्ताव दिया गया है। पुजारी, कर्मचारी और सेवादारों को छुट्टियां भी मिल सकेंगी।

राज्य कर्मियों की तरह अर्चकों को ग्रेड व मैट्रिक्स दिया जाएगा। नई नियमावली में 16 सदस्यीय कमेटी ने पुजारियों को इंटर कॉलेज के प्रवक्ता के वेतनमान के समान वेतन देने की संस्तुति की है। मंदिर में नियुक्त होने वाले कर्मचारी और सेवादारों के लिए भी नियमावली का मसौदा तैयार किया गया है। समिति के प्रमुख सदस्यों में अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी निखिलेश मिश्रा, प्रो. चंद्रमौलि उपाध्याय, प्रो. ब्रजभूषण ओझा शामिल हैं।

## पंजाब के मुद्दों पर बहस के लिए मुख्यमंत्री मान ने विपक्षी दलों को 31 अक्टूबर तक सबूतों सहित आने का दिया निमंत्रण

**विनोद कश्यप प्रभारी दैनिक समाज जागरण पंजाब हरियाणा**

चण्डीगढ़, 08अक्टूबरः पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने पंजाब में विपक्षी दलों के नेताओं को एक खुला चैलेंज दिया है। भगवंत मान ने पंजाब भाजपा अध्यक्ष सुनील जाखड़, अकाली दल अध्यक्ष सुखबीर बादल और पंजाब कांग्रेस अध्यक्ष राजा वड़िंग और प्रताप बाजवा को पंजाब के मुद्दों पर पंजाबियों और मीडिया के सामने उनके साथ लाइव बहस करने को कहा है। लाइव बहस के लिए सीएम मान ने समय भी तय किया है।



मुख्यमंत्री भगवंत मान ने बहस के लिए 31 अक्टूबर तक की समय सीमा रखी है, मान ने कहा कि इस बीच वह अपनी तैयारी कर सकते हैं और 1 नवंबर, 'पंजाब दिवस' के मौके पर बहस के लिए तैयार होकर आ सकते हैं। सीएम मान ने कहा कि विपक्षी नेता चाहें तो अपने साथ कागजात भी ला सकते हैं लेकिन वह बिना किसी तैयारी और कागजात के बोलेंगे।

### मुख्यमंत्री मान ने ट्वीट कर दिया खुला चैलेंज

सीएम भगवंत मान ने ट्वीट कर लिखा- भाजपा प्रधान जाखड़ जी, अकाली दल के सुखबीर सिंह बादल और कांग्रेस के राजा वडिंग-प्रताप बाजवा जी को मेरा खुला निमंत्रण है कि रोज-रोज की किच-किच और घिसी-पिटी बातों के बजाय एक बार आएं और पंजाबियों व मीडिया के सामने बैठकर पंजाब को अब तक किसने कैसे लूटा, भाई-भतीजे, साले-जीजे, मित्र-मुलाहजे, टोल-प्लाजे, जवानी-किसानी, व्यापार-दुकानदार, गुरुओं की बाणी, नहरों का पानी.. सभी मुद्दों पर लाइव बहस करें..।

फिर पता चलेगा कि उन्होंने पंजाब को किस तरह से लूटा है। सीएम ने आगे लिखा- आप अपने साथ कागज भी ला सकते हो पर मैं मुंह जुबानी बोलूंगा.. 1 नवंबर 'पंजाब दिवस' वाला दिन ठीक रहेगा, आपको तैयारी के लिए समय भी मिल जाएगा... मेरी तो पूरी तैयारी है क्योंकि सच बोलने के लिए रट्टे नहीं लगाने पड़ते।

## मयार्दा पुरुषोत्तम श्रीराम अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट से दिसंबर माह में प्रारंभ हो जाएगी हवाई यातायात सेवाएं

- **एयरपोर्ट निर्माण का 85% से अधिक कार्य हुआ पूरा**
- **एयरबस ए320 एयरक्राफ्ट के लैंडिंग की भी मिलेगी सुविधा**
- **रात्रि में भी हो सकेगी एयरक्राफ्ट की लैंडिंग**

अयोध्या, 8 अक्टूबर। भगवान श्रीराम की नगरी मोदी-योगी सरकार की प्राथमिकताओं के केंद्र में है। भव्य श्रीराम मंदिर निर्माण के साथ-साथ अयोध्या में तमाम विकास कार्यों को तेज गति से पूरा किया जा रहा है। यहां आने वाले श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की समस्या ना हो इसे ध्यान में रखते हुए मयार्दा पुरुषोत्तम श्रीराम अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट के निर्माण का कार्य भी तेज गति से पूरा किया जा रहा है। जनवरी माह में भव्य श्रीराम मंदिर में होने वाली प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम से पहले दिसंबर माह तक अयोध्या में हवाई यातायात सेवाएं प्रारंभ हो जाएंगी। मयार्दा पुरुषोत्तम श्री राम अन्तरराष्ट्रीय एयरपोर्ट का 85 प्रतिशत से अधिक निर्माण कार्य पूरा हो चुका है।

जिलाधिकारी नितीश कुमार ने श्रीराम अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट अयोध्या के विभिन्न कार्यों के प्रगति की जानकारी देते हुए बताया कि निमार्णाधीन अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट पर तीव्र गति से कार्य चल रहा है। फेज वन के सभी कार्यों को दिसंबर 2023 तक पूर्ण कर इसी कैलेंडर ईयर में एयरपोर्ट पर एयरक्राफ्ट का संचालन प्रारंभ कर दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि एयरपोर्ट के समस्त कार्यों को तीन फेजों में किया जाना है। इसके लिए परियोजना में सम्मिलित कुल 821 एकड़ भूमि अर्जन का शतप्रतिशत कार्य पूर्ण कर एयरपोर्ट अथॉरिटी को सौंप दिया गया है। एयरपोर्ट के फेजझवन के 2200 मीटर लंबे व 45 मीटर चौड़े रनवे का कार्य शतझप्रतिशत पूर्ण है। भविष्य में रनवे को 3750 मी तक बढ़ाए जाने की योजना है। इसके लिए भी भूमि अर्जन का कार्य भी पूर्ण कर लिया गया है।



उन्होंने बताया कि नाइट लैंडिंग तथा कोहरे एवं धुंध में लैंडिंग के लिए कैटझवन एवम् रेसा सुविधाओं का कार्य भी शतझप्रतिशत पूर्ण हो गया है। एयरक्राफ्टों के लैंडिंग के लिए लगाई गई लाइटिंग का कार्य पूर्ण है। एटीसी टॉवर का भी शतझ प्रतिशत कार्य पूर्ण हो चुका है। जिलाधिकारी के अनुसार एयरपोर्ट के संचालन के लिए आने वाली रुकावटों को दूर कर दिया गया है। भारतीय विमान पत्तन प्राधिकरण के एयरक्राफ्ट के परिचालन से पूर्व एयरपोर्ट पर इंस्ट्रूमेंट लैंडिंग सिस्टम (आईएलएस) में शामिल विभिन्न घटकों यथा लोकलाइजर, ग्लाइड पथ, मार्कर, डीएमई आदि के समस्त चरणों का कैलिब्रेशन भी किया जा चुका है।

उन्होंने निमार्णाधीन टर्मिनल बिल्डिंग एवम् एप्रन आदि की प्रगति के संबंध में बताया कि एक एप्रेन (चार एयरक्राफ्टों के पार्किंग की सुविधा) का कार्य पूर्ण है तथा दूसरे एप्रेन (चार एयरक्राफ्टों के पार्किंग की सुविधा) के कार्य को भी तेजी से पूरा किया जा रहा है जिसे इसी माह पूर्ण कर लिया जाएगा। डीएम के अनुसार एयरपोर्ट के लिए फायर ब्रिगेड की गाड़ियां भी आ गई हैं। एयरपोर्ट के संचालन के लिए लाइसेंसिंग की प्रक्रिया प्रगति पर है, जिसके पूर्ण होते ही इसी कैलेंडर ईयर में



एयरपोर्ट का संचालन प्रारंभ कर दिया जाएगा। इसके साथ ही अयोध्या धाम तक आने जाने के लिए श्रद्धालुओं के आवागमन की उच्च स्तर की सुविधा उपलब्ध होगी। मयार्दा पुरुषोत्तम श्रीराम अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट पर संचालन प्रारंभ होने से एयरबस ए320 जैसे एयरक्राफ्ट के लैंडिंग की सुविधा अयोध्या धाम के एयरपोर्ट पर उपलब्ध हो जाएंगी। बता दें कि मयार्दा पुरुषोत्तम श्रीराम अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट बिल्कुल उसी तरह बनाया जा रहा है जिस तरह श्रीराम मंदिर का निर्माण हो रहा है। यहां तक कि उसमें भी वही पत्थर लगाए जा रहे हैं और वैसी ही नक्काशी की जा रही है। एयरपोर्ट पर उतरने के साथ ही यात्रियों को अयोध्या श्रीराम जन्मभूमि मंदिर का एहसास ही नहीं होगा बल्कि उसकी झलक भी दिखाई देगी।

## जडेजा का वार, विराट कोहली- केएल राहुल की धार, चेन्नई में टीम इंडिया की बची लाज

नई दिल्ली. विराट कोहली और केएल राहुल की मुश्किल परिस्थितियों में खेली गई सूझबूझ भरी पारी के दम पर भारत ने ऑस्ट्रेलिया को हराकर वनडे वर्ल्ड कप 2023 में जीत से आगाज किया है. चेन्नई के चेपॉक स्टेडियम में खेले गए वर्ल्ड कप 2023 के 5वें मैच में ऑस्ट्रेलिया ने भारत को 200 रन का टारगेट दिया था. भारतीय टीम ने 41. 2 ओवर में 4 विकेट पर 201 रन बनाकर मुकाबले को अपने नाम कर लिया. कोहली ने 116 गेंदों पर 6 चौकों की मदद से 85 रन बनाए जबकि केएल राहुल ने 115 गेंदों पर 8 चौकों और 2 छक्कों की मदद से नाबाद 97 की पारी खेली. कोहली और राहुल ने चौथे विकेट के लिए 215 गेंदों पर 165 रन की साझेदारी की.

200 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी भारत की शुरूआत बेहद खराब रही. टीम इंडिया ने 2 रन के कुल स्कोर पर अपने 3 विकेट गंवा दिए. भारतीय पारी के पहले ओवर की चौथी गेंद पर मिचेल स्टार्क ने ओपनर ईशान किशन को कैमरन ग्रीन के हाथों कैच कराकर भारत की शुरूआत बिगाड़ दी. ईशान खाता भी नहीं खोल सके. इसके बाद जोश हेजलवुड ने अपने पहले ही ओवर में रोहित शर्मा को एलबीडब्ल्यू आउट कर भारत को दोहरा झटका दिया. रोहित 6 गेंद खेलने के बावजूद भी खाता नहीं खोल सके. श्रेयस अय्यर को हेजलवुड ने वॉर्नर के हाथों कैच कराकर भारत को तीसरा झटका दिया. श्रेयस 3 गेंदों पर एक भी रन नहीं बना सके. हेजलवुड ने अपने नाम 3 विकेट किए जबकि स्टार्क ने एक विकेट लिया.

## राष्ट्रीय राजमार्ग 343 की हालत जर्जर,गड्ढे दे रहे दुर्घटनाओं को न्यौता

**समाज जागरण, देवव्रत राय, ब्यूरोचीफ**

बलरामपुर (छत्तीसगढ़) 8 अक्टूबर 2023:- रामानुजगंज से अंबिकापुर को जोड़ने वाली राष्ट्रीय राजमार्ग 343 की हालत बहुत जर्जर हो चुकी है.रामानुजगंज से आरागाही, तातापानी सहित जिला मुख्यालय बलरामपुर में राष्ट्रीय राजमार्ग पर सैकड़ों बड़े गड्ढे निर्मित हो चुके हैं. सड़क से गुजरने वाले वाहन चालकों को धूल भरे गुब्बारों का सामना करना पड़ रहा है.



### खस्ताहाल सड़क का खामियाजा भुगत रहे जनता!

राष्ट्रीय राजमार्ग 343 में इन दिनों कई जगहों पर बड़े गड्ढे निर्मित हो चुके हैं.बारिश के मौसम में गड्ढों की गहराई और चौड़ाई लगातार बढ़ती जा रही है, जो दुर्घटना का कारण बन रही है. इस सड़क पर वाहन हिचकोले खाते हुए निकल रहे हैं.स्थानीय लोगों द्वारा सड़क की मरम्मत कार्य कराने की मांग की जा रही है लेकिन अब तक नेशनल हाईवे की मरम्मत नहीं हो सका है.

### राष्ट्रीय राजमार्ग विभाग के अधिकारी नहीं दे रहे ध्यान!

राष्ट्रीय राजमार्ग 343 पर प्रतिदिन हजारों की संख्या में हर दिन छोटे बड़े वाहन गुजरते हैं. सड़क की स्थिति अत्यंत जर्जर होने के कारण लोगों को आवागमन में काफी परेशानी हो रही है. पहले रामानुजगंज से अंबिकापुर की दूरी 110 किलोमीटर तय करने में तीन घंटे का समय लगता था, वहीं अब सड़क जर्जर होने से अंबिकापुर पहुंचने में पांच घंटे तक का समय लग रहा है.

राष्ट्रीय राजमार्ग विभाग के जिम्मेदार अधिकारियों का ध्यान इस खस्ताहाल सड़क पर नहीं जा रहा है जिससे अब तक सड़क की मरम्मत कार्य नहीं हो सका है। स्थानीय लोगों के द्वारा सड़क की मरम्मत कराने की मांग भी लंबे समय से की जा रही है, लेकिन अब तक मरम्मत कार्य नहीं हो सका है और आए दिन रोज सड़क दुर्घटना होती रहती है।


**आकर्षक ऑफर, मात्र 300 मे लगवाए विज्ञापन**

समाज जागरण के दुसरे वर्षगांठ पर आप सभी के लिए आकर्षक ऑफर है। मात्र 300 रुपये मे तीन एडिशन मे लगवाएँ विज्ञापन। 200 रुपये मे समाज जागरण पोर्टल पर।। 1 अक्टुबर से 15 अक्टुबर तक साइज 3X5 Cm


## हमास के हमले में 700 से अधिक लोगों की मौत, इजरायल सीमा पर अमेरिका तैनात करेगा जंगी जहाज

तेल अवीव. इजरायल पर हमास के अप्रत्याशित हमले के एक दिन बाद रविवार को इजरायली सैनिकों और हमास लड़ाकों के बीच दक्षिणी इजरायल में संघर्ष जारी रहा, जबकि इजरायल ने जवाबी हमले कर गाजा में कई इमारतों को जमींदोज कर दिया. बताया जा रहा है अमेरिका इजरायल सीमा पर जंगी जहाज तैनात करने की योजना बना रहा है. वहीं, उत्तरी इजरायल में लेबनान के चरमपंथी समूह हिजबुल्ला के साथ संघर्ष से युद्ध के व्यापक पैमाने पर फैलने की आशंका बढ़ गयी है. गाजा से अप्रत्याशित हमले के 24 घंटे से अधिक समय बाद भी संघर्ष जारी है. हमास के आतंकवादियों ने शनिवार तड़के इजरायल पर हजारों रॉकेट दागे और आतंकवादी इजरायल के सुरक्षा घेरे को तोड़कर सीमा के आसपास के इलाकों में घुस गए.



कई मीडिया संस्थानों ने खबरें दी हैं कि इजरायल पर हमास के हमले में 700 से अधिक लोगों की मौत हो चुकी है, जिसमें 44 सैनिक और 34 पुलिस अफसर भी शामिल हैं, जबकि 2200 लोग जख्मी हुए हैं. इजरायल के 100 लोगों के अपहरण की भी खबर है. वहीं, इजरायल के जवाबी हमले में फिलिस्तीन के 400 से अधिक लोग मारे गए हैं. आतंकवादियों ने तटीय गाजा क्षेत्र में महिलाओं, बच्चों और बुजुर्गों को बंधक बना लिया. आशंका जताई गई है कि आतंकवादी बंधक बनाए गए लोगों की रिहाई के बदले में हजारों फलस्तीनी कैदियों को छोड़ने की मांग कर सकते हैं.

### कई अमेरिकी नागरिकों के मारे जाने या लापता होने का दावा

अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन ने समाचार चैनल 'सीएनएन' को बताया कि अमेरिका उन खबरों को सत्यापित करने के लिए काम कर रहा है, जिसमें कई अमेरिकी नागरिकों के मारे जाने या लापता होने का दावा किया गया है. मृतकों और बंधकों की बढ़ती संख्या तथा हमले के प्रति धीमी प्रतिक्रिया ने एक बड़ी खुफिया विफलता की ओर इशारा किया और लंबे समय से चली आ रही उस धारणा को कमजोर कर दिया कि दशकों से नियंत्रित छोटे व घनी आबादी वाले क्षेत्र में इजराइल की चप्पे-चप्पे पर निगरानी है.

### देश युद्ध लड़ रहा है और दुश्मनों को भारी कीमत चुकानी पड़ेगी

इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने कहा कि देश युद्ध लड़ रहा है और दुश्मनों को भारी कीमत चुकानी पड़ेगी. उन्होंने आगाह किया कि "इस युद्ध में वक्त लगेगा. यह मुश्किल होगा." नेतन्याहू के सुरक्षा मंत्रिमंडल ने रविवार को एक घोषणा में आधिकारिक तौर पर देश को युद्धग्रस्त घोषित कर दिया और कहा कि यह निर्णय औपचारिक रूप से "महत्वपूर्ण सैन्य कदम उठाने" के लिए अधिकृत करता है.

### क्या इजराइल गाजा में जमीनी हमला करेगा ?

इजरायल ने पिछले चार दशकों में लेबनान और गाजा में बड़े सैन्य अभियान चलाए हैं, जिन्हें उसने युद्ध के रूप में पेश किया है, लेकिन औपचारिक घोषणा के बिना ऐसा किया गया है. स्थानीय थिंक टैंक 'इजरायल डेमोक्रेसी इंस्टीट्यूट' के प्रमुख योहानन प्लास्नर ने कहा कि मंत्रिमंडल का निर्णय काफी हद तक प्रतीकात्मक है, लेकिन "यह दशार्ता है कि सरकार सोचती है कि युद्ध अधिक लंबे, गहन और महत्वपूर्ण दौर में प्रवेश कर रहा है." अब एक बड़ा सवाल यह है कि क्या इजरायल गाजा में जमीनी हमला करेगा, एक ऐसा कदम जिसके कारण अतीत में कई लोग मारे गए थे.

# भारत की शक्तिशाली होती वायुसेना

**दैनिक समाज जागरण**

किसी भी देश की सीमायें तभी सुरक्षित रह सकती हैं, जब तक की उसकी सेनाएँ सजग एवं सामर्थ्यशाली हो। भारत की सेनाएँ भी आज तन मन धन से देश की सीमाओं की सुरक्षा के लिये दिन रात जुटी हुई हैं। सेनाओं के तीनों अंग थल सेना, जल सेना और वायु सेना एक दूसरे के साथ कदम एवं ताल मिलाकर अपना काम कर रही हैं। भारतीय वायुसेना 8 अक्टूबर को वायुसेना दिवस के रुप में मनाती हैं। भारतीय वायुसेना का इतिहास विधिवत रूप से स्वतंत्रता के पश्चात प्रारंभ होता है। हालांकि तब 66 वर्ष पूर्व ही वहाँ वायुसेना की टुकड़ी काम करने लगी थी, जो ब्रिटिश साम्राज्य के अधीन थी। प्रथम भारतीय मूल के पायलटों को मान्यता एवं ट्रेनिंग पूर्ण करने के स्मरण में ही वायुसेना दिवस मनाया जाता है।भारतीय वायुसेना प्रारंभ में बहुत समस्याग्रस्त थी, आर्थिक संसाधन, प्रशिक्षित तकनीशियों की कमी, व्यवस्थित नेटवर्क की कमी आदि का सामना करना पड़ता था। उस समय वायुयान भी इतने नहीं थे, इनके रखरखाव एवं उड़ाने की पद्धति भी बड़ी साहसिक एंव जोखिम पूर्ण होती थी। शनैः शनैः विज्ञान उत्तरोत्तर तरक्की करता गया, उसी प्रकार से लड़ाकू विमानों का भी परिस्करण होता गया। और आज हालत यह है की रफ्तार से उड़ने वाले जेट लड़ाकू विमान भारत के पास हैं। अचूक शक्ति के साथ बचाव के अनेक विमानों को भारत में ही परिष्कृत कर लिये गया हैं। तभी तो भारत की वायुसेना विश्व में चौथे स्थान को सुशोभित कर रही हैं। पहले हमें बाहरी विकसित देशों के विमानों का आयात करना पड़ता था, अब तो अति उन्नत तेजस सहित अन्य हल्के लड़ाकू विमानों का उत्पादन कर रहे हैं। यह हमारे लिये गर्व की बात है कि हम रक्षा के क्षेत्र में अब स्वनिर्भर हो रहे हैं।

भारतीय वायुसेना ने भारत, पाक युद्ध 1965 हो या 1971 की हो, इन युद्धों में अविस्मरणीय भूमिका निभाई थी। भारतीय वायु सेना के बल पर ही 65 की लड़ाई में पाकिस्तानी सेना को मुँह की खानी पड़ी थी। ऐसा नहीं हैं कि पाकिस्तान के पास अत्याधुनिक लड़ाकू विमानों की कमी हो, बल्कि वह तो रक्षा खर्च में भारत से ज्यादा ही खर्च करता रहा है, पर उसके हारने का मुख्य कारण है, भारतीय जांबाज, बहादुर तथा विशेषज्ञ पायलटों का होना वहीं इस तरह के पायलटों का न होना पाकिस्तान की असल कमजोरी रही। पाकिस्तान के पास तो अत्याधुनिक एफ 16 मिराज आदि विमान हैं फिर भी वह भारत के सामने बिलकुल फिसड्डी और अनाड़ी हैं। भारत की वायुसेना में इस समय अति उन्नत रफाल, और स्वदेश निर्मित तेजस के साथ-साथ अत्याधुनिक लड़ाकू हेलिकाप्टर प्रचंड ,मिराज 2000, मिग 27, मिग-29, एम आई -28 तथा स्वदेशी निर्मित अन्य हलके अत्याधुनिक विमान हैं जिससे किसी भी युद्ध को आसानी से अपने पक्ष में किया जा सकता है। पाकिस्तानी घुसपैठियों के कारण उत्पन्न हुई कारगिल युद्ध में भारतीय वायुसेना ने अदम्य शौर्य का प्रदर्शन किया था, उसे देखकर तो अमेरिका भी हैरत में पढ़ गया था, पाकिस्तान की तो सिट्टी पिट्टी गुम हो गई थीं । कारगिल युद्ध के पश्चात थल सेनाध्यक्ष श्री मलिक ने कहा था कि- ह्यहमारी कारगिल विजय में. वायुसेना के अविस्मरणीय योगदान को नहीं भुलाया जा सकता। खासकर जब वहाँ की ऊंची ऊंची चोटियों में छुपे हुये पाकिस्तानी सैनिक एवं घुसपैठियों द्वारा जब भारतीय सेना को ऊपर से नीचे की ओर आसानी से निशाना बनाया जा रहा था, और थलसेना के लिये इन चोटियों को जीतना बड़ा दुष्कर बनता जा रहा था, तभी भारतीय वायुसेना के जांबाज पायलटों ने अपने अप्रतिम शौहर का प्रदर्शन करते हुये इन घुसपैठियों को चुन चुनकर खदेड़ा। था। जिससे थलसेना का कार्य आसान हो गया था।

वर्तमान में भारतीय वायुसेना अपनी पूरी साज सज्जा के साथ अपनी पताका फहरा रहे हैं। विश्व की महाशक्तियाँ भी अब यह स्वीकार करने में संकोच नहीं करती कि भारत के पास आज एक सुदृढ़ वायुसेना की व्यवस्था है।



**-सुरेश सिंह बैस शाश्वत**

# भाग्य साहसी पुरुषों के अथक परिश्रम, मनोबल की परिणति'

**दैनिक समाज जागरण**

चीन में चल रहे एशियाई ओलंपिक में भारत ने जहां 100 पदको से ज्यादा पदक जीत लिए हैं और यह साबित कर दिया है की मेहनत, लगन, संकल्प से ही सफलता प्राप्त की जा सकती है भारत वासियों और सभी खिलाड़ियों को इस रिकॉर्ड तोड़ सफलता के लिए अनंत बधाइयां शुभकामनाएं। जहां सफलता की संभावना एकदम कम तथा न्यून हो और सफलता मिल जाए तो भाग्य को श्रेय दिया जाता है' वास्तव में जो सफलता के चरम पर होता है, वह खुद ही जानता है कि भाग्य सफलता का एक पहलू है ' सफल व्यक्ति से जुड़े हुए लोग उसके साहस और श्रम को श्रेय देने के बजाय व्यक्ति के भाग्य पर जोर देने लगते हैं' इस दुनिया में दो तरह के लोग होते हैं, जो सफलता को कुछ निश्चित गुणों पर आधारित मानते हैं।असफल व्यक्ति ही भाग्य पर ज्यादा भरोसा करते हैं, असफल होने पर अपने भाग्य को कोसते हैं' वस्तुतः भाग्य नाम की कोई चिड़िया होती ही नहीं है। भाग्य साहस और मेहनत की परिणति है। जिसके भीतर साहस और श्रम करने की प्रवृत्ति होती है, वही व्यक्ति सफल होता है। भाग्य उसका सदैव साथ देता है। साहसी व्यक्ति मेहनत से नहीं डरता,चुनौतियां स्वीकार करता है,और निडर होकर हर चुनौती का डटकर मुकाबला करता है। साहसी व्यक्ति कांटों से भरे पथ पर चलने के लिए तत्पर रहता है, डर नामक चीज से वह परिचित नहीं होता है। और अपनी मेहनत और साहस के बल पर बड़ी से बड़ी सफलता प्राप्त करता है, वही व्यक्ति भाग्यवान कहलाता है। मशहूर मुक्केबाज मोहम्मद अली उर्फ कैशियस क्ले ने एक महत्वपूर्ण मुक्केबाजी की स्पर्धा जीतकर कहा था," जो व्यक्ति जीवन में ज्यादा खतरे नहीं उठाता वह एक साधारण जिंदगी जीने से ज्यादा कुछ नहीं कर सकता" मोहम्मद अली के इस कथन में कई सफलता के तत्व छुपे हुए हैं, यदि आपने अपनी जिंदगी में साहस नहीं दिखाया तो निश्चित तौर पर आप कुछ भी उल्लेखनीय नहीं कर सकते हैं, साहस एक ऐसा माननीय गुण है जो व्यक्ति की सफलता को दुगना कर देता है। साहस और श्रम ही जीवन का पर्याय है, और ऐसे व्यक्ति भीड़ में अलग दिखाई देते हैं। उन्हें ही समाज सफल व्यक्ति एवं भाग्यवान होने की श्रेणी में रखता है। साहसी व्यक्ति के मन में हिचक नहीं होती वह किसी भी निर्णय लेने में कभी किंकर्तव्यविमूढ़ नहीं होता, अनेक कठिनाइयों का सामना करते हुए वह अपने साहस और श्रम पर विश्वास रख आत्मविश्वास से परिपूर्ण रहता है। नेपोलियन बोनापार्ट के अनुसार भाग्य केवल सक्रिय मस्तिष्क का साथ देता है, इसीलिए मनुष्य को अपना मस्तिक सदैव क्रियाशील व सक्रिय रखना चाहिए, वास्तव में हम जैसे विचार रखते हैं, हम जैसा सोचते हैं, हम वैसे ही बन जाते हैं, जिसने विचारों की ऊर्जा को पहचाना, उसका जीवन सकारात्मक तथा सफलता के कदम चूमता है। अपने लक्ष्य के बारे में सदैव विचार करते रहें एवं उपलब्ध संसाधनों का रोना रोने के बजाय यह सोचना आवश्यक होगा कि हम अपना सर्वोत्तम कैसे दे सकते हैं। ऐसे विचारों और साहस के बहुत बड़े उदाहरण मीराबाई चानू,बजरंग पूनिया और गोल्डन ब्वॉय नीरज चोपड़ा हैं, जो देश के लिए बहुत बड़े उदाहरण हैं। इसके अलावा अन्य भी जिन्होंने ओलंपिक 2020 जापान में देश के लिए खेल में चार और मेडल प्राप्त किया और देश का गौरव बढ़ाया। इन सब को बधाइयों के साथ शुभकामनाएं भी हैं, इनकी मेहनत लगन और साहस को देश के 135 करोड़ आवाम का अभिनंदन तथा वंदन है। थॉमस कूलर के अनुसार बुद्धिमान व्यक्ति अवसर को एक अच्छे भाग्य में बदल देता है। और वही व्यक्ति जो अवसर की तलाश में रहता है, उसे परिवर्तित कर अच्छे परिणाम देकर,अपने परिवार, समाज देश का नाम स्वर्णिम अक्षरों में दर्ज करवाता है। स्वयं को मिले अवसरों को सफलता में बदल डालिए, आपका हर पल बहुत कीमती है, उसे नष्ट ना करें, सफलता को अपनी आदत में शुमार कर लीजिए फिर देखिए दुनिया आपकी, संसार आपका, सफलता आपके द्वार पर होगी। क्या आपने कभी विचार किया की ओलंपिक में गोल्ड मेडलिस्ट अभिनव बिंद्रा और नीरज चोपड़ा की सफलता का राज क्या है, निसंदेह उनके मन में केवल मेहनत परिश्रम और साहस था, उनके दिमाग में डर नाम की कोई चीज नहीं थी। यही उनकी सफलता का बड़ा फलसफा है। प्राचीन यूनानी कवि वर्जिन में युवाओं को संबोधित करते लिखा था कि "भाग्य सदैव साहसी लोगों का साथ देता है",ऐसे लोगों का साथ न दीजिए, उनसे मित्रता न कीजिए जो हमेशा अपनी उपलब्ध सुविधा के नाम पर रोना रहता रोते हैं, और अपनी परिस्थितियों से लगातार शिकायत करते हैं, ऐसे लोग सदैव खोजते रहते हैं कि मैं किसी बड़े धनवान व्यक्ति के घर में क्यों पैदा नहीं हुआ, जहां अपार सुख सुविधाएं उपलब्ध है और मैं भी सुख पूर्वक जीवन व्यतीत करता, पर वह यह नहीं जानता कि बड़े व्यक्ति के बड़े होने के पीछे कितनी मेहनत साहस और ऊर्जा अंतर्निहित है। हमारे शास्त्रों में भी लिखा गया है की लक्ष्मी निष्क्रिय और निठल्ले लोगों का साथ नहीं देती, एवं निष्क्रिय लोगों के पास नहीं जाती है।

अब्राहम लिंकन ने भी कहा कि डर कमजोर दिमाग के निशानी है।, मनुष्य को डर अपने दिमाग से निकाल देना चाहिए, डर के परिणाम स्वरुप ही शंका पैदा होती है, और शंका व्यक्ति के मन में कमजोरी लाती है। डरा हुआ व्यक्ति हमेशा नकारात्मक विचारों वाला होता है और यही नकारात्मक विचार असफलता को जन्म देते हैं, गीता का भी ज्ञान है कि कर्म किए जा फल की इच्छा मत रख ए इंसान, आप स्वयं एक दिन कह उठेंगे भाग्य साहसी व्यक्ति का साथ देता है।

**संजीव ठाकुर, स्तंभकार, चिंतक, लेखक, रायपुर छत्तीसगढ़**

# रणछोड़ हैं या रण छेड़ रहीं हैं तीन देवियां ?

**दैनिक समाज जागरण**

नारीशक्ति वंदना के युग में मध्यप्रदेश भाजपा की महिला नेत्रियां विधानसभा चुनाव के रण से बाहर हो रहीं हैं या अपनी ही पार्टी के खिलाफ रण शुरू करने जा रहीं हैं ?फिलहाल भाजपा की तीन नेत्रियां अलग-अलग कारणों से जेरे बहस हैं ये एक ऐसा सवाल है जो पूर्व मुख्यमंत्री सुश्री उमा भारती और मप्र सरकार की मंत्री श्रीमती यशोधरा राजे सिंधिया के विधानसभा चुनाव न लड़ने की घोषणा के बाद जन्मा है। मप्र भाजपा में एक तीसरी बड़ी नेत्री पूर्व लोकसभा अध्यक्ष श्रीमती सुमित्रा महाजन भी चुनावी रण से बाहर कर दी गयीं हैं।

सिंधिया घराने की महिला सदस्य श्रीमती यशोधरा राजे सिंधिया आरम्भ से ही अपनी





माँ राजमाता विजयाराजे सिंधिया की राजनीतिक विरासत पर दावा करती आयीं हैं,लेकिन उन्हें भाजपा ने कभी राजमाता की लोकसभा सीट से लोकसभा में नहीं भेजा । उन्हें ग्वालियर सीट से जरूर लोकसभा का उप चुनाव लड़ाया गया था लेकिन बाद में उन्हें विधानसभा के चुनावों तक सीमित कर दिया गया । 1994 में प्रदेश की राजनीति में आयीं यशोधरा राजे सिंधिया अपनी बड़ी बहन श्रीमती बसुंधरा राजे की तरह भाग्यशाली नहीं है। उन्हें बीते तीन दशक में मध्यप्रदेश की सरकार में मंत्री बनने का सुख तो मिला लेकिन मुख्यमंत्री बनने का ख्वाब यदि इन्होने देखा भी हो तो कभी पूरा नहीं हुआ। यशोधरा राजे तीन दशक की अपनी राजनितिक यात्रा में पहले अपने भतीजे केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया के लिए समस्या रहीं । प्रदेश की सरकार ने भी उन्हें बेमन से झेला और जब ज्योतिरादित्य सिंधिया खुद भाजपा में आ गए तो उनकी पूछ-परख और कम हो गयी। यशोधरा अपनी राजनीतिक विरासत अपने बेटे अक्षय को भी नहीं सौंप पाने से निराश है। यशोधरा राजे की तीन संताने बताई जातीं है लेकिन लोगों को केवल अक्षय के बारे में ही जानकारी है क्योंकि शुरू में वे शिवपुरी आते-जाते थे। यशोधरा राजे के दूसरे बेटे अभिषेक और बेटी त्रिशला को कभी किसी ने देखा नहीं। वे दोनों शायद अमेरिका में ही रहते हैं और उनकी राजनीति में कोई दिलचस्पी भी नहीं है।

यशोधरा राजे सिंधिया ने स्वास्थ्य संबंधी कारणों से इस बार विधानसभा चुनाव न लड़ने का ऐलान किया लेकिन राजनीति से औपचारिक सन्यास की घोषणा नहीं की । इसका मतलब वे या तो लोकसभा चुनाव में प्रत्याशी बनाने के लिए आश्वस्त कर दी गयीं हैं या फिर उन्होंने पार्टी नेतृत्व का मूड भांप कर अपने आपको विधानसभा चुनाव से लग कर लिया है। पार्टी का भी धर्म संकट ये हैं कि वो एक ही परिवार से एक से ज्यादा लोगों को तवज्जो देता है तो उसके ऊपर परिवारवाद का आरोप लगता है। वैसे भी यशोधरा राजे सिंधिया पार्टी की न स्टार नेता हैं और न स्टार प्रचारक। वे एक विधानसभा सीट की नेता रहीं हैं। वे पार्टी के साथ रण छेड़ने की स्थिति में नहीं हैं ,क्योंकि उनके आगे-पीछे कोई जनाधार भी नहीं है।

भाजपा में यशोधरा राजे सिंधिया से पहले पूर्व मुख्यमंत्री उमा भारती भी पार्टी नेतृत्व के फैसलों को लेकर नाराज हैं। उनकी आवाज लगातार अनसुनी की जा रही है और अब तो प्रह्लाद पटेल को विधानसभा चुनाव मैदान में उतार कर पार्टी नेतृत्व ने उन्हें एक तरह से खारिज ही कर दिया ह। उमा जी अब शायद लोधियों की भी नेता नहीं मानी जा रहीं। उमा भारती ने अपनी राजनितिक विरासत अपने भतीजे को सौंपने की कोशिश की । उसे विधायक भी बनाया लेकिन बात ज्यादा आगे बढ़ी नहीं क्योंकि उन्हें पार्टी नेतृत्व का समर्थन नहीं मिल पाया। आज उमा भारती घायल सिंघनी की भांति दहाड़ रहीं हैं लेकिन अब उनके पास इतनी ऊर्जा नहीं बची है की वे भाजपा के मौजूदा नेतृत्व को ललकार कर एक बार फिर से भाजपा से बगावत कर सकें। हालाँकि भाजपा ने उनके समर्थक प्रीतम लोधी को पिछोर विधानसभा सीट से टिकिट जरूर दे दिया है।

एक जमाने में ग्वालियर के रानी महल की कृपा और संरक्षण से राजनीति में आंधी की तरह आयीं उमा भारती का अब रानी महल में भी कोई संरक्षक नहीं है । उनके मित्र संघ के पूर्व प्रचारक गोविंदाचार्य भी आरसे पहले संघ और पार्टी से खारिज किये जा चुके हैं। ऐसे में उमा भारती अपने आपको भाजपा में असहज महसूस कर रहीं हैं। लेकिन उनके लिए पार्टी में न अब कोई घर है और न घाट। अर्थात उनकी दशा बंजारों जैसी हो गयी है। अपने आचरण से वे मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान का विश्वास भी खो चुकीं हैं अन्यथा इस संकट के दौर में दोनों मिलकर कुछ खिचड़ी पका सकते थे। शिवराज सिंह चौहान भी पार्टी नेतृत्व की आँख की किरकिरी बनते नजर आ रहे हैं। पार्टी उनके चेहरे पर विधानसभा का चुनाव नहीं लड़ रही है। उनके विधानसभा चुनाव लड़ने और न लड़ने कोलेकर अभी तक संशय है।

उमा भारती पांच बार संसद रहीं ,चार बार केंद्र में मंत्री रहीं,उन्होंने ही 2003 के विधानसभा चुनाव में भाजपा को सत्ता में स्थापित कर दिखाया था और खुद मुख्यमंत्री बनी । पार्टी ने उन्हें उत्तर प्रदेश से भी लोकसभा और विधानसभा चुनाव लड़ने को कहा ,वो जितिन भी लेकिन अब एक लम्बे आरसे से वे हासिये पर हैं। 2014 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने उमा भारती को गंगा सफाई के लिए मंत्री बनाया और न जाने कब उन्हें इसी गंगा में तिरोहित भी कर दिया। उमा भारती के साथी रहे नरेंद्र सिंह तोमर आज भी चुनावी राजनीति में ठीके हुए हैं लेकिन उमा भारती का तम्बू उखड़ चुका है।

भाजपा में तीसरी शक्तिशाली नेता लोकसभा की पूर्व अध्यक्ष श्रीमती सुमित्रा महाजन उम्र के लिहाज से अब मार्गदर्शक मंडल में शामिल कर दी गयीं हैं लेकिन वे अभी भी अपने आपको चुनावी राजनीति के लायक मानती है। पार्षद से लोकसभा अध्यक्ष जैसे बड़े पद तक पहुंची सुमित्रा महाजन की भी आत्मा अतृप्त है क्योंकि अपनी लम्बी राजनीतिक पारी खेलने के बावजूद वे अपने बेटे मिलिंद को अपना राजनितिक उत्तराधिकार नहीं सौंप सकीं। यानि इस मामले में उनकी दशा भी उमा भारती और यशोधरा राजे जैसी ही है।सुमित्रा ताई के पुत्र मिलिंद महाराष्ट्रा ब्राम्हण सहकारी बैंक में गोलमाल के आरोपी हैं। अब भाजपा में उनके लिए कोई



जगह नहीं बची है।

नारी शक्ति वंदन कानून बनने के बाद मप्र भाजपा की जिन भाजपा नेत्रियों को सम्मान मिलना चाहिए था वे तीनों अपमानित होकर राजनीति से विदा लेती दिखाई दे रहीं हैं या उन्हें राजनीति से जबरन विदा किया जा रहा है। अब भाजपा को अपनी नारी नेत्रियों की शक्ति की वंदना करने में लज्जा अनुभव हो रही है। लेकिन दुर्भाग्य ये है कि इन तीनों में से एक भी पार्टी नेतृत्व के खिलाफ रण छेड़ने की स्थिति में नहीं है। नेतृत्व के समाने आत्मसमर्पण करना ही इनकी नियति है। 2023 के विधानसभा चुनावों में भाजपा इन तीन देवियों के बाद किन्हें प्रतिष्ठित करता है ये अभी तक स्पष्ट नहीं है क्योंकि भाजपा ने अभी तक जितने भी प्रत्याशी घोषित किये हैं उनमने एक भी चर्चित महिला चेहरा नहीं है।

**@ राकेश अचल**

# पूर्वजों को श्रद्धांजलि देना ही श्राद्ध है

**दैनिक समाज जागरण**

हिन्दू धर्म में माता-पिता की सेवा को सबसे बड़ी पूजा माना गया है। इसलिए हिंदू धर्म शास्त्रों में पितरों का उद्धार करने के लिए पुत्र की अनिवार्यता मानी गई हैं। जन्मदाता माता-पिता को मृत्यु-उपरान्त लोग विस्मृत न कर दें। इसलिए उनका श्राद्ध करने का विशेष विधान बताया गया है। श्रद्धया इदं श्राद्धम, अर्थात जो श्रद्धा से किया जाये वही श्राद्ध है। श्राद्ध प्रथा वैदिक काल के बाद शुरू हुई और इसके मूल में इसी श्लोक की भावना है। उचित समय पर शास्त्र सम्मत विधि द्वारा पितरों के लिए श्रद्धा भाव से मन्त्रों के साथ जो दान-दक्षिणा आदि दिया जाय वही श्राद्ध कहलाता है। भाद्रपद मास की पूर्णिमा के दिन सूर्य के कन्या राशि में प्रवेश करने पर इस दिन इसे कनायत भी कहते हैं और इसी दिन से पितृ पक्ष शुरू होता है।

श्राद्ध हिन्दू धर्म में किया जाने वाला एक कर्म है। जो पितरों के प्रति श्रद्धा और कृतज्ञता अभिव्यक्त करने तथा उन्हें याद करने के निमित्त किया जाता है। इसके पीछे मान्यता है कि जिन पूर्वजों के कारण हम आज अस्तित्व में हैं। जिनसे गुण हमें विरासत में मिलें हैं। उनका हम पर न चुकाये जा सकने वाला ऋण हैं। पितरों की आत्मा की शांति के लिए पितृ पक्ष में जो तर्पण किया जाता है। उसके पीछे धार्मिक मान्यता है कि इससे पितरों को स्वर्ग प्राप्त होता है और उनकी आत्मा को शांति मिलती है। मंदिरों और नदियों के किनारे पितरों को तर्पण देने की सदियों से चली आ रही धार्मिक परम्परा आज भी अनवरत रूप से जारी है।

श्राद्ध सूक्ष्म शरीरों के लिए वही काम करते हैं, जो कि जन्म के पूर्व और जन्म के समय के संस्कार स्थूल शरीर के लिए करते हैं। इसलिए शास्त्र पूर्व जन्म के आधार पर ही कर्मकाण्ड में श्राद्धादि कर्म का विधान निर्मित करते हैं। सभी संस्कारों विवाह को छोडकर श्राद्ध ही ऐसा धार्मिक कृत्य है, जिसे लोग पर्याप्त धार्मिक उत्साह से करते हैं। विवाह में बहुत से लोग कुछ विधियों को छोड़ भी देते हैं। परन्तु श्राद्ध कर्म में नियमों की अनदेखी नहीं की जाती है। क्योंकि श्राद्ध का मुख्य उद्देश्य परलोक की यात्रा की सुविधा करना है।

भाद्रपद मास की पूर्णिमा से पितृ पक्ष शुरू होकर करीब 16 दिनों तक चलने वाले श्राद्ध में अश्विन मास की अमावस्या तक पितृ पृथ्वी पर वास करेंगे। इन 16 दिनों तक पितरों को प्रसन्न करने के लिए उन्हे यज्ञ, जल से तर्पण दिया जाएगा। इस दौरान पितरों की आत्मा की शांति के लिए जगह-जगह पिंडदान, नारायण बलि, जल तर्पण आदि कर्मकांड़ों से उन्हें प्रसन्न करने की कोशिश की जाती है।

आश्विन कृष्ण प्रतिपदा से लेकर अमावस्या तक ब्रह्माण्ड की ऊर्जा तथा उस उर्जा के साथ पितृप्राण पृथ्वी पर व्याप्त रहता है। धार्मिक ग्रंथों में मृत्यु के बाद आत्मा की स्थिति का बड़ा सुन्दर और वैज्ञानिक विवेचन भी मिलता है। पुराणों के अनुसार पितृपक्ष में जो तर्पण किया जाता है उससे वह पितृप्राण स्वयं आप्यापित होता है। पुत्र या उसके नाम से उसका परिवार जौ तथा चावल का पिण्ड देता है। उसमें से अंश लेकर वह अम्भप्राण का ऋण चुका देता है। ठीक आश्विन कृष्ण प्रतिपदा से वह चक्र उर्ध्वमुख होने लगता है। 15 दिन अपना-अपना भाग लेकर शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा से पितर उसी ब्रह्मांडीय उर्जा के साथ वापस चले जाते हैं। इसलिए इसको पितृपक्ष कहते हैं और इसी पक्ष में श्राद्ध करने से पित्तरों को प्राप्त होता है।

श्राद्ध का वैज्ञानिक पहलू भी है। वेदों में, दर्शन शास्त्रों में, उपनिषदों एवं पुराणों आदि में हमारे ऋषियों-मनीषियों ने इस विषय पर विस्तृत विचार किया है। श्रीमद्भागवत गीता में भी स्पष्ट रूप से बताया गया है कि जन्म लेने वाले की मृत्यु और मृत्यु को प्राप्त होने वाले का जन्म निश्चित है। यह प्रकृति का नियम है। शरीर नष्ट होता है मगर आत्मा कभी भी नष्ट नहीं होती है। वह पुनः जन्म लेती है और बार-बार जन्म लेती है। इस पुनः जन्म के आधार पर ही कर्मकाण्ड में श्राद्धदि कर्म का विधान निर्मित किया गया है।

पुराणों में इसके आयोजन को लेकर कई कथाएं हैं। जिसमें कर्ण के पुनर्जन्म की कथा काफी प्रचलित है। हिन्दू धर्म में सर्वमान्य श्री रामचरित में भी श्री राम के द्वारा राजा दशरथ और जटायु को गोदावरी नदी पर जलांजलि देने का उल्लेख है। भरत के द्वारा दशरथ हेतु दशगात्र विधान का उल्लेख भरत कीन्हि दशगात्र विधाना तुलसी रामायण में हुआ है । भारतीय धर्मग्रंथों के अनुसार मनुष्य पर तीन प्रकार के ऋण प्रमुख माने गए हैं- पितृ ऋण, देव ऋण तथा ऋषि ऋण। इनमें पितृ ऋण सर्वोपरि है। पितृ ऋण में पिता के अतिरिक्त माता तथा वे सब बुजुर्ग भी सम्मिलित हैं, जिन्होंने हमें अपना जीवन धारण करने तथा उसका विकास करने में सहयोग दिया। पितृपक्ष में हिन्दू लोग मन कर्म एवं वाणी से संयम का जीवन जीते हैं। पितरों को स्मरण करके जल चढ़ाते हैं। निर्धनों एवं ब्राह्मणों को दान देते हैं।

विष्णु पुराण के अनुसार दरिद्र व्यक्ति केवल मोटा अन्न, जंगली साग, फल और न्यूनतम दक्षिणा यदि वह भी ना हो तो सात या आठ तिल अंजलि में जल के साथ लेकर ब्राह्मण को देना चाहिए या किसी गाय को दिन भर घास खिला देनी चाहिए। अन्यथा हाथ उठाकर दिक्पालों और सूर्य से याचना करनी चाहिए कि हे प्रभु मैंने हाथ वायु में फैला दिये हैं, मेरे पितर मेरी भक्ति से संतुष्ट हों।

अपने पूर्वजों के निमित्त दी गई वस्तुएं सचमुच उन्हें प्राप्त होती हैं या नहीं, इस विषय में कुछ लोगों को संदेह है। हमारे पूर्वज अपने कमार्नुसार किस योनि में उत्पन्न हुए हैं। जब हमें इतना ही नहीं मालूम तो फिर उनके लिए दिए गए पदार्थ उन तक कैसे पहुंच सकते हैं? क्या एक ब्राह्मण को भोजन कराने से हमारे पूर्वजों का पेट भर सकता है? न जाने इस तरह के कितने ही सवाल लोगों के मन में उठते होंगे। वैसे इन प्रश्नों का सीधे-सीधे उत्तर देना सम्भव भी नहीं है। क्योंकि वैज्ञानिक मापदण्डों को इस सृष्टि की प्रत्येक विषयवस्तु पर लागू नहीं किया जा सकता। दुनिया में ऐसी कई बातें हैं। जिनका कोई प्रमाण न मिलते हुए भी उन पर विश्वास करना पड़ता है।

उल्लेखनीय है कि देश में श्राद्ध के लिए हरिद्वार, गंगासागर, जगन्नाथपुरी, कुरुक्षेत्र, चित्रकूट, पुष्कर, बद्रीनाथ सहित कई स्थानों को महत्वपूर्ण माना गया है। लेकिन गया का स्थान उसमें सर्वोपरि कहा गया है। गया में फल्गु नदी के किनारे श्राद्ध कर्म करना सबसे ज्यादा पुण्य प्रदान करने वाला माना जाता है। जो व्यक्ति गया में श्राद्ध करने जाता है उसको पूरे पितृ पक्ष वहीं रह कर श्राद्ध क्रिया पूरी करनी पड़ती है। गया में पिंडदान करने से सात पीढियों का उद्धार हो जाता है। गया जी को विश्व में पितरों की मुक्ति के लिए सर्वश्रेष्ठ तीर्थस्थल माना गया है। गया जी में पूरे साल पिंडदान किया जाता है।

शास्त्रों में पितरों के लिए पितृपक्ष के दौरान पिंडदान करने का अलग महत्व बताया गया है। मान्यता है कि गया जी में श्राद्ध कर्मकांड सृष्टि के रचना काल से शुरू है। वायुपुराण, अग्निपुराण तथा रूढ पुराण में गया तीर्थ का वर्णन है। भगवान ब्रह्मा ने पृथ्वी पर आकर फल्गु नदी में प्रेतशिला पर पिंडदान किया था। त्रेता युग में भी भगवान श्रीराम भी अपने पिता राजा दशरथ के मरणोपरांत फल्गु नदी के तट पर श्राद्ध, तर्पण, पिंडदान, कर्मकांड को कर पितृऋण से मुक्त हुए थे।

**लेखकः- रमेश सर्राफ धमोरा**

स्वामी मुद्रक एवं प्रकाशक रमन कुमार झा द्वारा सांई प्रिंटिंग प्रेस बी-42 सेक्टर 07 नोएडा से मुद्रित कराकर नियर दुर्गा पब्लिक स्कूल श्याम लाल कॉलोनी बरौला सेक्टर 49 नोएडा 201304, गौतमबुद्धनगर उत्तर प्रदेश से प्रकाशित।
संपर्क 9891706853, संपादक- रमन कुमार झा, समस्त विवादों का निपटारा गौतमबुद्धनगर न्यायालय मे होगा। Website: https://samajjagran.in/ Email: vatankiawaz@gmail.com UPHIN/2021/84200

# उत्तर प्रदेश राज्य हज कमेटी का कार्यालय सरोजनी नगर के हज हाउस में में शिफ्ट किया जाना पसमांदा मुसलमान के लिए परेशानी का सबब

**संवाददाता समर्थ कुमार सक्सेना**

लखनऊ। पसमांदा मुस्लिम समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष व पूर्व मंत्री अनीस मंसूरी ने कहा कि उत्तर प्रदेश राज्य हज कमेटी का कार्यालय सरोजनी नगर के हज हाउस में शिफ्ट किया जाना पसमांदा मुसलमानों के लिए बहुत ही परेशानी का सबब है। इस सम्बन्ध में अनीस मंसूरी ने देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, उत्तर प्रदेश की राज्यपाल, तथा मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को पत्र भेजा है।

अनीस मंसूरी ने कहा कि मुसलमानों की कुल आबादी का 85 प्रतिशत पसमांदा मुसलमान हैं,और हज यात्रियों में 90 प्रतिशत हज यात्री पसमांदा मुस्लिम समाज से होते हैं जो अपनी गाढ़ी कमाई का एक एक पैसा जमा कर के हज यात्रा पर जाते हैं, राज्य हज कमेटी के अध्यक्ष को अपने इस फैसले पर पुनः विचार करना चाहिए।

अनीस मंसूरी रविवार को अपने कार्यालय में आयोजित पत्रकार वार्ता में बोल रहे थे कि हज के आवेदन फॉर्म शुरू होने से लेकर हाजियों की वापसी तक हज कमेटी के कार्यालय में प्रदेश भर से लाखों लोग आते हैं। यह कार्यालय विधानसभा के सामने होने की वजह से हज यात्रियों को बहुत सुविधा होती है। यात्री बिना सड़क जाम में फंसे कम पैसों में कार्यालय पहुंच जाते हैं।

अनीस मंसूरी ने कहा कि हज कमेटी का ऑफिस सरोजनी नगर में शिफ्ट होने पर लोगों को बहुत दुशवारियां होंगी। यात्री कम से कम पांच जगह बड़े सड़क जाम में फसेंगे। साथ ही उनके समय और पैसों की भी बबार्दी होगी। मंसूरी ने कहा कि हज कमेटी कार्यालय को शिफ्ट करने का आदेश भले ही पूर्व




मुख्यमंत्री मायावती का है लेकिन जब मायावती को हाज यात्रियों की दुश्वारियों का पता चला तो उन्होंने अपने ही आदेश को लागू नहीं किया। मायावती के बाद समाजवादी पार्टी की सरकार बनी और अखिलेश यादव मुख्यमंत्री बने। अखिलेश यादव ने हज कमेटी कार्यालय के बगल में लोक भवन का निर्माण कराया लेकिन मुसलमानों की परेशानियों को देखते हुए उन्होंने हज कमेटी कार्यालय को वैसे ही रहने दिया। अनीस मंसूरी ने कहा कि राज्य हज कमेटी के अध्यक्ष शिया समुदाय से आते हैं और उनके समुदाय के आधा प्रतिशत से भी कम लोग हज करने जाते हैं। इस साल 26786 लोगों ने आवेदन किया जिसमें मात्र 120 लोग शिया समुदाय के थे। जबकि सुन्नी समुदाय के 23000 से अधिक लोग हज करने गए वहीं शिया समुदाय के मात्र 83 लोग ही हज करने गए। इससे भी दुखद बात यह है कि हमारे देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संसदीय क्षेत्र वाराणसी से मात्र 17 लोगों ने फॉर्म भरा जिसमें से मात्र सात लोग हज करने गए।

अनीस मंसूरी ने कहा कि पिछले 10 सालों का रिकॉर्ड देखा जाए तो कभी भी शिया समुदाय के इतने लोग हज करने नहीं गए जिस से 300 लोगों की एक फ्लाइट फुल हो जाती। अनीस मंसूरी ने कहा कि यह एक गंभीर चिंता का विषय है। हज कमेटी के अध्यक्ष को हज कमेटी कार्यालय सरोजनी नगर शिफ्ट करने के बजाय अपने समुदाय के शिया हज यात्रियों की संख्या बढ़ाने पर गौर करना चाहिए। अनीस मंसूरी ने कहा कि एक तरफ देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, आरएसएस के सुप्रीमो मोहन भागवत और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ 2024 के लोकसभा चुनाव को देखते हुए मुसलमानों को पार्टी से जोड़ने का काम कर रहे हैं, वही हज कमेटी के अध्यक्ष मुसलमानों में बीजेपी के लिए नफरत पैदा करने का काम कर रहे हैं। अनीस मंसूरी ने कहा कि प्रदेश में सबसे ज्यादा संख्या में सुन्नी समुदाय के लोग हज करने जाते हैं ऐसे में हज कमेटी का अध्यक्ष और सेंट्रल हज कमेटी आफ इंडिया में उत्तर प्रदेश से सदस्य सुन्नी समुदाय का ही होना चाहिए तभी वह सुन्नी समुदाय के मुसलमानों को सुविधा देने पर काम करेगा।

इस अवसर पर पसमांदा मुस्लिम समाज के प्रदेश अध्यक्ष वसीम राईनी कार्यवाहक प्रदेश अध्यक्ष खुर्शीद आलम सलमानी, प्रदेश सचिव हाजी शब्बन मंसूरी, जिला अध्यक्ष मोहम्मद रिजवान (पप्पू कुरैशी ) मौलाना इलियास मंसूरी के अलावा काफी लोग मौजूद थे।

# केदारनाथ मंदिर में सीएम योगी ने किया दर्शन-पूजन

**- जनता ने जय श्रीराम के नारे के साथ मुख्यमंत्री का किया अभिनंदन**

**- उत्तराखंड दौरे के तीसरे दिन सीएम ने बाबा केदारनाथ के दरबार में लगाई हाजिरी**

**- मुख्यमंत्री ने की देश और प्रदेशवासियों के सुख, समृद्धि और कल्याण की कामना**



रुद्रप्रयाग, 8 अक्टूबर। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को श्रीकेदारनाथ धाम पहुंचकर दर्शन-पूजन किया। तीन दिवसीय उत्तराखंड दौरे के अंतिम दिन सीएम योगी ने सुबह ही श्रीकेदारनाथ ज्योतिर्लिंग मंदिर में विधि-विधान के साथ पूजा की। इस दौरान बाहर खड़े हजारों लोगों ने एक सुर में जय श्रीराम के जयघोष के साथ मुख्यमंत्री योगी का भव्य अभिनंदन किया। केदारनाथ हैली पैड पर उनका स्वागत बद्री केदार मंदिर समिति के अध्यक्ष अजय अजयेंद्र, जिला पंचायत अध्यक्ष रुद्रप्रयाग अमरदेई शाह, भाजपा जिला अध्यक्ष महावीर पंवार, जिलाधिकारी डॉ सौरभ गहरवार, पुलिस अधीक्षक डॉ विशाखा समेत अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने पुष्पगुच्छ भेंट कर किया। वहीं पुरोहित समाज ने परंपरागत मंत्रोच्चारण के साथ उनका स्वागत एवं अभिनंदन किया। तीर्थ पुरोहितों से भेंट करने के बाद मुख्यमंत्री योगी जीएमवीएन अतिथि गृह में कुछ देर विश्राम किया। यहीं पर पार्टी कार्यकताओं एवं प्रशंसकों से भेंट करने के बाद मुख्यमंत्री योगी बाबा केदारनाथ के दर्शन कर देश और प्रदेश वासियों के सुख समृद्धि एवं जन कल्याण की कामना की। उनके साथ उत्तर प्रदेश के मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्रा, प्रमुख सचिव गृह संजय प्रसाद और प्रमुख सचिव पर्यटन मुकेश मेश्राम भी मौजूद रहे।

### - बहुत अच्छे ढंग से आगे बढ़ रहा केदारनाथ का नव निर्माण : योगी

# आस्था के साथ-साथ राष्ट्रीय एकात्मता के आधार हैं हमारे तीर्थस्थल : योगी आदित्यनाथ

**- बोले मुख्यमंत्री- नये भारत की नई आभा को प्रस्तुत कर रहे हैं श्री केदारनाथ और श्री बद्रीनाथ**

रुद्रप्रयाग, 8 अक्टूबर। हमारे तीर्थस्थल आस्था के साथ साथ राष्ट्रीय एकात्मता के आधार हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में विरासत के प्रति सम्मान का भाव नये भारत की नई आभा को प्रस्तुत कर रहा है। ये बातें उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को यहां श्री केदारनाथ मंदिर में दर्शन-पूजन के उपरांत कही। तीन दिवसीय उत्तराखंड दौरे के अंतिम दिन श्री केदारनाथ मंदिर पहुंचे योगी आदित्यनाथ ने कहा कि सन् 2013 में केदारपुरी एक आपदा की चपेट में चुकी थी, लेकिन स्थानीय लोगों के आत्मविश्वास और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दृढ़संकल्प और उनकी प्रेरणा व मार्गदर्शन से आज उत्तराखंड के



दोनों तीर्थ श्री केदारनाथ और श्री बद्रीनाथ नये भारत की नई आभा को प्रस्तुत कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि विरासत के प्रति सम्मान का भाव यही है। लाखों की संख्या में तीर्थयात्री यहां आ रह हैं, यह हमारे लिए एक नई प्रेरणा है। यह एक नये भविष्य की ओर हमारा ध्यान आकर्षित करती है। समयबद्ध ढंग से मानक की गुणवत्ता को बनाये रखते हुए पूरी तत्परता के साथ यहां कार्य चल रहा है। ये श्रद्धा का उमड़ता हुआ जनसैलाब नये भारत की नई तस्वीर को प्रस्तुत करता है। इसमें दृष्टि और दूरदर्शिता है। इसमें पर्यटन भी है और श्रद्धालुजन की जनआस्था का सम्मान का भाव है। इन सबको समेटे हुए केदारनाथ का नव निर्माण बहुत अच्छे ढंग से आगे बढ़ रहा है।

# किसानों की हर जरूरत को पूरा करने को तत्पर योगी सरकार

**रबी फसलों की अच्छी पैदावार के लिए योगी सरकार की रणनीति तैयार**

**खाद्यान्न व तिलहनी फसलों के तहत 448.66 मीट्रिक टन उत्पादन का लक्ष्य**

**उत्पादन व उत्पादकता में वृद्धि के लिए हो रहे निरंतर प्रयास**

**किसानों-वैज्ञानिकों को फील्ड विजिट या प्रशिक्षण के लिए भेजने का निर्देश**

लखनऊ, 8 अक्टूबरः योगी सरकार किसानों की हर जरूरत को पूरा करने को तत्पर है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन व सीएम योगी के कुशल नेतृत्व में रबी अभियान 2023 में खाद्यान्न व तिलहनी फसलों के उत्पादन व उत्पादकता को बढ़ाने की रणनीति तैयार कर ली है। योगी सरकार ने खाद्यान्न व तिलहनी फसलों के अंतर्गत 448.66 मीट्रिक टन उत्पादन का लक्ष्य तय किया है, जबकि 2022-23 में 427.83 मीट्रिक टन का उत्पादन हुआ था। वहीं योगी सरकार ने यह भी तय किया है कि अधिकतम उत्पादकता वाले जनपदों के प्रगतिशील किसानों के यहां अन्य जनपदों के किसानों, वैज्ञानिकों व अधिकारियों को फील्ड विजिट या प्रशिक्षण के लिए भेजा जाए।

### रबी 2023 के तहत 448. 66 लाख मीट्रिक टन के उत्पादन का लक्ष्य

रबी 2023 में खाद्यान्न व तिलहनी फसलों के अंतर्गत 134.85 लाख हेक्टेयर क्षेत्र आच्छादन व 448.66 लाख मीट्रिक टन उत्पादन का लक्ष्य है। किसानों की आय बढ़ाने के लिए योगी सरकार प्रतिबद्ध है। सरकार उत्पादकता-उत्पादन को बढ़ाने व उत्पादन लागत को कम करने पर कार्य कर रही है। रबी की फसलों की बोआई समय से करने पर भी जोर है। रबी 2023 के लिए निर्धारित कुल खाद्यनान्न उत्पादन के 428.77 लाख मीट्रिक टन व तिलहन उत्पादन के 19.90 लाख मीट्रिक टन (खाद्यान्न व तिलहन के कुल उत्पादन 448.66 लाख मीट्रिक टन के लक्ष्य) का फसलवार विवरण भी तैयार किया है। इसके तहत गेहूं के उत्पादन का लक्ष्य 397.80 लाख मीट्रिक टन है। जौ का 6.13 लाख मीट्रिक टन, चना का 9.71 लाख मीट्रिक टन, मटर का 8 लाख मीट्रिक टन व मसूर का 6.69 लाख मीट्रिक टन, राई सरसो का 19.50 लाख मीट्रिक टन उत्पादन लक्ष्य है।

रबी 2023 के लिए सरकार ने मुख्य पहलुओं पर बनाई रणनीति

रबी 2023 के लिए सरकार ने कई पहलुओं पर रणनीति बनाई है। इसके तहत योगी सरकार ने कृषि निवेशों की समय पर व्यवस्था करने, फसल उत्पादकता बढ़ाने के लिए कलस्टर अप्रोच, फसल प्रणाली केंद्रित हस्तक्षेप दलहन, तिलहन व न्यूट्रीसिरियल्स को केंद्र में रखते हुए, फसल सघनता में बढ़ोत्तरी, बीज प्रतिस्थापन दर व प्रजाति प्रतिस्थापन दर बढ़ाने और सिंचाई जल व पोषक तत्वों के उपयोग की क्षमता को बढ़ाने पर कार्य किया है।

### किसानों-वैज्ञानिकों को फील्ड विजिट या प्रशिक्षण के लिए भेजा जाए

रबी के महत्वपूर्ण फसलों के क्षेत्राच्छादन, उत्पादन व उत्पादकता में कई जनपदों में असमानता रही। फसलवार 2022-23 में नजर दौड़ाएं तो गेहूं की अधिकतम उत्पादकता शामली में हुई। यहां कुल 48.88 कुंतल हेक्टेयर उत्पादकता रही। वहीं जौनपुर में चना की उत्पादकता सर्वाधिक 21.41 कुंतल प्रति हेक्टेयर रही। मसूर में सुल्तानपुर (20.40 कुंतल प्रति हेक्टेयर), सरसो फिरोजाबाद व जौ की उत्पादकता मथुरा में सर्वाधिक रही। सरसो 25.05 कुंतल प्रति हेक्टेयर व जौ की उत्पादकता 37.30 कुंतल प्रति हेक्टेयर रही। योगी सरकार ने तय किया कि इन तथ्यों के आधार पर अधिकतम उत्पादकता वाले जनपदों के प्रगतिशील किसानों के यहां अन्य जनपदों के किसानों, वैज्ञानिकों व अधिकारियों को फील्ड विजिट या प्रशिक्षण के लिए भेजा जाए।.

# गांधी जयंती के उपलक्ष में राजकीय संप्रेषण गृह (किशोर) में किशोर न्याय समिति, माननीय उच्च न्यायालय इलाहाबाद के पायलट प्रोजेक्ट के क्रम में आयोजित हो रहे बाल मेले का हुआ समापन।

**गौतम बुद्ध नगर 08 अक्टूबर 2023**

किशोर न्याय समिति, माननीय उच्च न्यायालय इलाहाबाद के पायलट प्रोजेक्ट के क्रम में 2 अक्टूबर से गांधी जयंती के उपलक्ष में राजकीय संप्रेषण गृह किशोर गौतम बुद्ध नगर में सात दिवसीय बाल मेला (मेरा हुनर मेरी पहचान) कार्निवल 2023 के तहत योग, मेडिटेशन, खेल, थिएटर, पेंटिंग, वोकेशनल ट्रेनिंग आदि कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा था। जिला प्रोबेशन अधिकारी ने बताया कि सात दिवसीय बाल मेले का आज बच्चों के मध्य नृत्य व गायन प्रतियोगिता के साथ समापन समारोह आयोजित किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि प्रधान मजिस्ट्रेट किशोर न्याय बोर्ड गौतम बुद्ध नगर दिव्याकांत सिंह एवं स्वयंसेवी संगठन के पदाधिकारी



उपस्थित रहे। उन्होंने बताया कि सात दिवसीय बाल मेले का मुख्य उद्देश्य राजकीय संप्रेषण गृह किशोर गौतम बुद्ध नगर में निरुद्ध किशोर में उनकी रुचि के अनुसार स्किल डेवलपमेंट कर उन्हें समाज की मुख्य धारा से जोड़ना रहा। राकेश चौहान जिला सूचना अधिकारी गौतम बुद्ध नगर।

# भारतीय योग संस्थान नोएडा जिला 4: स्थापना दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।

**नोएडा समाज जागरण डेस्क।**

भारतीय योग संस्थान नोएडा जिला 4, क्षेत्र 2 ( सेक्टर 75) के हाइड पार्क योग साधना केंद्र के द्वारा स्थापना दिवस समारोह बहुत ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर केंद्र के साधकों को सभी अधिकारियों का मार्गदर्शन मिला।हा- इड पार्क सोसाइटी के साधकों द्वारा योग गीत, योग नृत्य, सरस्वती वंदना की बहुत ही सुंदर प्रस्तुति की गई। श्रेया जी द्वारा सुंदर मंच का संचालन किया गया।

इस अवसर पर संजय शर्मा, खंगर वाले शर्मा जी का सहयोग एवं निर्देशन देने का काम किया। आज विशेष रूप से चंद्र मोहन नागपाल , मैडम स्वदेश जी मौजूद रहीं।। हाइड पार्क की पूरी टीम एवं दर्शक गण और हमारे दूसरे केंद्रों से आए सभी योग प्रेमियों का भारतीय योग संस्थान ने हृदय से आभार व्यक्त किया है जिन्होंने समय से आकर प्रोग्राम को



सफल बनाने में अपने दायित्वों का सफल निर्वहन किया।

# यदि 500 वर्षों बाद श्रीराम जन्मभूमि वापस ली जा सकती है, कोई कारण नहीं कि हम सिन्धु वापस न ले पायें

लखनऊः 08 अक्टूबर, 2023 त्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी ने कहा कि सिंधी समाज भारत के सनातन धर्म का अभिन्न अंग है। सम-विषम परिस्थितियों से जूझते हुए सिंधी समाज ने अपने परिश्रम और पुरुषार्थ से सफलता प्राप्त की है। सिंधी समाज ने विपरीत परिस्थितियों में हिम्मत न हारते हुए शून्य से शिखर की यात्रा तय करने का उदाहरण प्रस्तुत किया है।

मुख्यमंत्री आज यहां सिंधी काउंसिल ऑफ इण्डिया (यूथ विंग), उत्तर प्रदेश द्वारा आयोजित ‘राष्ट्रीय सिंधी अधिवेशन’ के अवसर पर अपने विचार व्यक्त कर रहे थे। उन्होंने भगवान झूलेलाल की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। देश के 10 राज्यों से आए सिंधी समाज के प्रतिनिधियों ने मुख्यमंत्री जी का सम्मान किया। मुख्यमंत्री जी ने इस अवसर पर विभिन्न क्षेत्रों में विशिष्ट कार्य करने वाले सिंधी समाज की 06 विभूतियों को सम्मानित किया। इनमें बिलियड्र्स खिलाड़ी श्री पंकज आडवाणी, सांसद श्री शंकर लालवानी, समाजसेवी श्री राम जौहरानी, उद्यमी श्री एस0एन0 लधानी, श्री राजेश चन्दीरमानी और सुश्री सोनाक्षी नथानी शामिल थे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि हम सभी भगवान झूलेलाल जी के प्रति श्रद्धा और सम्मान का भाव व्यक्त करते हैं। भगवान झूलेलाल वरुण देवता के अवतार माने जाते हैं। सिन्ध की धरती पर अवतरित होकर उन्होंने मानव कल्याण का मार्ग प्रशस्त किया। उन्होंने आततायियों को भी अच्छे कार्य करने की प्रेरणा देते हुए समाज को नई दिशा दी। यही कारण है कि सिंधी समाज श्रद्धा व सम्मान के साथ भगवान झूलेलाल जी का स्मृति महोत्सव आयोजित करता है।

मुख्यमंत्री ने देश के आध्यात्मिक और सांस्कृतिक राज्य के रूप में प्रसिद्ध उत्तर प्रदेश में राष्ट्रीय सिंधी अधिवेशन में आए हुए सभी लोगों का स्वागत करते हुए कहा कि आज भी सिंधी समाज में राष्ट्रीयता का भाव कूट-कूट कर भरा हुआ है। उन्हें देश के अलग-अलग



उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी 08 अक्टूबर, 2023 को लखनऊ में राष्ट्रीय सिंधी अधिवेशन के अवसर पर भगवान झूलेलाल की प्रतिमा पर माल्यार्पण करते हुए।

भागों में सिंधी समाज के अनेक कार्यक्रमों में भाग लेने का अवसर मिला है। सिंधी समाज ने धार्मिक कार्यक्रमों के माध्यम से सामाजिक चेतना जागृत करने, सनातन धर्म के मूल्यों की रक्षा करने, भारत की राष्ट्रीयता को मजबूती प्रदान करने तथा व्यापार में शून्य से शिखर की यात्रा को आगे बढ़ाने का कार्य जिस मजबूती से किया है, वह अभिनन्दनीय है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि यह अधिवेशन उत्साह व उमंग के साथ आयोजित हो रहा है। इसमें समाज की प्रगति के साथ ही विभिन्न मुद्दों पर चिन्तन-मनन किया गया है और भावी कार्ययोजना को आगे बढ़ाया गया है। विभिन्न राज्यों से 225 से अधिक प्रतिनिधि यहां उपस्थित हुए हैं। एक तरफ इस अधिवेशन में समाज की उपलब्धियों पर चर्चा हो, दूसरी तरफ हमने क्या खोया और किन कारणों से खोया, इस पर भी चिन्तन होना चाहिए। समाज की प्रगति के दौरान यदि कोई कमी रह गई हो, तो उसका परिमार्जन भी इस अधिवेशन के माध्यम से होना चाहिए। बुराई का परिमार्जन करने वाला समाज जब अच्छाई के मार्ग का अनुसरण करते हुए आगे बढ़ता है, तो वह लम्बी यात्रा तय करता है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि भारत में रहने वाला सिंधी समाज देश में पूरी तरह रच-बस गया है। वह पहले भी अखण्ड भारत का हिस्सा था। सिंधी समाज देश के दुर्भाग्यपूर्ण विभाजन से सर्वाधिक प्रभावित हुआ, लेकिन वह फिर से खड़ा हुआ और आज तेजी के साथ अपनी यात्रा को आगे बढ़ा रहा है। विपरीत परिस्थितियों में हिम्मत न हारने की यह शानदार यात्रा है। वर्ष 1947 में हुए देश के विभाजन को रोका जा सकता था। भारत का एक बड़ा भू-भाग पाकिस्तान के रूप में अलग हो गया। आज भी विभाजन की त्रासदी आतंकवाद के रूप में दिखायी देती है। यह देश का सौभाग्य है कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में भारत में आतंकवाद अन्तिम सांसे गिन रहा है। कोई भी सभ्य समाज आतंकवाद, उग्रवाद या किसी भी प्रकार की अराजकता को मान्यता नहीं दे सकता।

मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारे धर्मग्रन्थ इस बात की निरन्तर प्रेरणा देते हैं कि मानवता के कल्याण का मार्ग प्रशस्त करने के लिए किसी भी दुष्प्रवृत्ति को पूरी तरह समाप्त करना ही होगा। भगवान झूलेलाल और भगवान श्रीकृष्ण यही प्रेरणा देते हैं कि हमें सज्जनों का संरक्षण भी करना है और दुर्जनों को समाप्त भी करना है। ईश्वरीय अवतार मानव कल्याण का मार्ग प्रशस्त करने के लिए ही होते हैं। सिंधी समाज सदैव इस बात को मानता रहा है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि सिंधी समाज भारत में एक सुखद और अच्छे माहौल में प्रगति के कीर्तिमान स्थापित कर रहा है। यह हमारी जिम्मेदारी है कि समाज के साथ-साथ राष्ट्र को भी मजबूती प्रदान करें। वर्ष 1947 जैसी त्रासदी फिर न हो, यह हमारा संकल्प होना चाहिए। हमारी पहली प्राथमिकता ‘राष्ट्र प्रथम’ होनी चाहिए। राष्ट्र की एकता और अखण्डता के साथ खिलवाड़ करने की छूट किसी को नहीं दी जानी चाहिए। हमें यह ध्यान रखना होगा कि देश है तो धर्म है, धर्म है तो समाज है और समाज है तो हमारा अस्तित्व है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि आज देश में विरासत के संरक्षण के अनेक कार्य हो रहे हैं। लखनऊ से अयोध्या की दूरी बहुत ज्यादा नहीं है। अयोध्या में 500 वर्षों बाद भगवान श्रीराम के भव्य मन्दिर का निर्माण हो रहा है। प्रधानमंत्री जी की प्रेरणा से काशी में श्री काशी विश्वनाथ धाम जगमगा रहा है। यह विरासत का ही सम्मान है। अधिवेशन में अलग-अलग राज्यों से लोग आए हैं। वे सभी अयोध्या, श्री काशी विश्वनाथ धाम, माँ विन्ध्यवासिनी धाम तथा प्रयागराज की यात्रा करें। प्रदेश में बहुत कुछ नया हो रहा है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि सिंधी समाज को अपनी वर्तमान पीढ़ी को अपने इतिहास, मूल्यों तथा आदर्शों से सतत परिचित कराने की आवश्यकता है। समाज आपस में जुड़े यह अच्छी बात है। साथ ही, यह राष्ट्र को जोड़ने का माध्यम बनना चाहिए। उन्होंने कहा कि यदि 500 वर्षों बाद श्रीराम जन्मभूमि वापस ली जा सकती है, कोई कारण नहीं कि हम सिन्धु वापस न ले पायें।

इस अवसर पर सिंधी काउंसिल ऑफ इण्डिया (यूथ विंग) उत्तर प्रदेश के पदाधिकारियों सहित विभिन्न राज्यों से आए सिंधी समाज के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

# भारतीय योग संस्थान के द्वारा शुद्धि क्रियाओं का सफल आयोजन नोएडा सेक्टर 31 में।

**समाज जागरण डेस्क नोएडा**

नोएडा सेक्टर 31 स्थित भारतीय योग संस्थान के योग साधना केन्द्र सी-ब्लॉक में शुद्धि क्रिया अभ्यास का सफल आयोजन किया गया। जिसमें कुंजल रबर नेती सूत्र नेती लोटा जल नेती आई वाश का अभ्यास किया गया। बड़ी संख्या मे योग साधक साधिकाओं ने विशेषज्ञों के देख-रेख में इस अभ्यास को किया।

भारतीय योग संस्थान के वरिष्ठ योग साधक व



नेचुरोपैथी एवं एक्यूप्रेशर विशेषज्ञ श्री रामाकांत द्विवेदी ने समाज जागरण को बताया कि शुद्धि क्रियाओं में जल नेती , रबर नेती, सूत्र नेती, कुंजल क्रियाओं का अभ्यास भारतीय योग साधना केंद्रों पर कराया जाता है। इन क्रियाओं के करने से मौसम परिवर्तन के समय भी साधना करने में कोई बाधा नहीं आती है। कारण साधक का स्वशन तंत्र, पाचन तंत्र सुदृढ़ हो जाता है। कफ और पित्त दोष समाप्त हो जाता है। प्राणायाम ठीक तरह से होता है। इस प्रकार शुद्धि क्रियायों का अभ्यास साधना को उच्च स्तरीय बनाने में मदद मिलती है। शरीर की अशुद्धियां दूर हो जाती हैं। यह विशेषज्ञों के देखरेख मे ही करना चाहिए।


## आवश्यकता है

देश में तेजी से फैलते हिंदी दैनिक समाज जागरण अखबार को भोजपुर (आरा),बक्सर व कैमूर जिले में ब्यूरो प्रमुख, विज्ञापन प्रतिनिधि, प्रखंड रिपोर्टर व क्राइम रिपोर्टर की आवश्यकता है।
वहीं रोहतास जिले के प्रखंड बिक्रमगंज, नासरीगंज, राजपुर, अंकोढी.गोला, डेहरी, नौहट्टा, शिवसागर, सासाराम व सुर्यपुरा में समाचार संकलन हेतु उक्त प्रखंडों में प्रतिनिधियों की भी जरूरत है। कृपया आप इस सम्पर्क सूत्र -: 9006265092, 6200504654 व 9801253445 पर सम्पर्क कर सकते हैं।

# ई रिक्शा में अज्ञात वाहन ने टक्कर मारी चालक सहित पांच लोग गंभीर रूप से घायल हो गए।

**अजमल हसन दैनिक समाज जागरण अफ़जलगढ़।**



थाना क्षेत्र में राष्ट्रीय राजमार्ग पर दो अलग-अलग घटनाओं में अज्ञात वाहन की चेपट में आकर पांच व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गए घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र व प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भर्ती कराया दो व्यक्ति को गंभीर हालत में हायर सेंटर रेफर कर दिया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के गांव कासमपुरगढी.निवासी मास्टर ईनाम खां अपने पुत्र अरहम के साथ ई रिक्शा से सरसों तेल निकलवाकर ग्राम बादीगढ वापिस आ रहे थे कि ग्राम राजनगर के समीप किसी अज्ञात वाहन ने पीछे से ई रिक्शा में टक्कर मारकर फरार हो गया। जिससे ई रिक्शा पलट गई। जिसमे रिक्शा चालक कमर आलम, मास्टर ईनाम खां व उनका पुत्र अरहम गम्भीर रूप से घायल हो गये। ग्रामीणों की मदद से घायलों को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कासमपुरगढी. मे भर्ती कराया गया। जहां ई रिकशा चालक कमर आलम की हालत गंभीर होने पर उसे हायर सेन्टर रैफर कर दिया है। वहीं धामपुर से लोहे के शटर लादकर कर धामपुर से कासमपुरगढी. आ रहे ई रिक्शा द्वारकेश शुगर मिल तिराहे पर छोटा पिकअप टक्कर मार कर फरार हो गया ई रिक्शा पलट जाने के कारण मौहल्ला बंदूकचियान धामपुर निवासी अजीम व जाहिद गम्भीर रूप से घायल हो गये जिन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अफ़जलगढ़ में भर्ती कराया गया है।

# किरतपुर की जनता राजधानी दिल्ली ट्रेन से आने व जाने से आज भी वंचित

**ब्यूरो शमीम अहमद सिद्दीकी दैनिक समाज जागरण बिजनौर**




किरतपुर 412 सप्ताह से सुख दुःख में धरने पर बैठे- तलहा मकरानी किरतपुर-- बसी किरतपुर रेलवे स्टेशन से रन थ्रो होकर निकल जाती सिद्धबली गढ़वाल दिल्ली एक्सप्रेस ट्रेन के स्टॉपेज की मांग को लेकर आज सत्याग्रह संकल्प अभियान संयोजक तलहा मकरानी एडवोकेट के नेतृत्व में 412 वा साप्ताहिक शांतिपूर्वक लगातार धरना दिया गया। पवित्र धरना स्थल से संयोजक तलहा मकरानी एडवोकेट समाजसेवी सत्याग्रही ने कहा प्रति सप्ताह केंद्रीय रेल मंत्री रेल मंत्रालय, चेयरमैन रेलवे बोर्ड व मण्डल मुरादाबाद व रेलवे बोर्ड को दिल्ली एक्सप्रेस ट्रेन के 6 मा ट्रायल स्टॉप पेज की मांग को लेकर डाक द्वारा रजिस्ट्री कर मांग की जाती है। माननीय केन्द्रीय रेल मंत्री, लोस चुनाव 2024 के नगीना, बिजनौर प्रभारी अश्विनी वैष्णव क्षेत्र की तीन लाख क्षेत्रीय जनता राजधानी दिल्ली एक्सप्रेस ट्रेन से आ जा नहीं सकती आप की सरकार की उपलब्धि चंद्रयान पर पहुंच गए बधाई हो परंतु क्षेत्र की जनता का दुर्भाग्य जहां का केंद्रीय रेल मंत्री क्षेत्र का प्रभारी हो और उनसे सत्याग्रह की टीम ने बिजनौर आगमन पर अनेकों बार दिल्ली एक्सप्रेस ट्रेन के ट्रायल ठहराव की मांग कर ली हो दिल्ली ट्रेन के स्टॉपेज की मांग को लेकर आज 412 वा शांतिपूर्वक सुख दुख में लगातार धरना दिया जा रहा है संसद में दो बार क्षेत्रीय सांसद ने प्रश्नकाल में मांग उठ चुकी हो मा.उच्च न्यायालय इलाहाबाद में जनहित याचिका दायर की जा चुकी है यह सरकार की कैसी राजनीति है जहां जनता की मूल भूत ट्रेन की सहूलियत पहुचाने में इतना समय लगाया जा रहा हो।

बसी किरतपुर रेलवे स्टेशन को सिद्धबली गढ़वाल दिल्ली एक्सप्रेस ट्रेन का 6 माह ट्रायल स्टॉपेज देकर क्षेत्र जनता को दिल्ली आने और जाने की सहूलियत व आराम पहुंचने की कृपया करे।

धरने के पश्चात केंद्र रेल मंत्री के नाम ज्ञापन स्टेशन मास्टर ऋषि पाल को दिया गया आ पीफ बिजनौर के इंचार्ज अशोक कुमार जीआरपीएफ के इंचार्ज धरने की निगरानी में मौजूद रहे। धरने मे आज संयोजक तलहा मकरानी एडवोकेट समाजसेवी, नन्हा आनदोलनकारी सुल्तान याहया, इमरान सिददीकी, आदि रही

# पश्चिमी उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के तत्वाधान में व्यापारी महापंचायत का आयोजन किया गया

**ब्यूरो शमीम अहमद सिद्दीकी दैनिक समाज जागरण बिजनौर**



नजीबाबाद पश्चिमी उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मण्डल के तत्वावधान मे दिनांक7-10-23 नगर नजीबाबाद के सुरेश ग्रेण्ड पैलेस कोटद्वार रोड़ नजीबाबाद मे व्यापारी महापंचायत का आयोजन किया गया कार्यक्रम की अध्यक्षता श्री एस पी मित्तल वरिष्ठ उधोगपति एवम् संचालन श्री मुकुल अग्रवाल प्रदेश महामंत्री पश्चिमी उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मण्डल ने किया कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्री सोमेन्द्र तोमर जी उर्जा राज्यमंत्री उत्तर प्रदेश सरकार तथा अति विशिष्ठ अतिथि , श्री प्रवीन रंजन सिंह जी अपर पुलिस अधिक्षक नगर बिजनौर तथा विशिष्ट अतिथि , डॉ रचना पाल जी सदस्य उ० प्रे० अधीनस्थ सेवा आयोग, श्री इ० मुअज्जम जी नगरपालिका अध्यक्ष नजीबाबाद, श्री सूर्यमणि रघुवंशी जी संपादक/वरिष्ठ पत्रकार चिंगारी बिजनौर ,श्री सी०पी० सिंह जी वरिष्ठ भाजपा नेता बिजनौर, श्री रंजीत सिंह,अनूप सिंह, राजीव अग्रवाल, श्रीमति रविता राठी जिला महिला कल्याण अधिकारी बिजनौर व कार्यक्रम संयोजक श्री अवनीश अग्रवाल जी टाण्डे वाले उद्योगपति प्रयाण इस्पात , श्री पवन अग्रवाल जी उद्योगपति सिद्धबली सरिया श्री युनुस कुरैशी जी समाजसेवी ,श्री लवी अग्रवाल जी प्रदेश मंत्री पश्चिमी उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मण्डल,श्री भाविक मित्तल जी समाजसेवी उपस्थित रहें मुख्य अतिथि डॉक्टर सोमेंद्र तोमर ऊर्जा राज्य मंत्री ने व्यापारी सम्मेलन को संबोधित करते हुये कहा की संगठित होकर अपने अधिकारों के प्रति जागरूक होकर व्यापारी काम करे सरकार आपके साथ है

मुकुल अग्रवाल ने सभा को ऊर्जा मंत्री जी ने कहा की मेरे देर से आने के बाद भी इतनी अधिक संख्या में व्यापरियों का देर रात तक रुकना पश्चिमी उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल की सक्रियता को प्रमाणित करता है ऊर्जा मंत्री ने प्रदेश महामंत्री मुकुल अग्रवाल को आश्वासन दिया की मै आपकी मांगों को मुख्यमंत्री के समक्ष रख कर सभी मांगों को पूरा कराने का प्रयास करूगा पश्चिमी उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल की तारीफ करते हुये कहा की यही व्यापार मंडल व्यापरियों के हित की बात करता है प्रदेश महामंत्री मुकुल अग्रवाल ने संबोधित करते हुए कहा कि पश्चिमी उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मण्डल अराजनैतिक व्यापारी संगठन है और हमारे संगठन मे विभिन्न मंचों से व्यापारी हितो और मानसम्मान के लिए बुलंद आवाज उठाई जाती रही है हमारे संगठन मे भूमाफिया अनैतिक कार्यकरने वाले गरीबों और असक्षम लोगो का हक मारने व उनका उत्पीड़न करने वालो के लिए कोई स्थान नही है इस कार्यक्रम मे श्री योगीआदित्यनाथ जी माननीय मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश सरकार को माननीय मंत्री जी के द्वारा व्यापारियों व जनहित की कई मांगों के संबंध मे एक ज्ञापन सौपा गया ज्ञापन मे प्रमुखता से वाणिज्य विधिक दरों को कम करने मंडी समिति शुल्क को समाप्त करने व्यापारी कल्याण बोर्ड मे व्यापारी संगठनों को सदस्य मनोनीत करने व्यापारी दुर्घटना बीमा राशी को बढाकर 20 लाख करने व्यापारी पेशन शुरू करने तथा गंगा एक्स्प्रेसवें को जनपद बिजनौर को जनपद से जोडने तथा छोटे व्यापारी ठेले रेहडी पटरी वाले आदि को अतिक्रमण के नाम पर अनावश्यक रूप से उत्पीड़न न करने व बिजनौर मेरठ वाया हस्तिनापुर रेलवे लाईन स्वीकृत करने तथा कस्बा झालू राजाका ताजपुर गंज बास्टा मे पुलिस थाना बनाये जाने के संबंध मे ज्ञापन सौपा गया

सरदार संवत सलूजा प

प्रदेश उपाधयक्ष जावेद रहमान शमशी मण्डल प्रभारी, विनीत राजपूत प्रदेश सहकोषाअध्यक्ष,जिलाध्यक्ष सत्यकाम विश्नोई जिला मीडिया प्रभारी रणवीर सिंह निराला ,हाजी साजिद,अमित गुप्ता तसलीम इदरीशी , प्रशांत गुप्ता जिला महामंत्री शोभित मित्तल जिलाअध्यक्ष युवा, मोनिका रूस्तम यादव प्रदेश महामंत्री महिला, शोभा शर्मा अमित अग्रवाल,गौरव गोयल, रीना अग्रवाल संध्या गुप्ता अलिशा हुसैन सिद्दीकी आयशा सिद्दीकी रूकैया अंसारी राजन टण्डन गोल्डी विपिन राज चौहान शाकिर शालू हितेन्द्र सिंह मोन्टू , गायत्री निराला आदि की गरिमामयी उपस्थिति रही

# आगामी त्योहारों को लेकर कोतवाली परिसर में बैठक:शांति व्यवस्था बनाए रखने पुलिस ने क्षेत्र के लोग से अपील

**अजमल हसन**
**दैनिक समाज जागरणअफ़जलगढ़।**



थाना कोतवाली परिसर में आगामी त्यौहारों के मद्देनजर शांति समिति की एक आवश्यक बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें क्षेत्र के गणमान्य व्यक्तियों ने भाग लिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार बैठक की अध्यक्षता कर रहे सीओ शुभ सूचित ने शांति समिति की बैठक में जन प्रतिनिधियों एवं क्षेत्र वासियों को संबोधित करते हुए कहा कि आगामी त्यौहारों नवरात्रों , नवदुर्गा ,दशहरा रामलीला मंचन ,राम बारात आदि को सौहार्द शांति एवं भाईचारे से मनाने का आह्वान किया । बैठक को संबोधित करते हुए कोतवाली प्रभारी निरीक्षक योगेन्द्र सिंह ने कहा कि सभी धर्म का त्यौहार भाईचारे के प्रतीक होते हैं अफजलगढ़ क्षेत्र हमेशा शांतिप्रिय क्षेत्र रहा है यहां पर सभी समुदाय के लोग एक दूसरे के त्योहारों को सम्मान करते हुए भाईचारा और सुहाग को साथ में मनाते हैं आगमित्र त्योहारों में इसी प्रकार की कोई नई परंपरा कायम नहीं की जाएगी यदि किसी कानून के साथ खिलवाड़ किया तो उसको बक्शा नहीं जाएगा। क्षेत्र के प्रत्येक गांवों से आये जैन प्रतिनिधियां एवं गणमान्य व्यक्ति से राय ली गई यदि कहीं कोई समस्या है तो उसका निस्तारण करने का भी आश्वासन दिया गया। इस अवसर पर सीओ शुभ सूचित, प्रभारी निरीक्षक योगेन्द्र सिंह,एसआई, विनोद कुमार, संदीप सिंह ,एसआई मुकेश कुमार, पूर्व विधायक शेख सुलेमान, पूर्व चेयरपर्सन सलीम अंसारी, चेयरपर्सन जावेद विकार, शेख इरशाद हुसैन, प्रधान पति तसवार कुरैशी, एवं दोनों समुदायों के धर्म गुरू एवं ग्राम प्रधान तथा गणमान्य व्यक्ति मौजूद थे।

# कांग्रेस एफछढ से सींचेगी वोटों की फसल, 16 अक्टूबर से शुरू करेगी जन आंदोलन

जयपुर. राजस्थान के विधानसभा चुनाव में इस बार ईस्टर्न राजस्थान कैनाल प्रोजेक्ट (एफ्छढ) पूर्वी राजस्थान में सबसे बड़ा मुद्दा बनता नजर आ रहा है. लिहाजा कांग्रेस अपने चुनाव अभियान का आगाज पूर्वी राजस्थान से इस मुद्दे से ही करेगी. पार्टी ने 16 अक्टूबर से ईआरसीपी पर बीजेपी के खिलाफ



वादा खिलाफी यात्रा निकालने का आज ऐलान कर अपने मंसूबे साफ कर दिये हैं. कांग्रेस पार्टी के पदाधिकारियों की पूर्वी राजस्थान के नेताओं के साथ आज हुई मैराथन बैठक के बाद उन्होंने बीजेपी के खिलाफ जन आंदोलन का ऐलान कर दिया है.

कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी सुखजिंदर रंधावा ने बीजेपी पर आरोप लगाते हुए कहा कि उसने ईआरसीपी पर राजस्थान की जनता को गुमराह किया है. राज्य सरकार ने ईआरसीपी के लिए बजट आवंटित किया है. इस पर काफी काम भी हो रहा है. लेकिन केंद्र की सरकार ने वादाखिलाफी की है. उसे एक्सपोज किया जायेगा. जल शक्ति मंत्री गजेंद्रसिंह शेखावत राजस्थान के होने के बावजूद भी उसको उसका हक नहीं दिला पाये.

## गहलोत सरकार ने इस मुद्दे को अब तक जिंदा रखा है

वसुंधरा सरकार ने चंबल की सहायक नदियों के पानी को जमा कर कैनाल के जरिये पूर्वी राजस्थान के 13 जिलों में पेयजल और सिंचाई का पानी पहुंचाने के मकसद से ईआरसीपी की डीपीआर बनाई थी. उसके बाद 2018 में वसुंधरा राजे की सरकार सता से बाहर हो गई. लेकिन गहलोत सरकार ने इस मुद्दे को अब तक जिंदा रखा है. कांग्रेस पिछली बार इस इलाके से मिले बंपर समर्थन को बनाये रखने के लिए ईआरसीपी के जरिये वोटों की फसल काटने की तैयारी कर

# प्रयागराज विश्वविद्यालय के पूर्व छात्रों का सपरिवार सम्मेलन समारोहपूर्वक संपन्न

## पूर्व छात्रों ने स्टूडेंट लाइफ की यादें एक दूसरे से साझा की

**दैनिक समाज जागरण**




बिसौली आई एम खान। प्रयागराज विश्वविद्यालय के पूर्व छात्रों का 'सपरिवार सम्मेलन' समारोहपूर्वक कृष्णा लान में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में बरेली, गाजियाबाद, नोयडा, मैनपुरी, मेरठ सहित कई जनपदों के आईएएस व आईपीएस अधिकारियों ने शिरकत की। इलाहाबाद यूनिवर्सिटी के सभी पूर्व छात्रों ने स्टूडेंट लाइफ की यादें साझा कीं। कार्यक्रम के आयोजक विश्वविद्यालय के पूर्व छात्र व नगर के प्रसिद्ध व्यवसाई संजय गर्ग ने बताया कि समारोह के दौरान सभी पुराने साथी गर्मजोशी के साथ एक दूसरे से मिले। एसएसपी डा. ओपी सिंह ने सुरीली आवाज में गीत सुनाए तो पंडाल में मौजूद सभी अधिकारियों ने करतल ध्वनि से उत्साहवर्धन किया। इलाहाबाद विश्वविद्यालय के सभी पुराने छात्रों ने रात्रिभोज के दौरान भी अध्ययन काल के किस्से सुनाए। कार्यक्रम में आईजी बरेली डा. राकेश सिंह, अपर आयुक्त अरुण कुमार, मैनपुरी से राजेश चौरसिया आदि प्रमुखता से मौजूद रहे।

# नोएडा सेक्टर62: आयोजन समिति की बैठक में रामलीला की तैयारियों की समीक्षा की गई

**नोएडा। समाज जागरण डेस्क**



सेक्टर 62 के रामलीला मैदान में श्रीराम मित्र मंडल नोएडा द्वारा आयोजित होनेवाली श्रीरामलीला महोत्सव 2023 की तैयारियों की समीक्षा के लिए आज सेक्टर-९ स्थित समिति के कार्यालय में आयोजन समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में आयोजन समिति के सदस्यों ने निर्णय लिया है कि इस वर्ष सुरक्षा व्यवस्था, मंचन व्यवस्था, बैठने की व्यवस्था में सुधार किया जायेगा।

श्रीराम मित्र मंडल नोएडा के महासचिव मुन्ना कुमार शर्मा ने बताया कि मंच के निर्माण का कार्य जोरों से चल रहा है। मंच को पूरा भव्य बनाया जायेगा। तीन मंजिला मंच होगा।पुतला बनाने का भी काम चल रहा है। रावण,कुंभकरण,मेघनाद के अतिरिक्त सनातन धर्म के दुश्मनों का भी पुतला दहन किया जायेगा।

महोत्सव के दौरान सुरक्षा व्यवस्था को चाक-चौबंद करने के उद्देश्य से प्राइवेट सुरक्षा गार्ड के अतिरिक्त १०० स्वयंसेवक हमेशा तैनात रहेंगे। बैठक में समिति के चेयरमैन उमाशंकर गर्ग,अध्यक्ष धर्मपाल गोयल, महासचिव मुन्ना कुमार शर्मा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष सतनारायण गोयल,बजरंगलाल गुप्ता, राजकुमार गर्ग, तरुण राज,अनिल गोयल, पवन गोयल, मोतीराम गुप्ता,एस एम गुप्ता, सुधीर पौडवाल, ललित सिंघल, विनय हिन्दू, अर्जुन अरोड़ा,किशनलाल आदि उपस्थित थे।

श्रीराम मित्र मंडल रामलीला समिति हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी सेक्टर 62 के रामलीला मैदान में श्रीरामलीला मंचन का भव्य आयोजन कर रही है।

समिति के अध्यक्ष धर्मपाल गोयल ने बताया कि श्रीरामलीला महोत्सव और श्रीरामलीला मंचन का आयोजन 15 अक्टूबर से 25 अक्टूबर तक किया जाएगा।15 अक्टूबर को गणेश पूजन के साथ श्रीरामलीला मंचन शुरू होगा।

समिति के चेयरमैन उमाशंकर गर्ग ने बताया कि 19 अक्टूबर को श्रीराम बारात शोभायात्रा निकाली जायेगी।24 अक्टूबर को दशहरा उत्सव मनाया जायेगा एवं रावण, कुंभकरण और मेघनाद के पुतलों का दहन होगा।25 अक्टूबर को श्रीराम-भरत मिलाप के साथ ही श्रीरामलीला महोत्सव का समापन हो जाएगा।

# दोस्त की हत्या करने वाले दो आरोपियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

## एक पौव्वे के खातिर दोस्त ने दोस्त की जड़ दी थी हत्या

## पुलिस ने घटना का खुलासा करते हुए हत्यारें को भेजा जेल

**समाज जागरण,आलोक सिंह**



हरदोई। कासिमपुर थाना क्षेत्र में 30 वर्षीय युवक का शव पानी से भरे गड्ढे में पड़ा मिला था। जिसके सिर व चेहरे पर चोट के निशान मिले थे। रविवार को पुलिस ने घटना का खुलासा करते हुए बताया कि मृतक के दोस्तों ने ही उसकी पीट-पीटकर हत्या की थी। उसके बाद शव को पानी से भरे गड्ढे में डाल दिया था। पुलिस ने हत्या में शामिल दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

जानकारी के अनुसार बीते 3 अक्टूबर की रात में लगभग 30 वर्षीय सरवन कुमार पुत्र श्यामलाल मौर्य निवासी ग्राम कोड़री थाना कासिमपुर अपने घर से खाना खाकर वापस दुकान पर सोने चला गया था। सुबह सरवन अपनी दुकान पर नहीं मिला तो परिजनों ने काफी तलाश की और फिर गुमशुदगी दर्ज कराई थी। दो दिन बाद 5 अक्टूबर की शाम को सरवन का शव अपनी दुकान से कुछ दूरी पर पानी के गड्ढे में पड़ा हुआ मिला। जिसके सिर व चेहरे पर चोट के निशान थे। इस सनसनीखेज घटना के खुलासे के लिए एसपी केशव चंद गोस्वामी ने 03 टीमों को लगाया था। जिसके बाद पुलिस ने हत्या में नामजद आरोपी करन को थाना कासिमपुर के मौलवी खेड़ा तिराहे के पास से गिरफ्तार कर लिया। पता चला कि मृतक सरवन व अभियुक्त करन के बीच पुरानी रंजिश को लेकर विवाद चल रहा था। 3 अक्टूबर को मृतक सरवन कुमार ने गांव के ही एक व्यक्ति राजेश धानुक से शराब का पौव्वा लिया था। उसी रात में ही करन व राजेश के मृतक सरवन से शराब का पौव्वा वापस मांगने के कारण दोनों पक्षों में विवाद हो गया। साथ ही पूर्व में आरोपी करन ने गांव में ही एक चोरी की घटना की थी। जिसमें मृतक सरवन ने गांव में यह बता दिया था कि उक्त चोरी की घटना आरोपी करन ने की है। जिससे करन, सरवन से नाराज था। लेकिन पौव्वे की बात से उखड़ गया। इसके बाद राजेश और करन ने मिलकर सरवन कुमार के सिर व चेहरे पर डंडे से प्रहार कर उसकी हत्या कर दी और शव को छिपाने के लिए पानी के गड्ढे में डालकर ईंट से दबा दिया। पुलिस ने दूसरे आरोपी राजेश धानुक को भी मुखबिर की सूचना पर अमेहरा से चिराना जाने वाले मार्ग से पकड़ लिया। पुलिस ने दोनों ही आरोपियों को अलाकत्ल बरामद करते हुए जेल भेज दिया है।

# अंग्रेजी में गलत लिख दी सिंगापुर की स्पेलिंग, उच्चायुक्त ने दिलाया ध्यान, फिर ढउटउ ने सुधारी गलती




नई दिल्ली. सिंगापुर के उच्चायुक्त सिमोन वोंग ने एक 'साइनबोर्ड' पर अंग्रेजी में अपने देश के नाम की गलत वर्तनी लिखे जाने की ओर ध्यान दिलाया, जिसके बाद नई दिल्ली नगरपालिका परिषद (एनडीएमसी) ने अपनी गलती सुधार दी. इसके बाद वोंग ने एनडीएमसी का आभार व्यक्त किया.

वर्तनी में गलती के बारे में पूछे जाने पर एनडीएमसी के एक अधिकारी ने कहा, "पेंटर को गलत वर्तनी दी गई और उसने वही लिख दी. हम यह पता लगाने की कोशिश कर रहे हैं कि ऐसा कैसे हुआ. हालांकि, जैसे ही मामला सोशल मीडिया के माध्यम से हमारे संज्ञान में आया, हमने गलती सुधार दी."

इससे पहले दिन में, सिंगापुर के उच्चायुक्त ने साइनबोर्ड पर गलत वर्तनी की एक तस्वीर 'एक्स' पर साझा की और लिखा, "पहले वर्तनी जांच लेना हमेशा अच्छा होता है." राष्ट्रीय राजधानी में साइनबोर्ड पर पेंटिंग की देखरेख करने वाली एनडीएमसी ने 'एक्स' पर वोंग की पोस्ट का जवाब देते हुए लिखा, "आवश्यक सुधार किए गए हैं."

गलती ठीक होने के बाद वोंग ने 'एक्स' पर एनडीएमसी को धन्यवाद दिया. उन्होंने लिखा, "त्वरित सुधार के लिए धन्यवाद." उन्होंने साइनबोर्ड पर सही की गई वर्तनी की तस्वीर भी साझा की.

# शाहजहांपुर में भाईचारे की अनूठी मिसाल, सभी धर्मो के कलाकार मिलकर करते हैं रामलीला का मंचन

शाहजहांपुरः शहीदों की नगरी शाहजहांपुर को गंगा-जमुनी तहजीब के लिए जाना जाता है. यहां शहीद पंडित राम प्रसाद बिस्मिल, ठाकुर रोशन सिंह और अशफाक उल्ला खान की दोस्ती की मिसाल दी जाती है तो वहीं शाहजहांपुर में होने वाली श्री रामलीला का मंचन भी बेहद अनोखा है. ओसीएफ रामलीला मैदान में होने वाली श्री रामलीला मंचन में सभी धर्म के कलाकार बढ़ चढ़कर हिस्सा लेते हैं. शाहजहांपुर के ओसीएफ मैदान में 1965 से श्री रामलीला का मंचन होता चला आ रहा है. रामलीला मंचन की पूरी व्यवस्था ओसीएफ फैक्ट्री प्रबंधन की ओर से की जाती है और इस रामलीला मंचन में भाग लेने वाले ज्यादातर कलाकार भी ओसीएफ फैक्ट्री में काम करने वाले कर्मचारी ही हैं. 14 अक्टूबर से शुरू होने वाले श्री रामलीला मंचन से पहले कलाकार पूर्वाभ्यास कर रहे हैं. इस रामलीला मंचन में छोटे बड़े करीब 120 कलाकार हिस्सा लेते हैं.

## सभी धर्म के कलाकार करते हैं रामलीला मंचन

शाहजहांपुर की अनोखी रामलीला का मंचन अंकित सक्सेना के निर्देशन में किया जाता है. अंकित सक्सेना स्वयं रावण और भगवान शिव का किरदार निभाते हैं. इसके अलावा क्रिश्चियन धर्म से नाता रखने वाले पैट्रिक दास दशरथ और साधु रावण का किरदार पिछले करीब 32 वर्षों से निभाते चले आ रहे हैं.मुस्लिम धर्म से ताल्लुक रखने वाले अरशद आजाद पिछले 20 सालों से भगवान परशुराम का किरदार निभा रहे हैं, इसके अलावा सोहेल मोहम्मद विश्वामित्र का किरदार निभाते तो सिख धर्म से नाता रखने वाले सुखलाल सिंह अगस्त मुनि का रोल निभाते हैं. साथ-साथ भजन गायन भी करते हैं.

## नशीला पदार्थ पिलाकर लूट करने वाले गिरोह का पदार्फाश
# दो आरोपी गिरफ्तार, ट्रैक्टर-ट्राली बरामद

समाज जागरण ब्यूरो

हरदोई। पुलिस ने नशीली कोल्डड्रिंक या चाय पिलाकर लूटपाट करने वाले नशाखोरी गिरोह के दो लोगों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 28 सितंबर को सीतापुर रोड पर लूटी गई ट्रैक्टर-ट्राली बरामद करते हुए घटना का पदार्फाश किया है।गिरफ्तार आरोपियों के कब्जे से नशीला पाउडर और कुछ दवाए भी बरामद हुई है।इस घटना के खुलासे के लिए टड़ियावां पुलिस के अलावा स्वाट, एसओजी और सर्विलांस टीम ने कचनारी बार्डर पर बैरियर लगा कर दोनों को गिरफ्तार किया।



एसपी गोस्वामी ने रविवार को जानकारी देते हुए बताया कि टड़ियावां थाने के चिंतापुरवा मजरा भड़ायल निवासी रिंकू कुमार पुत्र राजाराम ने पुलिस को दी तहरीर में कहा था कि 28 सितंबर को बाइक सवार दो युवक उसके भाई से नैमिषारण्य के लिए भाड़े ट्रैक्टर-ट्राली तय कर के ले गए थे। वहां रास्ते में उसे कोई नशीली चीज खिला कर ट्रैक्टर-ट्राली के साथ मोबाइल, नगदी व कुछ कागजात लूट ले गए थे। एसपी गोस्वामी ने बताया कि इसके खुलासे के लिए उनके निर्देश पर दो टीमें लगाई गई थी। टड़ियावां पुलिस के अलावा स्वाट, एसओजी और सर्विलांस की टीम वारदात के खुलासे के लिए जुट गई।एएसपी पश्चिमी दुर्गेश कुमार सिंह और सीओ हरियावां शिल्पा कुमारी उस केस पर पूरी निगाह बनाए रहे। शनिवार को पता चला कि 28 सितंबर को लूटी गए ट्रैक्टर-ट्राली को ले कर भागने वाले दोनों शातिर उसे बेंचने की फिराक में है। इस पर पुलिस ने कचनारी बार्डर पर बैरियर लगा कर चेकिंग अभियान शुरू कर दिया। इसी बीच दो युवक आते हुए दिखाई दिए, जिन्हें रोका गया, लेकिन पुलिस को देखते ही दोनों भाग निकले। पुलिस की टीम ने दोनों को दौड़ा कर दबोच लिया। पुलिस की पकड़ में आने वाले अम्बरीश कुमार पुत्र शेष नारायण निवासी खजुर्रा थाना डेरापुर कानपुर देहात और उसी थाना डेरापुर के धुरियापुर गांव के सतीश पुत्र हरपाल बताए गए हैं। पुलिस ने गोमती नदी के किनारे छिपाई गई ट्रैक्टर-ट्राली के अलावा नशीला पाउडर और कुछ नशीली दवाएं बरामद की है। पुलिस की पकड़ में आए उन दोनों ने बताया है कि इसी तरह वे अपने गिरोह के साथ लखनऊ के दुबग्गा इलाके में ऐसी ही वारदात को अंजाम दे चुके हैं।

# भूमि विवादों का नही हो पा रहा निस्तारण दर दर को ठोकरें खाने को मजबूर फरियादी

समाज जागरण,कमलेश कुमार

मल्लावां ,हरदोई।मुख्यमंत्री के आदेश के बाद भी भूमि संबंधी विवादों का निस्तारण नहीं हो पा रहा है ।न्याय पाने के लिए फरियादियों को दर दर की ठोकरे खाते दिखाई दे रहे हैं ।

मल्लावां क्षेत्र के गांव बीकापुर निवासी कमलेश कश्यप के खेत पर पड़ोस के गांव के एक व्यक्ति के द्वारा कब्जा कर रखा गया है ।कई वर्षों से अधिकारियों के चक्कर लगा रहा है।एसडीएम के यहां से पैमाइश का आदेश हुआ। कानून गों ने पैमाइश कराकर निशान देही भी लगवा दी। जब कब्जा करने लगा तब विपक्षियों ने मना कर दिया तब कमलेश कोतवाली में पुलिस के पास फरियाद लेकर गए , तो कहा गया कि जो जमीन जोत रहा ,वही जोतेगा।और निराश होकर लौट गया।इसी के साथ पूरनमऊ निवासी अल्लाह रक्कू के घर को जाने वाली जमीन पर दबंग लोगों ने छप्पर डालने के लिए सामग्री जमा कर दिया वह लेट्रिन बना ली। कई बार अधिकारियों को प्रार्थना पत्र दिए लेकिन रास्ते को साफ नहीं कराया गया।

ग्राम दारापुर में अर्जुन लाल का श्री राम से खेत का विवाद चल रहा है। कई वर्षों से अर्जुन लाल के कब्जे में खेत है ।तथा चकबंदी न्यायालय से स्टे भी है ।उसके बाद भी दबंगों ने 4 अक्टूबर को खेत को जबरदस्ती जोत लिया । और मारा पीटा भी।जब कोतवाली अर्जुन लाल गए तो उसके लड़के को बंद कर दिया गया। देर रात छोड़ा गया ।उसके साथ भी न्याय नहीं दिया गया ।वह भी अधिकारियों की चौखट पर चक्कर लगा रहा है। ग्राम मल्हान पुरवा निवासी रामपाल ने मोतीलाल से 4 वर्ष पूर्व खेत खरीदा था। जिस पर कुछ लोग काबिज है। रामपाल थाना दिवस, तहसील दिवस, से लेकर डीएम के यहां तक फरियाद कर चुके ।यहां तक की रामपाल के अनुसार हल्का लेखपाल ने सुविधा शुल्क भी लिया कि खेत के नंबर को नाप कर तुम्हारा कब्जा करवा देंगे ।लेकिन आज तक खेत पर राम पाल काबिज नहीं हो पाया है ।इसी तरीके से पता नहीं कितने लोग मारे मारे फिर रहे हैं ।

जिनको आज तक न्याय नहीं मिल पाया है ।जबकि प्रदेश सरकार ने पुलिस व राजस्व विभाग को निर्देशित किया है कि जमीनी मामलों में मौके पर पहुंचकर तत्काल निस्तारण किया जाए। लेकिन जिम्मेदार देवरिया जैसी घटनाओं का इंतजार किया करते हैं।

# कोतवाली में दलालों का बोलबाला, जिम्मेदारों पर उठ रहे सवाल

समाज जागरण,कमलेश कुमार

मल्लावां ,हरदोई। प्रदेश सरकार के सख्त निदेशों के बाद भी कोतवाली में दलालों का दबदबा देखने को मिल रहा है। दलालों के आगे जिम्मेदार भी नतमस्तक हो जाते हैं। जबकि दलालो के द्वारा फरियाद से मोटी रकम वसूली जा रही है। और विभाग व दलालों के बीच बंदरबाट हो रहा है।ऐसे में पुलिस पर सवालिया उठ रहे है। जनपद से लेकर क्षेत्र में कोतवाली चर्चा में है।

आपको बता दें कोतवाली में सुबह 9 बजे से दलालों का प्रवेश हो जाता है। इसके साथ जिम्मेदारों की कुर्सियों के बराबर में कुर्सी डालकर दलाल अपना परचम लहरा रहे हैं।जब भी कोई पीड़ित अपनी फरियाद लेकर कोतवाली पहुंचता है।तब दलालों के द्वारा फरियादियों से मोटी रकम वसूल कर बंदरबाट करने का काम किया जाता है। कई मामले ऐसे आए जिसमे एनसीआर के नाम पर दोनों पक्षों से मोटी रकम वसूल की गई है। दलालों के द्वारा चोरी जैसे मामलों में अपराधियों को संरक्षण देकर उनसे मोटी रकम वसूली कराकर बटवारा किया जाता है।जबकि हाल ही में कस्बे में कई चोरियों का खुलासा पुलिस नहीं कर पाई। इसके साथ ही घरों दुकानों व मोबाइल और मोटरसाइकिल चोरी जैसी घटनाएं दिन प्रतिदिन देखने को मिली है।सवाल उठता है कि चोरों पर पुलिस दलालों के माध्यम से कितना मेहरबान बनी है। सुबह से कोतवाली में दलाल डेरा डालकर प्रार्थना पत्र देने वाले फरियादियों पर नजर रखते दिखाई देते हैं। बिना लेन देन के फरियादियों की समस्या का समाधान भी नहीं हो रहा है।

# कब्रिस्तान का ताला तोड़कर जबरिया मिट्टी दफनाने का प्रयास विफल

समाज जागरण संवाददाता

शाहाबाद, हरदोई। दूसरे व्यक्ति के कब्रिस्तान का ताला तोड़कर जबरिया अपने परिवार की मिट्टी दफन करने की दबंगई दिखाने वाले कुछ दबंग शिकायत पर पहुंची पुलिस को देखकर खुदी कब्र छोड़ कर फरार हो गए। पुलिस ने दबंगों को हिदायत दी है कि विवाद बढ़ने की कोशिश अगर की तो कड़ी कार्रवाई भगतनी पड़ेगी। पुलिस ने अपनी मौजूदगी में कब्रगाह के मालिक से ताला डलवाया। शाहाबाद कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला गिगियानी निवासी कदीर खान का मोहल्ला सैय्यद वाडा में पाली बाईपास पर कब्रिस्तान है। जहां पर उनके पुरखों की मिट्टी दफन होती चली आ रही हैं। रविवार को मोहल्ला गिगियानी निवासी आसिफ और गौरी पुत्रगण जाफर खान ने



उनके कब्रिस्तान का ताला तोड़ दिया और जबरिया कब्र खोदकर अपने परिवार की मिट्टी दफन करने का प्रयास करने लगे। कदीर खान के पुत्र ने जब उन्हें मना किया तो उपरोक्त दबंग गाली गलौज करते हुए जान माल की धमकी देने लगे। बात ज्यादा न बढ़े इसलिए कदीर के परिवरीजन तकबीम पुत्र ताहिर खान ने आसिफ और गौरी के खिलाफ कब्रिस्तान का ताला तोड़कर जबरिया उनके पैतृक कब्रिस्तान में अपने परिवार की मिट्टी दफनाने का प्रयास करने की एक तहरीर कोतवाली में दी। तहरीर मिलने के बाद जामा मस्जिद चौकी इंचार्ज विजय नारायण शुक्ला फोर्स बल के साथ मौके पर पहुंचे तो कब्र खोदते हुए आसिफ और गौरी खुद ही का कब्र छोड़कर फरार हो गए। चौकी इंचार्ज ने दबंग को कड़ी हिदायत दी और कहा कि विवाद की स्थिति न पैदा करें अन्यथा कार्रवाई के लिए पुलिस को मजबूर होना पड़ेगा। पुलिस ने कब्रिस्तान में तकबीम से नए तले डलवा दिए।

# श्रुतलेख एवं स्पेल बी प्रतियोगिता में बालिकाओं ने मारी बाजी

समाज जागरण संवाददाता

शाहबाद,हरदोई। ब्लॉक संसाधन केंद्र पर खण्ड शिक्षा अधिकारी के दिशा- निर्देशन में श्रुतलेख एवं स्पेल



बी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। विकास खण्ड के परिषदीय विद्यालयों से विद्यालय स्तर पर अच्छा प्रदर्शन करने वाले बच्चों ने इस प्रतियोगिता में प्रतिभाग किया।बाजी मारने वाली छात्राओं को प्रोत्साहित किया गया।

खण्ड शिक्षा अधिकारी अनिल कुमार झा ने बच्चों को प्रेरित करते हुए कहा कि आप लोगों के अंदर की प्रतिभाओं को निखारने के लिए इस तरह के आयोजन किये जा रहे हैं। विद्यालय स्तर के बाद अब विकास खण्ड स्तर पर जो बच्चे अच्छा प्रदर्शन करेंगे उनको जिला स्तर पर प्रतिभाग करने को भेजा जायेगा। एआरपी अभिषेक मिश्र ने कहा कि श्रुतलेख बच्चों के अंदर शुद्धता के साथ लिखने की क्षमता को विकसित करता है। एआरपी शिवम गुप्ता ने बताया की स्पेल बी के अंतर्गत बच्चों की अंग्रेजी में स्पेलिंग मजबूत होती है। समर्थ नोडल श्रीश चंद्र पांडेय ने भी बच्चों को बिना किसी भय के प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने को प्रोत्साहित किया। प्रतियोगिता का आयोजन सफलतापूर्वक किया गया। इसके बाद प्राप्त परिणामो के आधार पर उच्च प्राथमिक वर्ग से संविलयन विद्यालय सिकंदरपुर कल्लू की छात्रा सुभि पाल ने सर्वाधिक अंक पाकर प्रथम स्थान हासिल किया एवं उच्च प्राथमिक विद्यालय शाहाबाद देहात की छात्रा उमम ने द्वितीय स्थान हासिल किया। इसी प्रकार प्राथमिक वर्ग से प्राथमिक विद्यालय दलेलनगर से श्रुति देवी ने प्रथम स्थान हासिल किया एवं संविलयन विद्यालय सिकंदरपुर कल्लू की छात्रा सूर्या श्रीवास्तव ने द्वितीय स्थान हासिल किया।

इन विजताओं का नाम जिला स्तर पर प्रतिभाग करने के लिए भेजा गया। खण्ड शिक्षा अधिकारी अनिल कुमार झा ने कहा कि यह बच्चे जिला स्तर पर भी अच्छा प्रदर्शन कर विकास खण्ड को गौरवान्वित करेंगे। इसके अतिरिक्त प्रतियोगिता में संविलयन विद्यालय बारी की छात्रा आंशी शर्मा और प्राथमिक विद्यालय गढ़ेपुर के छात्र दयानंद ने संयुक्त रूप से तृतीय स्थान हासिल किया। उच्च प्राथमिक विद्यालय गहोरा से अमर वर्मा ने तृतीय स्थान हासिल किया। सभी विजाताओं को प्रशस्ति पत्र एवं पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर नोडल संकुल देवेंद्र पांडेय, अशोक सिंह, मो तैय्यब, अवनीश, गुलशन एवं छात्र छात्राओं के अभिभावक भी उपस्थित रहे।

### सीमा विवाद में घण्टो उलझी रही पुलिस
# संदिग्ध परिस्थितियों में महिला का शव नदी में उतराता मिला
## आखिरकार हरपालपुर पुलिस ने शव सहित कार्यवाई सवायजपुर पुलिस को सौंपी

समाज जागरण ब्यूरो सवायजपुर,

हरदोई।थाना क्षेत्र के बरहुली गांव के पास रविवार की सुबह रामगंगा नदी में एक महिला का संदिग्ध हालत में शव उतराता देख क्षेत्र में सनसनी मचा गयी।ग्रामीणों ने इसकी सूचना पुलिस को दी।मौके पर पहुंची पुलिस ने महिला के शव को नदी से निकालकर शिनाख्त कराने का प्रयास किया महिला के पास मिली एक पर्स में रखे आधार कार्ड से उसकी पहचान हो सकी।हालांकि सीमा विवाद को लेकर घण्टो पुलिस की कार्यवाई बाधित रही।आखिरकार सवायजपुर पुलिस को घटना की कार्यवाई सौंपी गई।



जानकारी के अनुसार बरहुली गांव के पास रविवार की सुबह रामगंगा नदी में एक महिला का शव संदिग्ध परिस्थितियों में उतराता मिलने से इलाके में सनसनी मचा गयी।प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार महिला के हांथ बंधे हुए थे।ग्रामीणों की सूचना पर हरपालपुर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को नदी से निकाला ।महिला के पास से एक पर्स में आधार कार्ड मिलने पर मीना पत्नी सर्वजीत निवासी बरसोहिया के नाम से शिनाख्त होने के बाद घटना स्थल को लेकर हरपालपुर व सवायजपुर पुलिस के बीच सीमा विवाद को लेकर मामला लगभग दो घण्टे तक उलझा रहा।आखिरकार हरपालपुर पुलिस ने सवायजपुर पुलिस को कार्यवाई सुपुर्द कर दी।महिला की सास रामश्री पत्नी स्वर्गीय बाबू सिंह ने सावायजपुर कोतवाली में पहुंचकर घटना की तहरीर दी।जिसमे बताया गया कि उसकी बहू मीना बिना बताए घर से दो दो तीन तीन दिन के लिए चली जाती थी।जब उसको मना किया जाता था तब वह गाली गलौज करती थी।तहरीर में कहा गया है कि मीना का पति गुजरात मे मजदूरी करता है।सास रामश्री ने कहा कि उसको बहुत कुछ समझाया लेकिन वह कभी बात नही मानती थी।आखिरकार पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया फिलहाल घटना के बारे में पुलिस जांच पड़ताल में जुटी हुई है।

# दो ट्रकों की भिड़ंत में एक ट्रक पलटा,दोनो के चालक बाल बाल बचे

समाज जागरण,कमलेश कुमार

मल्लावां ,हरदोई। शनिवार की देर रात मुख्य चौराहे पर दो ट्रक टकरा गए। जिसमें एक ट्रक पलट गया दोनों ट्रकों के चालक बाल बाल बच गए। गोरखपुर से खाद लाद कर फरुर्खाबाद की ओर जा रहा ट्रक जो बांगरमऊ से माधवगंज की ओर तरफ जा रहा था जिसका चालक रिशिपाल निवासी फरुर्खाबाद , दूसरा ट्रक गधे को खाने वाला दाना



लाद कर जगदीशपुर से खुर्जा जा रहा था। जो संडीला से कन्नौज की ओर जा रहा था ।इसका भी ट्रक चालक जसपाल निवासी एटा का था।मुख्य चौराहा पर ट्रक पहुंचे दोनो टकरा गए। टक्कर इतनी तेज थी कि एक ट्रक के पर कच्चे उड़ गए। वहीं दूसरा पलट गया। दोनों ट्रकों के चालक बाल बाल बच गए। समाचार लिखे जाने तक ट्रक अभी भी पलटा पड़ा था। दूसरे ट्रक को क्रेन की मदद से नगरवासियों ने एक तरफ करवाया है।

# नवागंतुक थानाध्यक्ष सोमपाल गंगवार ने सम्भाला चार्ज नवागंतुक थानाध्यक्ष अपराधों पर लगाएंगे अंकुश

समाज जागरण,अंकित यादव

हरदोई।तेज तर्रार पुलिस अधीक्षक केशव चंद्र गोस्वामी ने जनपद हरदोई में कानून व्यवस्था शांति व्यवस्था सुदृढ़ रखने के उद्देश्य से ला एंड ऑर्डर मेंटेन रहे इसके उद्देश्य से जनपद के कई थानों में फेरबदल किया जिसमें पुलिस अधीक्षक के द्वारा थाना अरवल सोमपाल गंगवार को जिम्मेदारी मिली जिसके बाद थाना अरवल के अंतर्गत क्षेत्र वासियों को कानून व्यवस्था एवं शांति व्यवस्था चुस्त-दुरुस्त रहने की उम्मीद की आस जगी ' बताते चले पूर्व में थानाध्यक्ष



रहे श्यामू कनौजिया के कार्यकाल में चोरियां सहित कई अहम घटनाओं का खुलासा नहीं हो पाया था एवं पूर्व में रहे गंभीर अपराधियों के साथ उठना बैठना व क्षेत्र में मिट्टी खनन में भी भारी तेजी आई थी जानकार लोगों की माने तो अंतर्जनपदीय तबादले के बाद शुक्रवार को अरवल थाना अध्यक्ष रहे श्यामू कनौजिया के गैर जनपद स्थानांतरण के बाद नवागत थानाध्यक्ष सोमपाल गंगवार के आने के बाद क्षेत्र वासियों में उम्मीद की आस जगी है लोगों का मानना है कि क्षेत्र में कानून व्यवस्था शांति व्यवस्था सुदृढ़ होगी तथा अराजक तत्वों पर अंकुश लगेगा वहीं थाना अध्यक्ष सोमपाल गंगवार ने बताया कि कानून व्यवस्था एवं शांति व्यवस्था रखना प्रमुख उद्देश्य थाने में आने वाले फरियादियों के साथ मित्रवत व्यवहार करते हुए उन्हें न्याय दिलाने का कार्य किया जाएगा।

# एसडीएम और एएसपी ने आतिशबाजों के घरों की तलाशी ली

समाज जागरण रामप्रकाश राठौर

शाहाबाद,हरदोई। एसडीएम ने एएसपी और पुलिस बल के साथ कस्बे में आतिशबाजी कार्य करने वालों के घर खंगाले।कस्बे में शनिवार की शाम तीन बच्चों के बारूद से झुलस जाने की घटना को प्रशासन ने गंभीरता से लिया है। कस्बे में शनिवार को बुध बाजार में तीन किशोरों के बारूद जलाने से झुलस जाने की खबर रविवार को फैलने के बाद पुलिस और तहसील प्रशासन सक्रिय हो गया।एसडीएम सुश्री पूनम भास्कर ने एएसपी दुर्गेश सिंह, सीओ हेमंत उपाध्याय और पुलिस बल के साथ कस्बे में



आतिशबाजी का कार्य करने वालों के घर जाकर जांच पड़ताल कर पूछताछ की। खेड़ा बलायकोट में शराफत,सज्जाद सहित कस्बे में एक दर्जन अतिशबाजों के घरों को खंगाला गया। एसडीएम सुश्री भास्कर ने बताया बिना मानक पूरे किए किसी भी अतिशबाज को अगर घर में बारूद भरते पकड़ा गया तो सख्त कार्यवाही की जाएगी। जो लोग बाहर से बनी हुई आतिशबाजी लाकर बेचते हैं वे भी अग्निशमन के उपकरण और पूरी एहतियात से आतिशबाजी का रखरखाव करें।

## डीएम ने पर्वतारोही को सौंपा मुख्यमंत्री विवेकाधीन कोष से प्राप्त धनराशि का चेक
# पर्वतारोहण के क्षेत्र में अभिनीत की उपलब्धि अभूतपूर्व: डीएम जिलाधिकारी ने सदैव किया प्रोत्साहित: अभिनीत

समाज जागरण,आलोक सिंह

हरदोई।जनपद के एकमात्र पर्वतारोही अभिनीत मौर्य को जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह द्वारा मुख्यमंत्री विवेकाधीन कोष से प्रदत्त धनराशि का चेक सौंपा गया। जिलाधिकारी ने अभिनीत को भविष्य के लिए शुभकामनाएं देते हुए कहा कि पर्वतारोहण के क्षेत्र में अभिनीत की उपलब्धि वास्तव में अभूतपूर्व है। इससे जनपद का विश्व पटल पर नाम हुआ है। ऐसे युवा जनपद के अन्य युवाओं के लिए प्रेरणा स्रोत हैं। चेक प्राप्त करने के पश्चात



अभिनीत ने माननीय मुख्यमंत्री व जिलाधिकारी को धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि जिलाधिकारी ने हर समय हमको प्रोत्साहित किया। कोथावां विकास खण्ड की आन्ट-सांट ग्राम पंचायत निवासी अपनी उपलब्धियों का श्रेय अपने माता-पिता के आशीर्वाद व लोगों की दुवाओं को देते हैं। वे कहते हैं कि सभी ने उन्हें सदैव प्रोत्साहित किया। माननीय मुख्यमंत्री जी की ओर से प्रदत्त धनराशि से उन्हें अगले पर्वतारोहण अभियान में मदद मिलेगी। जिलाधिकारी के लिए वे कहते हैं कि वे सदैव युवा प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करते हैं।

# क्षत्रिय महासभा की बैठक सम्पन्न

समाज जागरण,अभय तिवारी /हरपालपुर,हरदोई।क्षत्रिय महासभा की बैठक मुनेश्वर सिंह इंटर कालेज ककरा मे आयोजित की गई ।जिसमें मुख्य अतिथि जिलाध्यक्ष राजपाल सिंह व सोमवंशी ,भरखनी के ब्लाक प्रमुख धीरेन्द्र प्रताप सिंह सैनानी मौजूद रहे।बैठक में समाज को जागरूक होकर संगठित रहने पर जोर दिया गया।तथा 24



अक्टूबर को जीआईसी हरदोई में आयोजित होने बाले दशहरा महोत्सव में पहुंचकर सफल बनाने की अपील की गई।इस अवसर पर दीपू सिंह औरेनी, रानाप्रताप सिंह हिमालय,अभिराम सिंह सोमवंशी , पप्पू सिंह चौहान, अजीत सिंह सोमवंशी, अजय प्रताप सिंह,संजय प्रधान बम्हटापुर ,यीतेश सिंह प्रधान बेड़ीजोर,उदय प्रताप सिंह चौहान ककरा,ज्ञानू सिंह अरवल , आदि प्रमुख लोग मौजूद रहे।

# झोलाछाप डॉक्टरों पर कार्यवाई को लेकर स्वास्थ्य महकमा तैयार
## गैर पंजीकृत क्लीनिकों व पैथालॉजी लैबो पर जल्द हो सकती है कार्यवाई

समाज जागरण संवाददाता

पाली,हरदोई। झोलाछाप डॉक्टरों की शिकायतों के बाद स्वास्थ्य महकमा इनके खिलाफ अभियान चलाने की तैयारी में जुट गया है। जल्द ही झोलाछापों के खिलाफ अभियान चलाया जाएगा। जो भी बगैर अभिलेखों के पाया जाएगा उसके विरुद्ध कठोर कार्यवाई अमल में लाई जाएगी।



पाली चिकित्सा प्रभारी डॉक्टर आनंद कुमार शुक्ला ने बताया है कि कस्बा सहित क्षेत्र में झोलाछाप डॉक्टरों व पैथालॉजी की लगातार शिकायतें मिल रही है। जो गरीबों के जीवन के साथ लगातार खिलबाड़ कर रहे हैं। इन सभी बगैर डिग्री धारक डॉक्टरों के विरुद्ध उच्चाधिकारियों को अवगत करवा दिया गया है। छापेमारी को लेकर टीम भी बना दी गई है। श्री शुक्ला ने बताया है कि जल्द ही अभियान चलाकर छापेमारी की जाएगी। जो भी बगैर डिग्री व अभिलेखों के क्लिनिक व संचालित करते पाया जाएगा उनके विरुद्ध कठोर कार्यवाई की जाएगी। उन्होंने बताया कि कस्बा व क्षेत्र में पैथालॉजी की भी भरमार है। जो जांच के नाम पर मूल्य से अधिक रुपयों की धनउगाही कर रहे है। उनके विरुद्ध भी कार्यवाई होगी। आपको बता दें कि रूपापुर, निजमापुर पुलिया व कस्बा के अंदर सैकड़ों झोलाछाप डॉक्टर बड़े पैमाने पर क्लिनिकों को संचालित कर रहे है। इनके पास न कोई डिग्री है और न ही कोई योग्यता। उसके बाद भी कार्यवाई के नाम पर स्वास्थ्य महकमे सिर्फ खानापूर्ति करके इन्हें छूट दे रहा था। लेकिन इस बार स्वास्थ्य महकमा इन झोलाछापो के विरुद्ध कठोर कार्यवाई करने के मूड में नजर आ रहा है। प्रभारी निरीक्षक डॉक्टर आनंद शुक्ला ने बताया है कि छापेमारी के दौरान गलत पाए जाने वालों को किसी भी कीमत पर बख्सा नही जाएगा।

# संदिग्ध परिस्थितियों में बारूद से तीन किशोर झुलसे
## एक किशोर की हालत गंभीर, शाहजहांपुर में भर्ती

समाज जागरण शाहाबाद,हरदोई। बुध बाजार मोहल्ले में संदिग्ध परिस्थितियों में बारूद से तीन किशोर झुलस गए आनन फानन में झुलसे हुए किशोरों को प्राइवेट अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां से दो किशोरों को छुट्टी दे दी गई और गंभीर रूप से जख्मी एक किशोर का शाहजहांपुर प्राइवेट अस्पताल में इलाज चल रहा है। घटना की सूचना पाकर एएसपी दुर्गेश कुमार सिंह घटना स्थल बुध बाजार पहुंचे। मौका मुआयना करने के बाद परिजनों तथा आसपास के लोगों से पूछताछ कर आवश्यक जानकारी जुटाई। शनिवार की शाम तकरीबन 7:00 बजे बुध बाजार मोहल्ले का रहने वाला उजैफा 15 वर्ष पुत्र रईस पटाखों से बारूद निकाल कर जला



रहा था। जिससे वह गंभीर रूप से झुलस गया। बारूद की चपेट में आने से अम्मार 13 वर्ष पुत्र शाहिद, शाजेब 12 वर्ष पुत्र असलम भी झुलस गए। किशोरों के झुलस जाने के बाद हड़कंप मच गया। आनन फानन में घायल किशोर को अस्पताल ले जाया गया। जहां से अम्मार और शाजेब को उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई परंतु उजैफा को गंभीर हालत में परिजन शाहजहांपुर ले गए। जहां उसका इलाज चल रहा है। इधर घटना की सूचना पाकर एएसपी दुर्गेश कुमार सिंह, सीओ हेमंत उपाध्याय, प्रभारी निरीक्षक राजदेव मिश्रा के साथ बुध बाजार घायलों के घर पहुंचे। उन्होंने घटनास्थल का मौका मुआयना करने के बाद परिजनों से अलग-अलग पूछताछ की। एएसपी दुर्गेश कुमार सिंह ने बताया घटना की बारीकी से जांच की जा रही है जांच के बाद करवाई की जाएगी।

दीपावली पर नजदीक होने की वजह से आसपास के लोग संदेह कर रहे हैं कि हो सकता है कि यहां आतिशबाजी का निर्माण किया जा रहा हो, या फिर बारूद से कोई अन्य अवैध सामग्री बनाई जा रही हो। फिलहाल चचाएं तरह-तरह की है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# जमीन की।कब्जेदारी को लेकर दोनो पक्षो पर कार्यवाई

समाज जागरण संवाददाता

पाली,हरदोई। जमीन की कब्जेदारी को लेकर दो पक्षों में हुए विवाद के मामले में पाली पुलिस ने एक पक्ष से पांच व दूसरे पक्ष से एक व्यक्ति पर शांतिभंग की कार्यवाई की है।

पाली प्रभारी निरीक्षक अरविंद कुमार राय ने बताया है कि गेंदनलाल निवासी ग्राम निजमाखेड़ा थाना पाली, ऋषिराम, सुभाष, अमित कुमार निवासी बतीशा मलिक विलसरी थाना पचदेवरा, नीरू कुशवाहा निवासी मोहल्ला बगिया अल्हागंज वहीं दूसरे पक्ष से रामनाथ कुशवाहा निवासी निजमाखेड़ा थाना पाली के विरुद्ध शांतिभंग की कार्यवाई की गई है। यह सभी जमीनी विवाद को लेकर आपस में भिड़ गए थे। उसी को लेकर सभी के ऊपर कार्यवाई की गई है।

# नवागत प्रभारी निरीक्षक ने कार्यभार संभाला

समाज जागरण,रामप्रकाश राठौर

शाहाबाद, हरदोई । शाहाबाद कोतवाली के नवागत प्रभारी निरीक्षक के रूप में राजदेव मिश्रा ने कार्यभार ग्रहण कर लिया है। शाहाबाद कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक रहे डीके सिंह सवायज पुर थाना भेजा गया है। श्री मिश्र ने पदभार ग्रहण करने के तुरंत बाद समस्त स्टाफ से मुलाकात की और कोतवाली परिसर में स्थापित सभी कार्यालयों का निरीक्षण करते हुए सभी को समयबद्ध ढंग से कार्य करने का निर्देश दिया।



## सिकंदरपुर में राजेश विश्वकर्मा के नेतृत्व में पीड़ित परिवार से मिला विश्वकर्मा समाज का प्रतिनिधि मंडल।

**आशु खरवार समाज जागरण**
**जिला संवाददाता बलिया**

सिकन्दरपुर में विश्वकर्मा समाज के लोगों पर हुए जानलेवा हमले में बलिया जनपद के विश्वकर्मा शिल्पकार महासभा के जिला अध्यक्ष राजेश विश्वकर्मा के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल पीड़ित परिवार से मिला और अपनी संवेदनाएं व्यक्त कर इस हमले की घोर निन्दा की साथ ही प्रशासन से अपील किया की इस मामले के दोषियों को कठोर से कठोर कार्रवाई की जाए ताकि भविष्य में ऐसी पुनर्विवृती ना हो। सिकंदरपुर में भाई, भतीजा के साथ बाइक से जा रहे युवक पर जानलेवा हमला करने वाले नरेंद्र उपाध्याय पुत्र स्व. विक्रमा उपाध्याय (निवासी : मोहल्ला डोमनपुरा, थाना सिकंदरपुर) को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने नरेंद्र उपाध्याय को धारा 307 आईपीसी में चालान न्यायालय कर दिया है। नगर पंचायत सिकन्दरपुर के डोमनपुरा निवासी चंदन शर्मा पुत्र



विश्वनाथ शर्मा ने तहरीर दिया कि बकाया पैसे के विवाद में मेरे ही मोहल्ला के रहने वाले नरेन्द्र उपाध्याय ने लोहे की दांव (चापड़) से मेरी गर्दन पर वार कर दिया। मेरे बचाव में आये मेरे भाई व भतीजे के सर पर दांव से मारकर घायल कर दिया। तहरीर मिलते ही सक्रिय पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर चालान न्यायालय भेज दिया। इस घटना का विश्वकर्मा समाज के लोगों ने निंदा करते हुए विश्वकर्मा समाज के जिला अध्यक्ष राजेश शर्मा, प्रदेश सचिव ललन शर्मा, समाज के कद्दावर नेता सत्येंद्र शर्मा, पूर्व प्रधान रामभवन शर्मा, रामप्रवेश शर्मा मनोज शर्मा, मुन्ना शर्मा, नथुनी शर्मा, साधु शर्मा, शैलेंद्र शर्मा, कृष्ण शर्मा, उमाकांत विश्वकर्मा, सत्येंद्र शर्मा, जितेंद्र शर्मा, अमरनाथ शर्मा आदि लोगों उपस्थित रहे।

## हार्टमन पुर मिशन में मरियालय दिवस हर्षोल्लास के साथ सम्पन्न

**बिकास राय ब्यूरो चीफ गाजीपुर**
**दैनिक समाज जागरण**

गाजीपुर. बलिया.आजमगढ.मऊ.शाहगंज.जौनपुर. आजमगढ.वाराणसी. भदोही समेत अन्य जगह से हजारों श्रद्धालु महिलाओं ने लिया भाग गाजीपुर जनपद के मुहम्मदाबाद तहसील के बाराँचवर विकास खण्ड अंतर्गत हार्टमनपुर चर्च मे दुःख निवारीका माता मरियम का दो दिवसीय (तिर्थ पर्व) मरियालय दिवस का समापन रविवार के दिन माता मरियम की पालकी मे झाँकी सजाकर मिशन से हार्टमन इण्टर कालेज हार्टमन पुर तक भ्रमण कराकर किया गया।

इस कार्यक्रम का शुभारंभ शनिवार को किया गया।पूरे दिन पूरी रात श्रद्धालुओं के द्वारा जागरण किया गया। रविवार को सुबह शोभा यात्रा में पालकी के साथ वाराणसी धर्म प्रांत के धर्माध्यक्ष यूजिन जोसफ के साथ श्रद्वालु महिलाएं चल रही थी। शोभा यात्रा के पुनः हार्टमन पुर मिशन में आने के बाद मिशन की बोर्डिंग की छात्राओं द्वारा बहुत ही सुन्दर स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया। हार्टमनपुर मिशन मे हर वर्ष अक्टूबर महिने मे दुःख निवारीका माता मरियम का मरियालय दिवस बडे ही धुम धाम से मनाया जाता है ।

इस कार्यक्रम का शुभारंभ ध्वाजारोहण से शुरू हुआ और रविवार के दिन पालकी मे मरियम की मुर्ति को सजा कर शोभा यात्रा निकाली गयी।इस कार्यक्रम में वाराणसी धर्म प्रांत के मिशनरी समुदाय के लोग बाराणसी, जौनपुर, बलिया,गाजीपुर ,मिजार्पुर तथा आजमगढ़ के सोहाँव.रतासाड.वीरा भांटी.जमुआ.फ्रांसिसपुर.पियरिया.करसी.कोटवा.हार्टमनपुर.मरियाबाद.परजीपार.रघुवरगंज.गाजीपुर. भितरी.नंदगंज. गगरन.सकलडीहा. शाहगंज. जौनपुर. आजमगढ़. भदोहीं.चंदौली.मऊ.ताजोपुर.बहादुरगंज समेत अनेको पल्ली से पहुंच कर इस धर्म यात्रा मे शामिल हुये थे। आये तीर्थ यात्रीयो ने दो दिन तक रात दिन भजन किर्तन किया । फिर रविवार को माता मरियम की झाँकी निकली। तत्पश्चात मिस्सा बलिदान, मुण्डन, और पुरोहिती कर्म के बाद कार्यक्रम समाप्त हुआ।

कार्यक्रम का संचालन प्रभु हंस कुमार ने किया। आभार सिस्टर कृतिका ने ब्यक्त किया।इस कार्यक्रम



में विशप वाराणसी धर्म प्रान्त युजीन जोसफ,फादर विजय शांति राज,फादर जौन अब्राहम विकार जनरल,फादर मैथ्यी कियानी डीन बलिया,फादर एण्टोनी रोड्रिक्स गाजीपुर डीन,फादर इरिक,फादर प्रकाश तिग्गा पल्ली पुरोहित हार्टमन पुर,फादर सी थामस शिक्षा सचिव वाराणसी धर्म प्रान्त,फादर डेविड प्रबन्धक हार्टमन इण्टर कालेज हार्टमन पुर,फादर लिबनुस,फादर जोंबी,फादर सुशील प्रकाश,फादर मुकेश तिर्की,फादर जयपाल,फादर सुरेश अगस्टिन,फादर दिलीप,फादर सोनेलाल,फादर शैलेन्द्र,फादर कृपाल,फादर अरूल अप्पन,फादर तेनसिंग,फादर लिजो,फादर रोबीन,फादर मनोज,फादर आकाश,फादर संजय,फादर एस जोसफ,फादर हेनरी,फादर ब्रायन,फादर अजय,फादर आरोक्या,फादर सिरील,फादर मनोज बक्सर डायसिस, सिस्टर अल्फोंसा प्रधानाचार्या लूर्दस कान्वेंट बालिका इंटर कालेज गाजीपुर, सिस्टर श्रृति, सिस्टर रोशनी, सिस्टर प्रिती, सिस्टर सबस्टीन, सिस्टर अभया, सिस्टर लता, सिस्टर कृतिका, सिस्टर पुष्पा, सिस्टर हेलेन, सिस्टर पूनम, पल्ली वासी प्रभु हंस कुमार, प्रकाश,दिनेश, आलोक, आनंद, श्याम बिहारी,पारस, रणजीत कुमार, उदयभान,उदय कुमार कार्यवाहक प्रधानाचार्य हार्टमन इण्टर कालेज,राजेश कुशवाहा,दिनेश पाठक,अजीत कुमार, राजकुमार, शुभनारायण यादव, सत्येन्द्र पाण्डेय, अरविन्द राय,सी डी जान, अरविंद भारती,राकेश जोसफ,वर्मा जी,निर्मल राम, विनोद शर्मा, आशीष कुशवाहा,समेत ढेर सारे लोग उपस्थित रहे। सिस्टर कृतिका के द्वारा मंच से टेण्ट. ध्वनि. प्रकाश.प्रेस .सुरक्षा एवं सहयोग प्रदान करने वाले सभी के प्रति मंच से विशेष रूप से आभार ब्यक्त किया गया।विशेष धन्यवाद एस ओ करीमुद्दीनपुर शैलेश मिश्रा,एस आई श्रीकांत यादव एवं उनकी टीम के प्रति किया गया।

## शिक्षामित्र करेंगे 18 अक्टूबर को लखनऊ में धरना प्रदर्शन,

कुठौंद जालौन,, विकासखंड कुठौंद में आज प्राथमिक शिक्षामित्र संघ की बैठक प्राइमरी विद्यालय कुठौंद में हुई ,बैठक की अध्यक्षता अजय कुमार प्रा.शि.संघ जिला उपाध्यक्ष ने की , विशिष्ट अतिथि जिलाध्यक्ष इन्द्रजीत विश्वकर्मा और दिनेश यादव एआरपी ने प्रतिभाग किया, बैठक में काशीप्रसाद राठौर को सर्वसम्मति से अध्यक्ष निर्वाचित किया गया , वर्तमान में शिक्षामित्र मंहगाई की मार से परेशान हैं सरकार शिक्षामित्र समस्याओं के सामाधान करने का वादा करके सत्ता में आई है परन्तु शिक्षामित्रों के मानदेय में दस साल से कोई वृद्धि नहीं की गयी है , समान कार्य समान की मांग को लेकर शिक्षामित्र ईको गार्ड लखनऊ में 18 अक्टूबर को विशाल धरना प्रदर्शन की रुप रेखा तैयार की गयी , जिलाध्यक्ष ने कहा की वर्तमान परिस्थितियों में एक होकर संघर्ष



करने की आवश्यकता है ,हम सभी एक न एक दिन जरूर पुनः कामयाब होंगे , समस्त शिक्षामित्र धरना में प्रतिभाग करे , यदि सरकार शिक्षामित्रों की समस्याओं का समाधान नहीं करती है तो आर पार की लड़ाई शिक्षामित्र संघ लड़ने के लिए तैयार है बैठक में में जितेन्द्र द्विवेदी,उमाकांत ,शीलप्रकाश , राजीव कुमार,सुमन द्विवेदी, शिवपाल,ममता,रष्मि राजावत ,नीलम संध्या, उदयवीर , राम बहादुर, अखिलेश,संध्या कुशवाहा,राधा, शैलेन्द्र,चतुर सिंह, सरजीत,अशोक सक्सेना, आदि शिक्षामित्र उपस्थित रहे ,संचालन सौरभ द्विवेदी ने किया।

## उरई शहर के मोहल्ला सुशील नगर बारह नम्बर टूबबैल के पास हुआ पानी पानी

उरई जालौन जनपद जालौन के जिला मुख्यालय उरई के मोहल्ला सुशील नगर मे वर्षात ने खोली पोल भारी वारिस होने से मोहल्ला सुशील नगर बारह नम्बर टूबबैल एवं जालौन चुंगी रोड से मेहर बाबा एवं मबई रोड के आस पास लोगो के घरों मे घुसा वारिस का पानी और जालौन बारह नम्बर टूबबैल एवं मबई रोड एवं चुंगी रोड की सड़क पर पानी ही पानी भरा दिखाई दे रहा जहा पर नगर पालिका द्वारा ना तो कोई सड़क एवं नाली नहीं बनाई जाती ना नाला की सफाई की जाती और न ही टूटी नाली खडंजा सही कराये गए यही हाल पूरे मोहल्ले का है चारो तरफ पानी




ही पानी भरा दिखाई दे रहा जहा लोगो को निकलना मुश्किल हो रहा दो फुट गहरे गड्ढो से मोहल्ला वासियों को निकलना पड़ रहा आम जन जीवन अस्त व्यस्त है देवेंद्र कुमार कुशवाहा, लल्लू राम गुप्ता,पवन सविता, लक्ष्मण विश्वकर्मा, राजेश धर्मेन्द्र, देवेंद्र दीपक सिंह राहुल सिंह, वीनू महाराज, सतेंद्र सिंह सहित दर्जनों लोगो ने जिला प्रशासन से मांग की कि मोहल्ला सुशील नगर बारह नम्बर टूबबैल एवं मबई रोड पर रोड एवं नाली निर्माण कार्य किया जाये तथा नाला की सफाई व सुशील नगर मे टूटी पड़ी नाली खडंजा सही कराने की मांग की।

## एसपी द्वारा गठित जिले में सुरक्षा विशेष दल की टीमों ने अपने-अपने थानों में बालिकाओं एवं महिलाओं को उनके उत्पीड़न की रोकथाम हेतु किया गया जागरूक

उरई(जालौन)।जनपद के समस्त थानों पर गठित महिला सुरक्षा विशेष दल द्वारा अपने-अपने थाना क्षेत्र अंतर्गत आबादी क्षेत्र, बाजारों, भीड़भाड़ वाले क्षेत्रो में पहुंचकर बालिकाओं एवं महिलाओं को महिला उत्पीड़न की रोकथाम संबंधी एवं उनके अधिकारों के सम्बन्ध में जागरूक किया जा रहा है। महिला सुरक्षा विशेष दल ने बालिकाओं एवं महिलाओं को हेल्पलाइन नंबर- 1090, 1076, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन- 181, यूपी 112 आदि के बारे में जानकारी दी गई तथा किसी भी अप्रिय घटना के बारे में संदेह होने पर उक्त नंबर या तत्काल थाना पुलिस को सूचित करने के बारे में बताया गया । महिला सुरक्षा विशेष दल द्वारा सार्वजनिक स्थानों के आस-पास बेवजह घूम रहे युवकों से पूछताछ कर चेतावनी दी गयी तथा नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही की गयी।

## 9 अक्टूबर को विश्व डाक दिवस, 9-13 अक्टूबर तक राष्ट्रीय डाक सप्ताह का आयोजन

***'वित्तीय सशक्तिकरण से अंत्योदय' के लक्ष्य के साथ मनेगा राष्ट्रीय डाक सप्ताह - पोस्टमास्टर जनरल कृष्ण कुमार यादव***

***देश के सामाजिक-आर्थिक विकास में डाक विभाग की अहम भूमिका - पोस्टमास्टर जनरल कृष्ण कुमार यादव***

***'टूगेदर फॉर ट्रस्ट' थीम के साथ मनेगा 'विश्व डाक दिवस'***

***तमाम ऐतिहासिक और महत्वपूर्ण घटनाक्रमों का डाक विभाग रहा है गवाह***

डाक विभाग देश के सबसे पुराने विभागों में से एक है जो कि देश के सामाजिक-आर्थिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। पूरे विश्व में 9 अक्टूबर को 'अंतर्राष्ट्रीय डाक दिवस' मनाया जाता है। इस बार इसकी थीम 'टूगेदर फॉर ट्रस्ट' है। उक्त जानकारी देते हुए वाराणसी परिक्षेत्र के पोस्टमास्टर जनरल श्री कृष्ण कुमार यादव ने कहा कि 'डाकिया डाक लाया' से 'डाकिया बैंक लाया' तक के सफर में डाक सेवाओं ने तमाम नए आयाम रचे हैं। तमाम ऐतिहासिक और महत्वपूर्ण घटनाक्रमों का डाक विभाग गवाह रहा है। देश की सीमाओं से परे अन्य देशों तक पहुँचने में भी हमारी मदद करता है। पोस्टमास्टर जनरल श्री कृष्ण कुमार यादव ने कहा कि इसी क्रम में 9-13 अक्टूबर तक 'राष्ट्रीय डाक सप्ताह' मनाया जाएगा और हर दिन को एक उत्पाद या सेवा विशेष पर फोकस किया जायेगा-

9 अक्टूबर - विश्व डाक दिवस
10 अक्टूबर - वित्तीय सशक्तिकरण दिवस
11 अक्टूबर - फिलेटली दिवस
12 अक्टूबर - मेल एवं पार्सल दिवस
13 अक्टूबर - अंत्योदय दिवस



**इसलिए मनाया जाता है विश्व डाक दिवस**

पोस्टमास्टर जनरल श्री कृष्ण कुमार यादव ने बताया कि विश्व डाक दिवस का उद्देश्य विश्व भर में लोगों के दैनिक जीवन, व्यापार और सामाजिक तथा आर्थिक विकास में डाक सेवाओं की भूमिका के बारे में जागरूकता बढ़ाना है। 'एक विश्व-एक डाक प्रणाली' की अवधारणा को साकार करने हेतु 9 अक्टूबर, 1874 को 'यूनिवर्सल पोस्टल यूनियन' की स्थापना बर्न, स्विट्जरलैंड में की गई, जिससे विश्व भर में एक समान डाक व्यवस्था लागू हो सके। भारत प्रथम एशियाई राष्ट्र था, जो कि 1 जुलाई 1876 को इसका सदस्य बना। कालांतर में वर्ष 1969 में टोकियो, जापान में सम्पन्न यूनिवर्सल पोस्टल यूनियन कांग्रेस में इस स्थापना दिवस को 'विश्व डाक दिवस' के रूप में मनाने हेतु घोषित किया गया।

**राष्ट्रीय डाक सप्ताह के दौरान विभिन्न कार्यक्रमों का होगा आयोजन**

पोस्टमास्टर जनरल श्री कृष्ण कुमार यादव ने बताया कि डाक सप्ताह के दौरान डाक सेवाओं के व्यापक प्रचार-प्रसार एवं राजस्व अर्जन में वृद्धि पर जोर दिया जायेगा। वहीं डाक सेवाओं की कार्यप्रणाली को समझने हेतु स्कूली बच्चों द्वारा डाकघरों का भ्रमण, क्विज, स्टैम्प डिजाइन, ढाई आखर पत्र लेखन प्रतियोगिता, सेमिनार, वर्कशॉप, उत्कृष्टता हेतु डाक कर्मियों का सम्मान, डाक निर्यात केंद्र, मेल व पार्सल कस्टमर्स मीट, आधार कैम्प, वित्तीय साक्षरता कैम्पेन, बचत सेवाओं, डाक जीवन बीमा, सुकन्या समृद्धि योजना और इण्डिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक उत्पादों इत्यादि को लेकर हर जिले में वित्तीय सशक्तिकरण मेलों और डाक चौपाल का आयोजन किया जायेगा।

## रामचन्द्र दास के मुखार बिन्द से श्री हनुमत कथा की भक्ति सागर में डूबे श्रोतागण

***कथा में पहुंचे डिप्टी सीएम, राज्यमंत्री, सांसद, एमएलसी सहित तमाम हस्तियां***

**दिलीप कुमार जायसवाल ब्यूरो समाज जागरण**

चौकियां धाम, जौनपुर। मां शीतला चौकियां धाम में चल रहे पांच दिवसीय श्री हनुमत कथा के दूसरे दिन अनंत श्री विभूषित त्रिकाल दर्शी गुरु शरण जी महराज पड़ोखर ने दरबार लगाकर पवित्र गोमती नदी व मां शीतला चौकियां माई की महिमा का गुणगान किया। पंडोखर सरकार, बाला जी सरकार आदि देवस्थलों का जयकारा लगाकर लगभग आधे घंटे के दरबार में 5 पर्चे बनाये। सर्वप्रथम त्रिकाल दर्शी महराज ने पर्चा पहले बनाकर रख लिया। एक मीडियाकर्मी से सामने उपस्थित भीड़ से अपने मन से किसी एक को लाने को कहा। मीडिया कर्मी अपनी इच्छा से एक व्यक्ति उठाकर लाया। पंडोखर सरकार ने नाम पूछा तो युवक ने रोहित चौबे बताया। अपनी समस्या बताई। त्रिकाल दर्शी महराज ने पर्चा पढ़ाया। नाम व समस्या रोहित चौबे नाम का ही निकला। तालियों की गड़गड़ाहट से पंडाल गूंज उठा। पंडाल में मौजूद भक्त उस समय अवाक रह गये जब पंडोखर सरकार ने कहा कि हर्षित पाठक जिनके घर में कोई दुर्घटना से मृत्यु हुई है, वह मंच पर आ जायं। तुरंत उनके घर से कथा पंडाल में बैठी सीमा पाठक मंच पर आयीं। जो बात महिला ने बताई, वह पहले से ही पण्डोखर सरकार के पर्चे में लिखा मिला। पंडाल में बैठे लोग आश्चर्यचकित रह गये। मंच पर बैठे एमएलसी बृजेश सिंह को भी उन्होंने पर्चा दिखाकर पुष्टि कराई। सीमा पाठक ने आशीर्वाद लेते हुये पंडोखर सरकार, बाला जी का जोरदार जयकारा लगाया। अगला पर्चा मोनिका चौरसिया व सेजल कुमारी का बनाया। दिव्य दरबार के आधे घण्टे बाद तुलसी पीठ से पधारे कथा वाचक तुलसी पीठ के उत्तराधिकारी अचार्य रामचन्द्र दास महाराज के मुखारबिंदु से श्री हनुमत कथा में श्रोतागण झूम उठे। लगभग 6 बजे जगतगुरु रामभद्राचार्य जी महाराज के शिष्य तुलसी पीठ उत्तराधिकारी स्वामी रामचन्द्र जी श्री हनुमत कथा के लिए मंच पर आए। मां शीतला की स्तुति करने के बाद सीताराम हनुमान, सीताराम हनुमान कीर्तन से लोगों को झूमने पर विवश कर दिया। इसके बाद हनुमन जी के जीवन का वृतांत सुनाते हुए भक्तों को भाव विभोर कर दिया। कहा कि हनुमान जी त्रेता युग में राम भक्त बनकर प्रभु की सेवा किए। फिर द्वापर युग में अर्जुन के रथ पर सवार थे। कलयुग में भी श्रीराम के आशीर्वाद से किसी न किसी रूप में मौजूद हैं। जहां श्रीराम कथा होती है, वहां हनुमान अवश्य उपस्थित होते हैं। कथा में सुग्रीव से श्रीराम की भेंट करवाने का वृतांत सुनाया। इसके बाद ही सुग्रीव श्रीराम का साथ पाकर किशकिंधा के राजा बने। हनुमान ही एक ऐसे देवता हैं जिनकी मन्दिर हमें हर जगह मिल जाएगी। किसी गांव का छोटा सा पगडंडी हो, वहां भी कहीं किनारे हनुमत मन्दिर छोटी सी मिल ही जाती है। हनुमान का चरित्र हमें हर



परिस्थितियों में जीना सीखाता है। इसके बाद 8 बजे श्री हनुमत आरती के बाद कथा संपन्न हुई। कथा पंडाल में पहुंचे पूर्व डिप्टी सीएम ने चौकियां माता की महिमा का वर्णन करते हुए कहा कि मां शीतला की महिमा है कि जगतगुरू रामभद्राचार्य जी के शिष्य रामचन्द्र जी यहां कथा कह रहे हैं। हनुमान जी आज भी कहीं न कहीं हमारे बीच मौजूद हैं। इस दौरान राज्यसभा सांसद सीमा द्विवेदी, राज्यमंत्री गिरीश चंद्र यादव, भजन गायक रविन्द्र सिंह ज्योति, संजय माली, कोषाध्यक्ष, अनिल सोनकर, उपाध्यक्ष, आदर्श उपाध्याय, क्षमानाथ त्रिपाठी, पप्पू त्रिपाठी, गप्पू त्रिपाठी, लड्डू त्रिपाठी, बसंत माली सहित तमाम लोग उपस्थित रहे। अन्त में मां शीतला कार्यसमिति अध्यक्ष व आयोजक विनय त्रिपाठी ने समस्त अतिथियों का आभार जताया।

## भाजपाईयों ने श्रद्धांजलि देकर यमुना में विसर्जित कीं अस्थियां

कुठौंद जालौन। भारतीय जनता पार्टी से सदर विधायक ने अनूठी पहल शुरू की है, इस पहल को अस्थि विसर्जन यात्रा का नाम दिया गया है। अनाथ और लावारिस स्थिति में निधन हो जाने पर उन सभी आत्माओं की शांति हेतु अस्थियों का विसर्जन कर श्रद्धांजलि देने का कार्य किया है। भाजपा सदर विधायक उरई गौरी शंकर वर्मा के द्वारा इस अनूठी पहल को शुरू किया गया। यह यात्रा रविवार को उरई शहर से शुरू हो कर बयां जालौन होते हुए विकास खण्ड कुठौंद के सनगढ़ (शंकरपुर) घाट कर अस्थि विसर्जन के साथ समापन हुई है। अस्थि कलश यात्रा पर भाजपाई लोगों ने जगह-जगह पुष्पवर्षा कर अपने दिवंगत आत्माओं को नमन किया। यमुना नदी के घाट पर निर्मल धारा में अस्थियां विसर्जित की गईं। रविवार को जालौन औरैया स्टेट हाईवे होते हुए अंतिम महायात्रा



रथ पर 51 अस्थि कलश लेकर यात्रा मोक्ष धाम से प्रारंभ हुई। यमुना शेरगढ़ घाट सनगढ़ (शंकरपुर) की निर्मल धारा में अस्थियां मंत्रोचारण के साथ प्रवाहित कीं गई। यात्रा में सुरक्षा व्यवस्था को दुरुस्त रखने के लिए क्षेत्राधिकारी जालौन रविंद्र कुमार गौतम थानाध्यक्ष कुठौंद कमलेश कुमार प्रजापति चौकी इंचार्ज शंकरपुर खेमचंद्र मय पुलिस बल के मुस्तैद रहे। विधायक गौरी शंकर के अलावा संजीव उपाध्याय, रविंद्र प्रताप सिंह, शिवकुमार सिंह, अमित गुप्ता कुठौंद, शिवपूजन सिंह, शिवम सिंह एनसीसी कैडेट्स से सूर्य प्रताप, मयंक, अंशु वर्मा, राजदीप, मनीष सिंह तोमर महिला नेत्री ममता, पूजा आदि के साथ बड़ी संख्या में भाजपाईयों ने अस्थि कलश पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी और यात्रा हिस्सा बने।

## मेरी माटी मेरा देश अमृत कलश यात्रा में सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित

**दिलीप कुमार जायसवाल ब्यूरो समाज जागरण**

जौनपुर। नगर पालिका परिषद के प्रांगण में नगर के विभिन्न वार्डों के अध्यक्ष एवं सभी सभासदों ने मेरी माटी मेरा देश कलश को एकत्र किया। इसी क्रम में 6 बजे से देशभक्ति कार्यक्रम की प्रस्तुति से कलाकार रविंद्र सिंह ज्योति, आशीष पाठक अमृत, अभिषेक मयंक ने माहौल को देशभक्ति रंग में कर



दिया। सर्वप्रथम अतिथियों ने दीप प्रज्वलित करके कार्यक्रम का शुभारंभ किया जिसके बाद विभिन्न वार्डों से आये कलश में मेरी माटी अक्षत चावल एकत्र किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मंत्री गिरीश चन्द्र यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में पूरा देश मेरी माटी मेरा देश कलश यात्रा को भव्य रूप से मना रहा है। वहीं जौनपुर में अलग-अलग कार्यक्रमों के माध्यम से हम लोग उत्साह के साथ अमृत कलश यात्रा को नगर के हर क्षेत्र से इकट्ठा करके इस कलश को आज रवाना करेंगे। विशिष्ट अतिथि चेयरमैन प्रतिनिधि डा. रामसूरत मौर्या रहे। आगंतुकों का स्वागत अध्यक्ष नगर पालिका परिषद मनोरमा मौर्य ने किया। आभार अधिशासी अधिकारी पवन कुमार ने किया। कार्यक्रम का संचालन सलमान शेख ने किया। इस अवसर पर भाजपा नेता श्याम मोहन अग्रवाल, विकास शर्मा, अमित श्रीवास्तव, सभासद नन्दलाल यादव, संतोष मौर्य, बसन्त प्रजापति, राजेन्द्र मौर्य, पिण्टू शेख, गुलफाम अहमद, ओएस अनिल यादव, बड़े बाबू मनोज यादव, इंस्पेक्टर हरिश्चंद्र यादव, अवधेश चन्द्र यादव, भाजपा नेता राजदेव यादव सहित तमाम लोग उपस्थित रहे।

## वर्ष 2024 में पुनः बनेगी मोदी सरकार : दिनेश शर्मा

***भाजपा नेता राजेश श्रीवास्तव के घर पहुंचे पूर्व डिप्टी सीएम***

**दिलीप कुमार जायसवाल ब्यूरो समाज जागरण**

जौनपुर। उत्तर प्रदेश के पूर्व उपमुख्यमंत्री डॉ दिनेश शर्मा राज्यसभा सांसद का जौनपुर आगमन हुआ जिसके बाद भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य उत्तर प्रदेश राजेश श्रीवास्तव बच्चा भइया एडवोकेट के सदर चुंगी आवास



पर पत्रकार वार्ता में कहा कि 2024 में पुनः मोदी की सरकार बनेगी जो विकास कार्यों को और आगे तक बढ़ाएंगे। आज विपक्ष के पास कोई मुद्दा नहीं है। जनता भी उन्हें नकार चुकी है। अब जनता देश का मान–सम्मान बढ़ाने वाले मोदी जी के साथ खुलकर है। डॉ शर्मा ने कहा कि उत्तर प्रदेश में भी योगी आदित्यनाथ सरकार जनहित में कार्य कर रही है। उत्तर प्रदेश में लोकसभा चुनाव में भाजपा सभी 80 सीट जितने जा रही है। भाजपा सरकार ही सभी वर्गों के उत्थान के लिए संकल्पित है। इसके पहले बच्चा भइया के आवास पर पार्टीजनों, जनप्रतिनिधियों, अधिवक्ता संघ, सामाजिक संगठनों के लोगों ने श्री शर्मा का स्वागत किया। स्वागत करने वालों में राज्यमंत्री गिरीश चन्द यादव, राज्यसभा सांसद सीमा द्विवेदी, एमएलसी बृजेश सिंह, विधायक शाहगंज रमेश सिंह, अल्पसंख्यक आयोग के अध्यक्ष हैदर अब्बास चांद, नगर अध्यक्ष द्वय अमित श्रीवास्तव, विकास शर्मा, कर्मचारी नेता राकेश श्रीवास्तव, विश्व प्रकाश श्रीवास्तव पत्रकार, शशि श्रीवास्तव गुड्डु, श्याम मोहन अग्रवाल, रागिनी सिंह, प्रियंका श्रीवास्तव, संगीता श्रीवास्तव, रीता जायसवाल, युवा नेता सुधांशु सिंह, वरिष्ठ भाजपा नेता इं. कृष्ण कुमार जायसवाल मुन्नू, महेंद्र गुप्ता, सिपिन सिंह सभासद, सुलभ श्रीवास्तव आदि प्रमुख रहे।

## इस बार रामलीला की 76वें वर्ष में प्रवेश पर मंचन की विशेष तैयारियां, निकाली गई शोभा यात्रा

**दिलीप कुमार जायसवाल ब्यूरो समाज जागरण**

सिरकोनी, जौनपुर। आजादी की मनौती के रूप में देश के स्वतंत्रता वर्ष में श्री दया नारायण लीला समिति कबूलपुर की स्थापना की गई थी। समिति लगातार 76वें वर्ष में भी रामलीला के भव्य मंचन की तैयारियों में जुटी हुई है। रामलीला के निमित्त रविवार को कबूलपुर बाजार स्थित मंचन स्थल से जयघोष के बीच भव्य शोभायात्रा निकाली गई। यात्रा को समाजसेवी ग्राम



प्रधान ने भगवा ध्वज लहराकर रवाना किया। यह कल्याणपुर, जोगीबीर बाबा मंदिर, मशऊदपुर, नत्थनपुर, वीरभानपुर, नेहरुनगर, सैदपुर, गयासपुर, सखोईं, शिवपुर, बीबीपुर, हूंसेपुर, मोथहां आदि ग्रामों में भ्रमण कर वापस मंच पर पहुंची। यात्रा के दौरान जगह-जगह उत्साहित ग्रामीणों ने आगवानी करते हुए फूल बरसाया। समिति के अध्यक्ष योगेश श्रीवास्तव ने मुख्य अतिथि वीरेंद्र सिंह चौहान का स्वागत करते हुए आगामी 19 अक्टूबर से प्रारंभ होने वाली रामलीला के बारे में अवगत कराया। संचालन महामंत्री प्रदीप श्रीवास्तव ने किया। शोभायात्रा के प्रभारी उमेश मिश्रा, सह निर्देशक अंकित श्रीवास्तव ने स्वागत किया। इस अवसर पर अखिलेश सिंह, रोमी श्रीवास्तव, संजय यादव, अरविंद गुप्ता, भूपेश श्रीवास्तव, सुरेंद्र यादव, सोनू प्रधान, राम आसरे मिश्रा, विनय श्रीवास्तव, पिंटू श्रीवास्तव, विवेक सिंह, ज्ञानेश श्रीवास्तव, लोकनाथ प्रजापति, अजय बेनवंशी, बृजेश मिश्रा, प्रिंस श्रीवास्तव, दयाराम चौहान, दीपक चौहान, डा. आरएस नागर, दिनेश जायसवाल, अतुल सिंह, छोटू बेनवंशी, सूरज श्रीवास्तव, कृपाशंकर यादव, उमंग श्रीवास्तव, देव, श्रेयांश, विभु सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

## खंड विकास अधिकारी ने रोमई गौशाला का किया औचक निरीक्षण

कुठौंद जालौन। करवट ले रहे मौसम को देखते हुए खंड विकास अधिकारी कुठौंद सर्वेश कुमार रवि ने ग्राम पंचायत रोमई मुस्तकिल में संचालित अस्थाई गौशाला का शनिवार देर शाम औचक निरीक्षण किया। विकास खंड कुठौंद के ग्राम पंचायत रोमई मुस्तकिल में अन्ना गोवंशों को दृष्टिगत रखते हुए अस्थाई गौशाला का निर्माण किया गया था विगत दिनों से मौसम करवट ले रहा है। जिसको दृष्टिगत रखते हुए खंड विकास अधिकारी सर्वेश कुमार रवि ने गौशालाओं का निरीक्षण करना शुरू कर दिया है। शनिवार देर शाम रोमई गौशाला जा पहुंचे जहां पर गोवंशों की संख्या करीब 80 के आसपास थी गोवंश लगभग स्वस्थ दिखे, वहां पर दो केयरटेकरों द्वारा चारा खिलाने के बाद साफ सफाई की जा रही थी। अचानक पहुंचे खंड विकास अधिकारी ने व्यवस्थाओं को लेकर कियर टेकरों से जानकारी ली। इसके बाद ग्राम प्रधान रोमई मुस्तकिल विनोद कुमार राठौर पहुंच गए। वीडियो सर्वेश कुमार रवि के द्वारा भुसाघर को चेक किया गया। जिसमें पर्याप्त भूसा मिला। इसके संबंध में ग्राम प्रधान विनोद राठौर के द्वारा खंड विकास अधिकारी को बताया गया कि भूसा और अधिक मात्रा में अपनी स्वयं निजी व्यवस्था में रखा है। निजी भूसा और निजी व्यवस्था के साथ गौशाला का संचालन करने को लेकर खंड विकास



अधिकारी ने ग्राम प्रधान की पीठ थपथपाई। खंड विकास अधिकारी सर्वेश कुमार रवि के द्वारा करे टेकारों को दोपहर के समय गोवंशों को छाया में बैठना और समय अनुसार पानी पिलाने के निर्देश भी दिए।

# कानपुर : कांग्रेसी नेता होटल सेक्स रैकेट मामले में जांच तेज, पकड़ी गई 6 लड़कियां और दलाल

**सुनील बाजपेई**

कांनपुर। यहां घंटाघर के होटलों के बाद रेल बाजार में भी कांग्रेसी नेता के होटल में भी सेक्स रैकेट का संचालन पकड़ा गया। यहां से एक दलाल और 6 कॉलगर्ल को हिरासत में लेने के बाद मामले की जांच भी तेज कर दी गई है। अवगत कराते चलें कि बीते शनिवार रात पुलिस ने संतोष राज होटल में छापेमार कर 6 कॉलगर्ल और एक दलाल को पकड़ा है। यहां से पुलिस ने बड़ी मात्रा में आपत्तिजनक सामाग्री भी बरामद की है। जानकारी के मुताबिक जिस होटल में देहव्यापार का धंधा संचालित हो रहा था, वो एक कथित कांग्रेस नेता के भाई का बताया जा रहा है। कांग्रेस नेता के भाई ने होटल राजू शर्मा नाम के शख्स को लीज पर दे रखा था। रेलबाजार थाना क्षेत्र स्थित सेंट्रल स्टेशन के प्लेटफार्म नबंर एक के ठीक सामने संतोष राज नाम का होटल कथित कांग्रेस नेता राजेश सिंह के भाई प्रकाश सिंह का बताया जा रहा है। कांग्रेस नेता ने सफाई देते कहा है कि यह होटल उनका नहीं बल्कि उनके भाई का है। भाई ने यह होटल पांच साल पहले राजू शर्मा को लीज पर दिया था। वहीं, पुलिस को लगातार सूचना मिल रही थी कि संतोष राज होटल में सेक्स रैकेट चल रहा है। यहां पुलिस के दाखिल होते ही होटल में हड़कंप मच गया। होटल के कर्मचारी पीछे के दरवाजे से भाग निकले। पुलिस जब होटल की दूसरी मंजिल पर पहुंची, तो वहां का नजारा देखकर हैरान रह गई। महिला पुलिस कर्मियों ने होटल की दूसरी मंजिल से 6 युवतियों को हिरासत में ले लिया। वहीं, पुलिस ने रायबरेली निवासी दलाल हितेश को रेस्ट किया है। इनके पास से पुलिस ने 21,370 बरामद किए हैं। हितेश कस्टमर को लाने का काम करता था। एडीसीपी अक्स पटेल ने बताया कि अनैतिक देह व्यापार की सूचना पर यहा पूर्वी टीम की क्राइम ब्रांच ने छापेमारी की।

# नगर पंचायत मल्हार में छः करोड अडतीस लाख सोलह हजार रुपए का कुल 42 विकास कार्यो का किया गया भूमिपूजन और लोकार्पण

**समाज जागरण ब्यूरो विवेक देशमुख**

मस्तूरीः नगर पंचायत मल्हार में शुक्रवार को नगर के विभिन्न वार्डो में विकास कार्यों के भूमिपूजन व लोकार्पण कार्यक्रम का आयोजन नगर पंचायत कार्यालय में किया गया।नगर पंचायत मल्हार के अध्यक्ष अनिल कुमार कैवर्त के अध्यक्षता में नगर के समस्त एल्डरमैन व समस्त पार्षदों के सानिध्य में नगर पंचायत मल्हार के विभिन्न वार्डो में सीसी नाली निर्माण,रोड निर्माण, किचन शेड,आहाता निर्माण, पचरी निर्माण,स्ट्रीट लाईट सहित लगभग 638.16लाख की लागत से कुल 42 विकास कार्यों का भूमिपूजन और लोकार्पण किया गया।

वही नगर पंचायत मल्हार के दो महिला स्व सहायता समूह को बर्तन बैंक योजना के अन्तर्गत मल्हार नगर पंचायत सीएमओ किरण पटेल व इंजीनियर भूनेष साहू के उपस्थित में बर्तन वितरण साथ ही राजीव गांधी आश्रय योजना के तहत नगर के जरूरत मंद लोगों कौ अधिकार पत्र वितरण किया गया।

इस अवसर पर मुख्य नगर पंचायत अधिकारी किरण पटेल,



इंजिनियर भूनेष साहू, सीताराम मरावी,मिथलेश श्रीवास,अर्जुन मानिकपुरी,नगर पंचायत अध्यक्ष अनिल कैवर्त, उपाध्यक्ष लक्ष्मण कांत,नगर के एल्डरमैन अमित पाण्डेय, नविन अग्रवाल, किरण पाटले,मीडिया प्रभारी गणेशदत्त राजू तिवारी,पार्षदगण सुजित राजभानू, रामफल बबलू भारद्वाज दुर्गेश कैवर्त, विष्णु कैवर्त, सीताराम कैवर्त,बलराम सिंह,सांसद प्रतिनिधि सुशिल चौबे, विशाल चौहान,हेम साहू,नारायण यादव,सहित नगरवासी उपस्थित रहे।

# कड़वे दिन समाप्त होने के बाद नवरात्रि में आ सकती है भाजपा, कांग्रेस उम्मीदवारों की सूची, इस बार योग्य उम्मीदवार को ही मिलेगा टिकट

## अभी तक भाजपा ने एक सीट पर किया उम्मीदवार घोषित,कांग्रेस पार्टी किसी भी सीट पर उम्मीदवार घोषित नहीं कर सकी

**सीएल गौर, संभागीय ब्यूरो की चुनावी रिपोर्ट**

भोपाल/ रायसेन। मध्यप्रदेश में विधानसभा चुनाव के लिए कांग्रेस प्रत्याशियों की पहली सूची अब नवरात्रि की शुरूआत में ही आने की संभावना है, शनिवार शाम को दिल्ली में कांग्रेस की केंद्रीय चुनाव समिति की बैठक हुई। जिसके बाद प्रदेश अध्यक्ष कमलनाथ ने कहा है कि करीब 130-140 सीटों पर चर्चा हुई है, नामों पर फैसला अगले छह सात दिन में करेंगे। इसके बाद फिर बैठक होगी, जिसमें प्रत्याशियों का ऐलान किया जाएगा।बैठक में प्रत्याशी चयन को लेकर कुछ क्राइटेरिया भी फिक्स किए गए हैं। मध्यप्रदेश कांग्रेस की स्क्रीनिंग कमेटी के अध्यक्ष भंवर जितेंद्र सिंह ने इसकी जानकारी दी है, उन्होंने कहा कि सबसे बड़ा क्राइटेरिया तो विनेबिलिटी (जीतने की योग्यता) है। उन्होंने कहा कि हमने लगभग 230 सीटों पर बात की है। कुछ सिंगल नाम थे, कहीं पर पैनल थे। अभी नाम फाइनल नहीं हुए हैं लिस्ट कब तक जारी होगी, ये कहना अभी मुश्किल है। इधर देखा जाए तो भोपाल राजधानी से लगे हुए जिला रायसेन में चार विधानसभा क्षेत्र आते हैं जिसके तहत सांची विधानसभा, भोजपुर विधानसभा, उदयपुरा विधानसभा और सिलवानी विधानसभा अभी फिलहाल देखा जाए तो भारतीय जनता पार्टी की ओर से उदयपुरा विधानसभा क्षेत्र के लिए भाजपा प्रत्याशी के रूप में नरेंद्र शिवाजी पटेल को घोषित किया गया है इसके अलावा किसी सीट पर भाजपा ने अभी उम्मीदवारों की सूची घोषित नहीं की है । इसके अलावा कांग्रेस पार्टी की बात करें तो कांग्रेस पार्टी में अभी टिकट के लिए घमासान जारी है चारों विधानसभा क्षेत्र में अभी तक कांग्रेस पार्टी ने किसी भी क्षेत्र में उम्मीदवार घोषित नहीं किए हैं जो की रायसेन जिले की आम जनता के बीच चर्चा का विषय बना हुआ है । भीतरी तौर पर देखा जाए तो रायसेन जिले की चारों सीटों पर कांग्रेस पार्टी को गहन मंथन करना पड़ रहा है क्योंकि जीतने योग उम्मीदवार अभी वरिष्ठ नेताओं की नजरों में नहीं आ रहे हैं कौन प्रत्याशी चुनाव जीत सकता है आम जनता में किसकी घुसपैठ है इस सब को देखते हुए कांग्रेस पार्टी हाई कमान टिकट जारी करेगी इसकी प्रबल संभावनाएं देखने में आ रही है। सबसे खराब हालत तो सांची विधानसभा क्षेत्र में कांग्रेस पार्टी की है यहां योग उम्मीदवार का टोटा है पार्टी को चुनाव लड़ने के लिए भारी मशक्कत का सामना करना पड़ रहा है । स्थानीय प्रत्याशी की बात करें तो प्रत्याशी तो बहुत है परंतु आर्थिक दृष्टि से




मजबूत और आम जनता में पैठ रखने वाले कम ही नजर आते हैं इस कारण से कांग्रेस पार्टी को सांची विधानसभा क्षेत्र में कांग्रेस प्रत्याशी के लिए एड़ी चोटी का जोर लगाना पड़ रहा है देखना अब यह है कि कांग्रेस पार्टी सांची विधानसभा क्षेत्र से स्थानीय प्रत्याशी को महत्व देती है या कोई बाहरी प्रत्याशी चुनाव लड़ेगा कुछ कहा नहीं जा सकता। वही बात करें भोजपुर विधानसभा क्षेत्र की तो यहां से कांग्रेस पार्टी हाई कमान चाहे तो पूर्व मंत्री राजकुमार पटेल को चुनाव लड़ा सकती है सबसे उपयुक्त उम्मीदवार कांग्रेस के लिए राजकुमार पटेल का ही नाम है जो कि आम जनता से सीधे जुड़े हुए हैं और चुनाव में टक्कर दे सकते हैं क्योंकि पूर्व केंद्रीय मंत्री सुरेश पचौरी क्षेत्र से दो बार चुनाव लड़ चुके हैं दोनों ही बार चुनाव हार गए हैं इस कारण भोजपुर विधानसभा क्षेत्र से राजकुमार पटेल को पक्का उम्मीदवार माना जा रहा है। वही बात करें उदयपुरा विधानसभा क्षेत्र की तो यहां से वर्तमान विधायक देवेंद्र पटेल ही कांग्रेस पार्टी की ओर से संभावित उम्मीदवार हो सकते हैं उनके अलावा इस क्षेत्र में चुनाव जीतना आसान बात नहीं है अब बात करें सिलवानी विधानसभा क्षेत्र की तो यहां से सबसे दमदार प्रत्याशी के रूप में ऊजार्वान जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष पूर्व विधायक देवेंद्र पटेल उपयुक्त उम्मीदवार कांग्रेस के लिए साबित हो सकते हैं उन्हें यहां से टिकट मिलने की प्रबल संभावना बताई जा रही है। इधर सत्ता पक्ष भारतीय जनता पार्टी की बात की जाए तो वर्तमान में तीनों विधायकों को भाजपा पार्टी हाई कमान इस बार भी टिकट देगी इसकी प्रबल संभावना है नजर आ रही हैं सांची विधानसभा क्षेत्र से वर्तमान विधायक एवं स्वास्थ्य मंत्री डॉक्टर प्रभु राम चौधरी इसके अलावा सिलवानी विधानसभा क्षेत्र से वर्तमान विधायक रामपाल सिंह और भोजपुर विधानसभा क्षेत्र से वर्तमान में भाजपा विधायक सुरेंद्र पटवा को ही टिकट मिलने की प्रबल संभावनाएं बन रही हैं । अब देखना है कि भाजपा पार्टी हाई कमान इन तीन विधानसभा क्षेत्र में कब तक उम्मीदवार घोषित कर पाती है पूरे जिले भर की आम जनता की नजरे इस समय भाजपा और कांग्रेस पार्टी के घोषित होने वाले उम्मीदवारों पर टिकी हुई हैं।

# जिला स्तरीय राष्ट्रीय अविष्कार अभियान के तहत कबाड़ से जुगाड़ प्रतियोगिता में प्राथमिक शाला खरगहनी को मिला प्रथम

**समाज जागरण ब्यूरो विवेक देशमुख**

बिलासपुर। समग्र शिक्षा जिला बिलासपुर द्वारा आयोजित जिला स्तरीय प्रदर्शनी प्रतियोगिता में विकास खंड तखतपुर, मस्तूरी, बिल्हा, कोटा के बच्चों और शिक्षको ने लिया प्रदर्शनी में भाग राष्ट्रीय अविष्कार अभियान के तहत प्राथमिक एवम पूर्व माध्यमिक स्तर के कबाड़ से जुगाड़, क्विज ,विज्ञान प्रदर्शनी, पुस्तक प्रदर्शनी, जादू का पिटारा में 120 मॉडलों का लगी प्रदर्शनी अंतरिक्ष ज्ञान अभियान स्पेस वेन की हुई प्रदर्शनी इन विद्यालयो के बच्चे रहे विजेता - कबाड़ से जुगाड़ प्राथमिक स्तर प्रथम- पुष्पेंद्र गुप्ता प्रा शा खरगहनी कोटा, द्वितीय-अनिल कुमार तंवर बिल्हा शहरी,पूर्व मा स्तर -इन्द्रकांत सोलखे बिल्हा ग्रामीण, द्वितीय-श्रीमती पुष्पा पाण्डेय-बिल्हा शहरी, क्विज प्रतियोगिता--प्राथमिक प्रथम-विनय श्रीवास बिल्हा ग्रामीण, द्वितीय सृष्टि पटेल- तखतपुर, पूर्व माध्यमिक स्तर प्रथम-कु प्राची कैवर्त उरतुम बिल्हा ग्रामीण, द्वितीय-कु धानी देवांगन तखतपुर, विज्ञान प्रदर्शनी पूर्व मा स्तर प्रथम -गौरीशंकर कौशिक तखतपुर, द्वितीय-सीमा चतुवेर्दी बिल्हा शहरी,पुस्तक प्रदर्शनी- प्राथमिक स्तर प्रथम-अनिल शर्मा-,तखतपुर, द्वितीय-ईश्वर लाल श्रीवास कु-कुर्दीकला मस्तूरी, जादु का पिटारा प्राथमिक स्तर में प्रथम-दीप्ति दीक्षित, चंद्रप्रकाश तिवारी तखतपुर, द्वितीय अमरदीप भोगल, लक्ष्मी माल्या द्वितीय रहे इसरो के युवा वैज्ञानिक रत्नेश मिश्रा, माधवी धवन के हाथो बच्चें और शिक्षक हुए सम्मानित। राष्ट्रीय अविष्कार अभियान के तहत जिला स्तरीय कबाड़ से जुगाड़, क्विज, विज्ञान मॉडल, पुस्तक प्रदर्शनी, जादू का पिटारा, प्रदर्शनी प्रतियोगिता का आयोजन पंडित देवकीनन्दन दीक्षित शा उ मा विद्यालय बिलासपुर में हुओ समग्र शिक्षा जिला बिलासपुर के जिला मिशन समन्वयक अनुपमा राजवाड़े के दिशा निर्देश मार्गदर्शन और राष्ट्रीय अविष्कार अभियान बिलासपुर के जिला नोडल नितेश सिंगरौल के नेतृत्व में प्रदर्शनी का आयोजन हुआ सर्वप्रथम सरस्वती वंदना, राजकीय गीत,राष्ट्रगीत से कार्यक्रम प्रारम्भ हुओ कार्यक्रम के अतिथि राष्ट्रीय माध्यमिक अभियान जिला



बिलासपुर के सहायक परियोजना समन्वयक डॉ मुकेश पाण्डेय, समग्र शिक्षा के ए पी सी अयाज जुंजानी, डॉ अखिलेश तिवारी, इसरो के युवा वैज्ञानिक रत्नेश मिश्रा, माधवी धवन, के द्वारा मॉडल प्रदर्शनी का अवलोकन किया गयोतत्पचात विभिन्न ब्लाक से विभिन्न विधाओं के लिए चयनित निर्णायक शिक्षक शैक्षिक समन्वयक हुकुमचंद पटेल, मोहम्मद सहजादा, संदीप दुबे, राजेन्द्र नामदेव, चंद्रिका मिरी, प्रीति साहू, सांत्वना शर्मा, पवन श्रीवास, स्वाति कश्यप, एस प्रतिमा, लीना मस्के,ईश्वरी पाण्डेय के द्वारा बिंदुवार प्राप्तांको के आधार पर प्रथम द्वितीय स्थान प्राप्त बच्चो और शिक्षको को प्रमाण पत्र मोमेन्टो देकर पुरस्कृत करते हुए साथ ही निर्णायक और प्रबंधन समितियों को प्रमाण पत्र देकर इसरो के युवा वैज्ञानिक रत्नेश मिश्रा, माधवी धवन के सम्मानित किया गया अंतरिक्ष ज्ञान अभियान स्पेस वेन के तहत इसरो के युवा वैज्ञानिकों द्वारा चंद्रयान 3 और स्पेस के मॉडलों का प्रदर्शन और प्रश्नों का प्रतिउत्तर दिया गया । बच्चों शिक्षको ने इस विशेष अभियान के बारे में रुचि और तर्क पूर्वक जानकारी प्राप्त किया। कार्यक्रम का संचालन राष्ट्रीय अविष्कार अभियान जिला नोडल प्रभारी नितेश सिंगरौल ने किया और अतिथियों का आभार प्रदर्शन डीएमपीयू के सदस्य अपर्णा दुबे, अनिता राज ने ब्यक्त कियो कार्यक्रम में जिला बिलासपुर के चारो ब्लाक के विकास खंड स्त्रोत समन्वयक क्रांति साहू, देवी चंद्राकर, भागवत प्रसाद साहू, सीमा त्रिपाठी, प्रमोद शुक्ला, शैक्षिक समन्वयक नितेश सिंगरौल, अमरदीप शर्मा, प्रमोद कुमार पाण्डेय, लवकान्त द्विवेदी, संदीप दुबे,भूपेश पाण्डेय, संजय रजक,मोहम्मद सहजादा, सूरज क्षत्री, हुकुम चंद पटेल, राजेन्द्र नायक,सुनील पाण्डेय, मनोज सिंह, विजय गौरहा, आशा कंवर,चानी ऐरी, जितेंद्र नायक,मनोरमा बर्मन, राजेश चौबे, सतीश जायसवाल, पवन श्रीवास, मीरा रजक, कुमार पाण्डेय, पवन वैष्णव, प्रीति साहू, सांत्वना शर्मा, स्वाति कश्यप, एस प्रतिमा, ईश्वर लाल श्रीवास, लीना मस्के,ईश्वरी पाण्डेय, दीप्ति दीक्षित, अमरदीप भोगल, लक्ष्मी माल्या, प्रतिभा ठाकुर,अरविंदर कौर , इन्द्रकांत सोलखे, ममता साहू,,नेहा बिछिवानी, शिक्षक शिक्षिका छात्र छात्राएं उपस्थित थे।

# मरते दम तक चुकाता रहूंगा मध्य प्रदेश की जनता से मिले प्यार का कर्ज,,,,,, भावुक होकर बोले मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान

भोपाल/सीहोर। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान रविवार को सीहोर के जहाजपुर ग्राम पहुंचे। यहां पहुंचकर उन्होंने करीब 10 करोड़ रुपये के विकास कार्यों का भूमिपूजन किया। सीएम शिवराज यहां जनता के बीच पहुंचकर भावुक हो गए और उन्होंने कहा कि मैं अपने आप को बड़ा सौभाग्यशाली मानता हूं कि मध्य प्रदेश की जनता से मुझे हमेशा एक परिवार के सदस्य की तरह प्यार मिला और इस प्यार का कर्ज मरते दम तक उनकी सेवा करके चुकाता रहूंगा।यह मेरा वादा है।

सीएम शिवराज ने कार्यक्रम के मंच से लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि जहाजपुरा वालों, तुमने पुकारा और मैं चला आया। आपके इस प्यार पर जिंदगी न्योछावर है। मध्यप्रदेश की जनता से मेरा अद्भुत रिश्ता है। मैहर से जबलपुर कल रात (शनिवार को) बाय रोड गया, तो आधी रात को



भी जनता सड़कों पर खड़ी थी और हर जगह भैया, मामा कह रही थी। जनता का प्यार देखकर, मेरा तो जीवन धन्य हो गया।

सीएम शिवराज ने अपनी सरकार की उपलब्धियां गिनाते हुए कहा कि लाड़ली बहना योजना अद्भुत योजना है। बहनों को आंसू न बहाना पड़े। 1000-500 रुपये के लिए उन्हें हाथ न फैलाने पड़ें, इसके लिए मैंने यह योजना बनाई ताकि अपनी बहनों की जिंदगी बदल पाऊं। सबसे पहले मैंने लाड़ली लक्ष्मी और उसके बाद कन्या विवाह योजना बनाई। मैंने मुख्यमंत्री बनकर नहीं, हमेशा परिवार के भाव से सरकार चलाई। मैंने मुख्यमंत्री आवासीय भू-अधिकार योजना बनाई और तय किया कि जिन गरीबों के पास रहने की जमीन नहीं है, उन्हें जमीन उपलब्ध कराएंगे।

# बहुजन समाज पार्टी मस्तूरी के सैकड़ो कार्यकताओं ने भी दिया बाहरी भगाओ का नारा, पार्टी छोड़ निर्दलीय प्रत्याशी के समर्थन में आए

**समाज जागरण ब्यूरो विवेक देशमुख**

मस्तूरी। विधानसभा क्षेत्र के बहुजन समाज पार्टी के सैकड़ो कार्यकर्ताओं ने आज मस्तूरी मुख्यालय स्थित निषादराज भवन में एकत्रित होकर विधानसभा कार्यकर्ता बैठक आहूत किया गया, जिसमें सर्व सहमति से यह निर्णय लिया गया कि मस्तूरी विधानसभा की बहुजन समाज पार्टी के प्रत्याशी दाऊराम रत्नाकर से नाखुश होकर बहुजन समाज पार्टी के वरिष्ठ एवं जमीनी कार्यकर्ता सैकड़ो की तादाद में निर्दलीय प्रत्याशी सुखराम खुंटे को समर्थन करने के संकल्प लिया। मस्तूरी के बाजार मोहल्ले के पास एकत्रित होकर सभी उपस्थित बहुजन समाज पार्टी के कार्यकताओं ने एक स्वर में बाहरी भगाव का नारा लगाते हुए विरोध प्रदर्शन भी किया। मस्तूरी, जयरामनगर,पचपेड़ी, जोंधरा, परिक्षेत्र के ओम प्रकाश राय, महावीर खटकर, अंजान बंजारे, बालमुकुंद राय ,विराट पटेल, मुकुंद पटेल, मनीराम साहू, नंद पटेल, काशीराम पटेल, छोरा यादव, गंगाराम केवट, गणेश निणेजक, तोता मनी



केवट, धनीराम कोसले, रामसरोज साहू, हराम सिंह नेताम, सहीत बहुजन समाज पार्टी के कार्यकर्ताओं ने होने वाले विधानसभा चुनाव में अपने बहुजन समाज पार्टी के प्रत्याशी का समर्थन न कर निर्दलीय प्रत्याशी का समर्थन करने की संकल्प लिया।

# भीषण सड़क हादसे में पिता पुत्र की मौत, एक की हालत गंभीर

**समाज जागरण/शिवशंकर पाण्डेय ब्यूरो चीफ**

बिरसा।(09 अक्टूबर )नौसिखिये चालक एवं बिना हेलमेट की वजह से क्षेत्र में आये दिन दुर्घटना की वजह मौते हो रही हैं।ऐसी ही एक सड़क दुर्घटना बिरसा पुलिस थाना अंतर्गत सालेटेकरी पुलिस चौकी के लाँजी सालेटेकरी मार्ग पर हुआ जिसमें पिता पुत्र की मौत हो गयी जबकि एक का पैर कट कर अलग हो गया जिससे दुर्घटना की भीषणता का अंदाजा लगाया जा सकता हैं।

### हंसिया बेचने गए थे बाइक सवार

बिरसा पुलिस से मिली जानकारी अनुसार ग्राम बनियाटोला झामूल निवासी महेश मेरावी अपने पुत्र रविंद्र व कार्तिक नामक बालक के साथ हंसिया बेचने लालपुर ग्रामपंचायत के भितरीपानी गए थे जहाँ से हंसिया बेचने के बाद तीनो बाइक से अपने गांव बनिया टोला वापस आ रहें थे कि अचानक सालेटेकरी मछुरदा के बीच पोटिया पाट के पहले गोलाई घाटी में एक पिकअप वाहन ने बाइक सवार को जोरदार टक्कर मारकर फरार हो गया, टक्कर इतनी जोरदार



थी कि बाइक का परखच्चा उड़ गया जिसमे बाइक सवार पिता पुत्र की घटना स्थल पर ही मौत हो गयी जबकि 12 वर्षीय कार्तिक का एक पैर कट कर अलग हो गया जिसे बिरसा स्वास्थ्य केंद्र भेजा गया जहाँ प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।

### इनकी हुई मौत

ए एस आई फूलचंद गजभिये ने बताया कि मृतको में महेश मेरावी उम्र 40 वर्ष व रविंद्र मेरावी उम्र 10 वर्ष जो आपस में पिता पुत्र थे, वहीं तीसरा बालक कार्तिक उम्र 12 वर्ष गंभीर रूप से घायल हैं जिसका इलाज जिला चिकित्सालय में चल रहा हैं। तीनों ग्राम झामूल के बनिया टोला निवासी हैं। मामले की जाँच प्रधान आरक्षक गुड्डू बनवाले एवं नवल किशोर कर रहें हैं।

# जयराम नगर कृषि उपज मंडी में हुआ पांच करोड़ सैतालिस लाख के कार्यो का भूमिपूजन और शिलान्यास

**समाज जागरण ब्यूरो विवेक देशमुख**

मस्तुरी। जयरामनगर मेअपैक्स बैंक के अध्यक्ष बैजनाथ चंद्राकर के मुख्य आतिथ्य में जयराम नगर कृषि उपज में किसान कुटीर, काम्प्लेक्स, सीसी रोड निर्माण आदि कार्यों का भूमिपूजन और शिलान्यास किया गया।




इस अवसर पर क्षेत्र के लोगो द्वारा जयराम नगर में सहकारी बैंक की शाखा खोलने के लिए अध्यक्ष महोदय को ज्ञापन भी सौंपा। इस कार्यक्रम में जिला सहकारी बैंक के अध्यक्ष प्रमोद नायक, प्रदेश प्रवक्ता अभय नारायण राय, पूर्व विधायक दिलीप लहरिया, ब्लॉक अध्यक्ष नागेंद्र राय, जनपद अध्यक्ष रामनारायण राठौर, मंडी अध्यक्ष शंकर यादव, उपाध्यक्ष संतोष दुबे,जयंत मनहर, राजेश्वर भार्गव, जिला पंचायत सदस्य किरण यादव, देव चंद्राकर, किसान कांग्रेस के ब्लॉक अध्यक्ष विनोद सिंह, अखिलेश दुबे, रामेश्वर साहू, देव सिंह पोरते, भगीरथी पोरते, मेघनाथ खांडेकर, कामिनी दिनकर, प्रमोद जायसवाल, एरमसाही सरपंच रामचंद यादव, हरदडीह सरपंच कीर्तन मरावी, जोन प्रभारी अजय शर्मा, हिमांशु शर्मा, घनश्याम नेताम, राजेंद्र गुड्डू राठौर, भैया राम साहू, बलिराम पटेल, सभी मंडी सदस्य और कर्मचारी उपस्थित रहे।

# मूलभूत सुविधाओं से वंचित ग्रामीणों ने गांव में नेताओं की एंट्री पर लगायी रोक

**समाज जागरण/शिवशंकर पाण्डेय ब्यूरो चीफ**

बालाघाट।(09अक्टूबर )चुनाव के पहले शासकीय कर्मचारी से लेकर ग्रामीण तक अपनी अपनी समस्या को लेकर शासन का ध्यान आकर्षित करने के लिए धरना प्रदर्शन व गांव में राजनीतिक दलों की एंट्री पर रोक लगा रहें हैं। इन सबके बीच जिले के कटंगी जनपद की ग्राम पंचायत अंबेझरी के खैरलांजी गांव के ग्रामीणों ने अभी से आगामी समय में होने वाले विधानसभा चुनाव का बहिष्कार करते हुए गांव में किसी भी राजनीतिक दल को चुनाव प्रचार के लिए आने पर रोक लगा दी हैं। बता दें बावनथड़ी नदी पर राजीव सागर बांध के बनने के बाद यानी की बीते करीब 10 सालों से अंबेझरी से खैरलांजी के बीच सड़क मार्ग पर निर्मित पुलिया पानी में डूब जाती है। करीब 8 माह



पुलिया जलमग्न रहती है, जिस कारण खैरलांजी से अंबेझरी मुख्य सड़क मार्ग से आवाजाही बंद रहती है। ग्रामीणों को जंगल के कच्चे रास्ते आना-जाना पड़ता है। ग्रामीणों ने कई बार जनप्रतिनिधियों से ऊंचे पुल के निर्माण की मांग की। लेकिन किसी ने ध्यान नहीं दिया।इस लिए ग्रामीणों ने चुनाव के पहले बाकायदा बैनर के माध्यम से राजनीतिक दलों के नेताओं के गांव में प्रवेश पर प्रतिबन्ध लगा दिया हैं जिसका प्रचार प्रसार बैनर के माध्यम से किया जा रहा हैं। ग्रामीणों ने कहा कि पुल नहीं तो वोट नहीं जिस पर पूरा गाँव अडिग हैं।

# रतनजोत के बीज खाने से छात्र हुए बीमार, अस्पताल में किया गया भर्ती

**समाज जागरण/शिवशंकर पाण्डेय ब्यूरो चीफ**

बालाघाट।(09 अक्टूबर )कटंगी विकासखंड के अंतर्गत आने वाले शासकीय प्राथमिक शाला खजरी में शनिवार को छः स्कूली छात्रों ने रतनजोत के बीज खा लिए। जिससे सभी की तबीयत बिगड़ गई। देर शाम बच्चों को सरकारी अस्पताल कटंगी में भर्ती करवाया गया। बच्चों के परिजनों के मुताबिक जब बच्चे घर लौटें तो सामान्य थे, अचानक से उनकी तबीयत बिगड़ने लगी जिसके बाद सभी को अस्पताल लाकर भर्ती करवाया गया। जानकारी अनुसार शासकीय प्राथमिक शाला खजरी में कक्षा तीसरी में अध्ययनरत छात्र आर्यन पिता दिनेश, आर्यन पिता सीताराम, दिपेश पिता बलराम, रियांश पिता लिखिराम, सौरभ पिता संजय और हिमांशु पिता संजय ने रतनजोत का सेवन कर लिया था। बताया जा रहा है कि दो बजे जब बच्चे भोजन के बाद पानी लेने के लिए हैंडपंप की तरफ गए तभी सब ने मिलकर रतनजोत के बीज का सेवन कर लिया था। हालांकि इसके बाद भी बच्चे स्कूल में ही थे, लेकिन जब छुट्टी के बाद अपने घर लौटें तो सभी की तबीयत बिगड़ने लगी। जिसके बाद परिजनों ने बच्चों को अस्पताल लाकर भर्ती करवाया और स्कूल स्टाफ को सूचना दी। सूचना मिलने पर स्कूल स्टाफ अस्पताल पहुंचा। वहीं घटना की जानकारी मिलने पर कटंगी थाना प्रभारी जयंत मर्सकोले मौके पर पहुंचे, जिन्होंने



बच्चों के परिजनों से चर्चा की। वहीं बच्चों के परिजनों ने बताया कि शाम को सभी की तबीयत अचानक से बिगड़ना शुरू हुई।सभी छात्रों का इलाज के बाद सुधार हो गया हैं जिन्हे अस्पताल से छुट्टी दें दी गयी हैं।

# किशोरी की हत्या अबतक बनी अनसुलझी पहेली

**समाज जागरण अयोध्या।** इनायतनगर थाना क्षेत्र के रेवना गांव में शुक्रवार की शाम हुई एक किशोरी की हत्या का पेंच अभी भी उलझा हुआ है। लड़की के पिता की ओर से अज्ञात व्यक्ति के नाम हत्या की तहरीर दी गई है। इसके बाद इनायतनगर पुलिस ने हत्या का केस भी रजिस्टर्ड कर लिया है। लेकिन सवाल अभी भी उलझा हुआ है। पुलिस का कहना है कि किशोरी के साथ रेप जैसी कोई अश्लील वारदात नहीं हुई है। यह केस केवल हत्या का केस है। लड़की का पिता कहता है कि मेरी किसी से दुश्मनी नहीं है, ऐसे में सवाल उठता है कि बिना किसी कारण के कोई किसी व्यक्ति की हत्या काहे लिए कर देगा। मृतका का घर सुनसान स्थान पर है और उसके आस पड़ोस में थोड़ी दूर पर मात्र एक सरकारी स्कूल है। इसके अलावा तकरीबन 100 मीटर पर ही दो मकान और हैं।जिस समय वारदात होती है, उस समय लड़की का पिता बाहर मजदूरी के लिए गया हुआ



बताया जा रहा है और लड़की की मां को बताया जा रहा है कि वह भुट्टा बेचने गई थी। घर में कोई नहीं था। प्रत्यक्ष दर्शियों का कहना है कि मृतका की लाश को सलीके से देखा जाए तो उसके कपड़े अस्त-व्यस्त थे। गले में दुपट्टे का फंदा लगाया गया था और काटे का निशान था। बगल में हसिंया पड़ी थी। जिस पर खून लगा हुआ था। अब लोगों को शक है कि लड़की के साथ किसी ने अश्लील हरकत की होगी और जब लड़की ने यह बताया होगा कि हम घर वालों को बता देंगे तो उस व्यक्ति ने उसकी हसिंया से मारकर हत्या कर दी या एक सवाल यह भी उठता है कि घर वालों ने ही किसी के साथ लड़की को देख लिया हो। फिलहाल पुलिस ने कुछ लोगों को पूछताछ के लिए उठाया है, लेकिन पुलिस उनके नाम का खुलासा नहीं कर रही है।

# खजुरहट रेलवे स्टेशन के पास दो ट्रैकों के बीच में वृद्ध का मिला शव

**समाज जागरण अयोध्या।** बीकापुर कोतवाली अंतर्गत अयोध्या प्रयागराज रेलखंड पर खजुरहट रेलवे स्टेशन के पास दो ट्रैकों के बीच में शनिवार सुबह करीब 70 वर्षीय बुजुर्ग का संदिग्ध अवस्था में शव मिलने के बाद मौके पर ग्रामीणों की भीड़ इकट्ठा हो गई। लोगों द्वारा दी गई सूचना पर टीम के साथ पहुंचे कोतवाल राजेश कुमार राय द्वारा जांच पड़ताल शुरू की गई और सूचना जीआरपी पुलिस को दी गई।

मृतक बुजुर्ग की पहचान राम यस उपाध्याय पुत्र जगन्नाथ निवासी मंगारी चौरे बाजार के रूप में हुई। लोगों द्वारा बताया गया कि शुक्रवार की रात को बाद पैदल खजुरहट रेलवे स्ट्रेशन से होते हुए अपने घर मंगारी की तरफ जाते हुए दिखाई दिया था। पूछने पर बताया था कि ऐसे ही किनारे किनारे घर चले जाएंगे परंतु घर नहीं पहुंचा। रात में परिजनों द्वारा खोजबीन की गई लेकिन कुछ पता नहीं चला। जिस जगह पर मृतक का शव पड़ा हुआ था। वहां पर लोहे का एक पिलर गड़ा है। जिसके पास में इसका सिर आगे से पूरा चेहरा खराब होकर के बाहर गिर गया प्रतीत हो रहा था। आशंका जता रही है कि ट्रेन की चपेट में आने पर तेज हवा से वह जाकर पिलर से टकरा गया और उसका आगे से पूरा चेहरा सिर फटने से उसकी मौत हुई है।



ट्रेन हादसे में बुजुर्ग की हुई मौत से परिवार में कोहराम मच गया। बीकापुर कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक राजेश कुमार राय ने बताया कि घटनास्थल का एरिया जीआरपी का होने के कारण रेलवे पुलिस को सूचना दी गई। मौके पर पहुंची रेलवे पुलिस द्वारा पंचायत नामा की कार्रवाई शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

# भाजपा पूर्व विधायक ने किया खटिया बतकही का कार्यक्रम

***जनमानस के बीच जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से किया गया कार्यक्रम, राघवेन्द्र,***

***विधायक ने दिया सरकार के कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी,***

***पूर्व विधायक ने कहा 2024 लोकसभा चुनाव में हमारा प्रत्याशी होगा कमाल के फूल का चेहरा।***

**दैनिक समाज जागरण सुनील श्रीवास्तव**

सिद्धार्थनगर। जिले के डुमरियागंज के ग्राम खरगौला में देर शाम को अनुसूचित बस्ती में खटिया बतकही कार्यक्रम का आयोजन हुआ। खटिया बतकही कार्यक्रम में मोदी योगी विकास योजनाओं पर चर्चा किया गया। पूर्व विधायक राघवेन्द्र प्रताप सिंह ने बताया कि खटिया बतकही कार्यक्रम का आयोजन मोदी योगी सरकार द्वारा शुरू की गई सभी जनकल्याणकारी, लाभकारी योजनाओं के बारे में आमजानस के बीच जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से किया गया हैं। उन्होंने मोदी सरकार की योजनाओं के महत्व और व्यक्तियों और उनके परिवारों पर उनके सकारात्मक प्रभाव के बारे में बताया। उन्होंने आयुष्मान भारत, स्टैंड अप इंडिया, स्किल इंडिया, उज्ज्वला योजना, गरीब कल्याण योजना और कई अन्य योजनाओं पर प्रकाश डाला और इस बात पर जोर दिया कि कैसे इन पहलों ने आम जनमानस के जनजीवन में सुधार हुआ है। कार्यक्रम के दौरान पूर्व विधायक राघवेन्द्र प्रताप सिंह ने जनता से सीधा संवाद किया और जनता से सरकार की योजनाओं का फीडबैक लिया। उन्होंने पूछा कि योजनाओं का लाभ मिल रहा या नहीं, जिस पर जनता ने एकस्वर में जवाब दिया की भाजपा सरकार की योजनाओं का लाभ बिना किसी भेदभाव के प्रत्येक व समाज के अंतिम कड़ी में खड़े व्यक्ति को भी मिल रहा हैं।

राघवेन्द्र प्रताप सिंह ने उपस्थित लोगों के बीच सरकार की जनकल्याणकारी और विकास की योजनाओं के बारे में विस्तृत चर्चा किया।राघवेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि गरीबों की लाचारी का फायदा उठाकर योजनाबद्ध तरीके से कुछ धार्मिक संगठनों, देशद्रोही असामाजिक तत्वों, विदेशी संगठनों के इशारे पर लोगों बहकाकर धर्मांतरित कराने व लवजिहाद का शिकार बनाने का कार्य किया जा रहा हैं, ऐसे लोगों से सावधान रहने की आवश्यकता हैं। राघवेन्द्र प्रताप सिंह ने बताया कि देश में मोदी व भाजपा की अभी बहुत आवश्यकता हैं, आने वाले 2024 की लोकसभा के चुनाव में हमारा प्रत्याशी कमल का फूल होगा चेहरा कोई भी हो पर हम सभी को मोदी और योगी के चेहरे व काम को ध्यान में रखकर कमल के फूल को वोट देकर भाजपा को जितना होगा। उन्होंने सभी से भाजपा को वोट देने का आवाहन किया।

# शिक्षामित्र करेंगे 18 अक्टूबर को लखनऊ में धरना प्रदर्शन

कुठौंद जालौन,, विकासखंड कुठौंद में आज प्राथमिक शिक्षामित्र संघ की बैठक प्राइमरी विद्यालय कुठौंद में हुई ,बैठक की अध्यक्षता अजय कुमार प्रा.शि.संघ जिला उपाध्यक्ष ने की , विशिष्ट अतिथि जिलाध्यक्ष इन्द्रजीत विश्वकर्मा और दिनेश यादव एआरपी ने प्रतिभाग किया, बैठक में काशीप्रसाद राठौर को सर्वसम्मति से अध्यक्ष निर्वाचित किया गया , वर्तमान में शिक्षामित्र मंहगाई की मार से परेशान हैं सरकार शिक्षामित्र समस्याओं के सामाधान करने का वादा करके सत्ता में आई है परन्तु शिक्षामित्रों के मानदेय में दस साल से कोई वृद्धि नहीं की गयी है , समान कार्य समान की मांग को लेकर शिक्षामित्र ईको गार्ड लखनऊ में 18 अक्टूबर को विशाल धरना प्रदर्शन की रुप रेखा तैयार की गयी , जिलाध्यक्ष ने कहा की वर्तमान परिस्थितियों में एक होकर संघर्ष करने की आवश्यकता है ,हम सभी



एक न एक दिन जरूर पुनः कामयाब होंगे , समस्त शिक्षामित्र धरना में प्रतिभाग करे , यदि सरकार शिक्षामित्रों की समस्याओं का समाधान नहीं करती है तो आर पार की लड़ाई शिक्षामित्र संघ लड़ने के लिए तैयार है बैठक में में जितेन्द्र द्विवेदी,उमाकांत ,शीलप्रकाश , राजीव कुमार, सुमन द्विवेदी, शिवपाल, ममता, रष्मि राजावत , नीलम संध्या, उदयवीर , राम बहादुर, अखिलेश,संध्या कुशवाहा, राधा, शैलेन्द्र,चतुर सिंह, सुरजीत, अशोक सक्सेना, आदि शिक्षामित्र उपस्थित रहे ,संचालन सौरभ द्विवेदी ने किया।

# जिलाधिकारी द्वारा एसडीएम व तहसीलदार न्यायालय का किया गया निरीक्षण कर लम्बित मामलों को शीघ्र निस्तारण के दिये गए निर्देश

उरई(जालौन)।जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने तहसील कालपी में उप जिलाधिकारी न्यायालय व तहसीलदार न्यायालय का मुआयना किया। उन्होंने सबसे पुराने लंबित मुकदमों के संबंध में जानकारी लेते हुई उनके यथा शीघ्र निस्तारण की निर्देश दिए। उन्होंने धारा 24 के तहत कुछ मामलों में भी निर्धारित समय सीमा के उपरांत भी निस्तारण न होने पर नाराजगी व्यक्त की निर्देशित किया कि ऐसे मामलों को समय सीमा के अंदर निस्तारण करना सुनिश्चित करें। इसमें किसी भी प्रकार की शिथिलता न बरती जाए। उन्होंने राजस्व संहिता के संबंध पत्रावलियों की जानकारी लेने के साथ ही संबंधित पत्रावलियों का भी निरीक्षण कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने निर्देशित करते हुए कहा कि न्यायालय में लंबित बाद न रहे। प्राथमिकता से लंबित प्रकरण का निस्तारण करना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि अनावश्यक लंबित



वाद रखने पर संबंधित की जबाब देही तय होगी। उन्होंने फाइलों का रख रखाव और वादों के निस्तारण पर विशेष जोर दिया। उन्होंने उप जिलाधिकारी, तहसीलदार व नायब तहसीलदार को निर्देशित करते हुए कहा की धारा 80, धारा 24, धारा 116 में आवेदन प्राप्त होते ही आरसीसीएमएस पोर्टल पर प्राथमिकता के आधार पर दर्ज करें उसके बाद ही आवेदनों का निस्तारण करना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि धारा 34/35 के वादों में दाखिल खारिज समय सीमा के अंतर्गत नियमानुसार प्राथमिकता पर निस्तारण करना सुनिश्चित करेंगे। उन्होंने निर्देशित करते हुए कहा कि आमजन को खतौनी की नकल देने में विलंब न किया जाए समय सीमा के अंतर्गत निर्धारित शुल्क लेकर खतौनी उपलब्ध कराई जाए।

निरीक्षण के दौरान उप जिलाधिकारी के0के0 सिंह, तहसीलदार शेर सिंह सहित संबंधित अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

# 12 वर्षों से किसान अधिकारियों के कार्यालय की चौखट का काट रहा है चक्कर, अभी तक नहीं हुआ समाधान

## पीड़ित को अभीतक नहीं मिल सका मुआवजा, गन्ने की नष्ट हुई थी फसल

**समाज जागरण अयोध्या।** मिल्कीपुर तहसील सभागार में एडीएम प्रशासन की अध्यक्षता में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन होना था। लेकिन एडीएम प्रशासन के न आने पर एसडीएम राजीव रत्न सिंह व तहसीलदार प्रदीप कुमार सिंह जहां एक ओर फरियादियों की समस्याएं सुन रहे थे, वहीं दूसरी ओर तहसील क्षेत्र के कई विभागों के अधिकारी मोबाइल फोन में इंस्टाग्राम, शेयर चैट, फेसबुक, मैसेंजर में व्यस्त नजर आए। समाधान दिवस में तहसील क्षेत्र से 103 फरियादियों ने अपनी शिकायतें पेश की। इनमें से सिर्फ 5 पांच मामलों का निस्तारण मौके पर हो सका। 98 फरियादी मायूस होकर वापस घरों को वैरंग लौट गए। वहीं कुछ फरियादियों का तो शिकायती प्रार्थना पत्र ही समाधान दिवस में मौजूद अधिकारियों ने पंजीकृत ही नहीं करवाया। कहा समाधान दिवस से संबंधित मामला ही नहीं है।

मिल्कीपुर विकास खंड के सहुलारा गांव निवासी कृषक शिव प्रसाद पुत्र जोखन की वर्ष 2011 में विद्युत विभाग द्वारा तार खंभा बदलते समय विद्युत से गन्ने की फसल नष्ट हो गई थी। जिसकी शिकायत 1 फरवरी 2011 को विद्युत विभाग व तहसील दिवस में किया था, तो लेखपाल ने क्षति का आकलन कर तहसील को



रिपोर्ट सौंप दिया था। लेकिन आज तक कोई क्षतिपूर्ति नहीं दी गई है। पीड़ित का कहना है कि 12 वर्षों से डीएम, एसडीएम, तहसील, कृषि विभाग, व विद्युत विभाग का चक्कर लगा रहे हैं। हमारी क्षतिपूर्ति नहीं दिलाई जा सकी है। शिकायती पत्र का संज्ञान लेते हुए एसडीएम ने एस-डीओ विद्युत मिल्कीपुर व राजस्व निरीक्षक को जांच कर नियमानुसार कार्रवाई करने का निर्देश दिया है। अमानीगंज के इब्राहिमपुर गांव निवासिनी भलेश कुमारी आशाबाहू ने प्रार्थना पत्र दिया है कि माह फरवरी में फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम में 10 दिन कार्य किया था। जिसका मानदेय अभी तक नहीं मिला। तहसीलदार एमओआईसी खंडासा को जांच कर आवश्यक कार्यवाही करने का निर्देश दिया। थाना इनायत नगर क्षेत्र के कहुआ गांव निवासी शिव बहादुर दुबे ने प्रार्थना पत्र देते हुए बताया कि 44 शिकायती प्रार्थना पत्र पहले भी दे चुके हैं, आज 50 वां प्रार्थना पत्र दिया। लेकिन आज तक शिकायत का निस्तारण नहीं हो सका। ग्राम पंचायत की बंजर भूमि गाटा संख्या 368 पर गांव के कुछ लोगों द्वारा कब्जा कर अबैध निर्माण करा लिया गया है। प्रशासन खाली नहीं करवा रहा है।

# शिव धनुष खंडित देखकर आग बबूला हुये भगवान परशुराम

**समाज जागरण अयोध्या।** विकासखंड क्षेत्र के उमरनी पिपरी चौराहे पर आयोजित किए जा रहे 10 दिवसीय रामलीला मंचन के तीसरे दिन शुक्रवार की रात रामलीला मंचन में स्थानीय कलाकारों द्वारा सीता स्वयंवर की लीला का मंचन किया गया। सीता स्वयंवर का निमंत्रण मिलने के बाद गुरु विश्वामित्र के साथ भगवान राम अपने छोटे भाई लक्ष्मण के साथ सीता स्वयंवर में शामिल होने के लिए जनकपुर प्रस्थान करते हैं। सीता स्वयंवर के दौरान राजा जनक द्वारा शिव धनुष उठाने की शर्त रखी जाती है। लेकिन कोई भी राजा शिव धनुष उठा नहीं पाता है। शिव धनुष ना टूटने पर राजा जनक को मायूस देखकर गुरु विश्वामित्र भगवान राम को धनुष तोड़ने के लिए कहते हैं। भगवान राम द्वारा शिव धनुष तोड़ने के बाद सीता जी भगवान राम गले में वरमाला डालती हैं। और चारों तरफ हर्षोल्लास छा जाता है। इसी दौरान स्वयंबर स्थल पर पहुंचे



भगवान परशुराम शिव धनुष को खंडित देखकर काफी क्रोधित होते हैं। लक्ष्मण जी से उनकी नोक होती है। लेकिन बाद में रामा अवतार की सच्चाई जानकर भगवान परशुराम बन को प्रस्थान करते हैं। रामलीला मंचन मे राम के पात्र अभिनय में पवन बर्मा लक्ष्मण के पात्र अभिनय में पवन कुमार, परशुराम के पात्र अभिनय में पवन पांडे द्वारा अपने जीवंत अभिनय से दर्शकों में छाप छोड़ी गई। रामलीला मंचन में रावण बाणासुर एवं लक्ष्मण परशुराम संवाद काफी रोचक रहा। जिसे दर्शकों द्वारा सराहा गया। मंचन के दौरान रामलीला समिति के प्रबंधक विश्राम वर्मा, अध्यक्ष दिनेश वर्मा, डायरेक्टर मोहम्मद जहीर, मीडिया प्रभारी राजेंद्र पाठक, पूर्व प्रधान जितेंद्र वर्मा, ओम प्रकाश वर्मा, मेवा लाल बर्मा, विकास पाठक, पारस पांडे सहित रामलला समिति के लोग मौजूद रहे। सुरक्षा व्यवस्था को लेकर कोतवाली पुलिस मौजूद रही।

## खाकी का खौफ खत्म

# घर का दरवाजा खोल रही महिला से चेन लूट, पीजीआई कोतवाली क्षेत्र के सेक्टर 5 की घटना मुकदमा दर्ज।

**समाज जागरण ब्यूरो लखनऊ।**

लखनऊ।वृंदावन योजना सेक्टर 5में बाजार से लौटी महिला घर का दरवाजा खोलने लगी,पीछे से आए बाइक सवार बदमाशों ने गले में पहनी चेन तोड़ ली और भाग निकले, पीड़िता ने पीजीआई कोतवाली पुलिस को तहरीर दी पुलिस मुकदमा दर्ज कर सीसीटीवी फुटेज में सुराग तलाश रही है।

उर्मिला यादव 5बी/139 वृंदावन योजना सेक्टर 5 राय बरेली रोड पीजीआई, लखनऊ में परिवार के साथ रहती हैं। उन्होनें बताया कि शनिवार शाम करीब साढ़े सात बजे,कालोनी में लगने वाली सब्जी बाजार से सब्जी लेकर घर लौटी थी।

जैसे ही घर का दरवाजा खोलने के लिए पीछे मुड़ी, अज्ञात व्यक्ति ने पीछे से गले मे हाथ डालकर चेन तोड़ लिया। बदमाश ने सफेद रंग का कुर्ता पहना हुआ था, दूसरा बदमाश बाइक पर हेलमेट पहन कर बैठा था। आरोप है कि शोर मचाने के बाद भी आसपास के लोग मदद के लिए नहीं आए।और वह चेन तोड़कर बाइक से भाग निकले।

**पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है।**

## साथी संग मिलकर दलित महिला से दुष्कर्म कर वीडियो वायरल करने की धमकी देने वाला आरोपी गिरफ्तार।

**लखनऊ। संवाददाता**

लखनऊ।आशियाना थाना क्षेत्र में दलित विधवा महिला को शादी का झांसा दे, अपने साथी संग मिलकर महिला से दुष्कर्म कर, दुष्कर्म का वीडियो बना वायरल करने की धमकी देने वाले आरोपी को रविवार सुबह आशियाना पुलिस ने गिरफ्तार कर दर्ज मुकदमे में कार्रवाई करते हुए जेल भेज दिया।

सहायक पुलिस आयुक्त कैंट अभिनव कुमार ने बताया कि आशियाना क्षेत्र में रहने वाली एक दलित विधवा महिला ने आरोपी के खिलाफ अपने साथी संग मिलकर दुष्कर्म करने का आरोप लगाया था। पीडिता का आरोप था कि आरोपी ने दुष्कर्म के दौरान उसका अश्लील वीडियो बना लिया था। और उसके साथ मारपीट करते हुए जातिसूचक गाली दे वीडियो को वायरल करने की धमकी दे रहा था। जिसपर पीड़िता की शिकायत पर आरोपी एवं उसके साथी के खिलाफ दुष्कर्म मारपीट धमकी एवं एससीएसटी धारा में मुकदमा दर्ज कर आरोपी की तलाश की जा रही थी। रविवार सुबह मुखबिर की सूचना पर आरोपी अशोक सिंह निवासी मुन्नू खेड़ा, हसनगंज जनपद उन्नाव हालपता मुराईनखेड़ा भदरुख बंगला बाजार थाना आशियाना को देवी खेड़ा मोड़ के पास से गिरफ्तार कर दर्ज मुकदमे में कार्रवाई करते हुए जेल भेज दिया है।

# महिला सशक्तिकरण कार्यक्रम में शामिल हुए केंद्रीय मंत्री भानू प्रताप वर्मा

- सरकार में महिलाओं को स्वतंत्र रहने का अधिकार

- विधेयक से महिलाओं को मिलेगा उनका हक

**समाज जागरण**

माधौगढ़ संवाददाताः नगर पंचयात माधौगढ़ के गाँधी चबूतरा में आयोजित महिला शशक्तिकरण विधेयक कार्यक्रम का आयोजित किया गया जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में केंद्रीय मंत्री भानुप्रताप वर्मा ने की शिरकत की उन्होंने अपने उद्बबोधन में कहा कि इस विधेयक से महिलाओ को उनका हक मिलेगा और देश की महिलाएं और भी सशक्त होगी !केंद्रीय मंत्री भानुप्रताप वर्मा ने कड़े तेवर करते हुए इशारों ही इशारों में फर्जी मुकदमा लिखाने बालों को हिदायत दे डाली।

कार्यक्रम में उदभोदन के दौरान केंद्रीय मंत्री भानू प्रताप वर्मा ने इशारों ही इशारों में बंदर घुड़की देने वाले नेता की फजियत कर डाली उन्होंने कहा कि चुनाव में बोट ना देने एवं अपने आपसी फसाद को इखतिहार करते है एवं जेल भेजने जैसी धमकी देने वाले नेता भाजपा की राजनीति को गलत साबित कर रहे है इस प्रकार के नेता की राजनीति ज्यादा दिन भाजपा में नही चलने वाली इस



प्रकार से केंद्रीय मंत्री भानू प्रताप वर्मा ने कई तीखे शब्दों से निशाना साधा उन्होंने कहा कि इस सरकार में जनता स्वतंत्र है तो वहीं जिलाध्यक्ष उर्विजा दीक्षित ने कहा कि महिलाओं को अपनी बात कहने व रखने का पूरा अधिकार इस अवसर पर कार्यक्रम में मुख्य रूप से भानुप्रताप वर्मा के साथ जिला अध्यक्ष उर्विजा दीक्षित ,पूर्व जिलाध्यक्ष जगदीश तिवारी, डिम्पल नदीगांव, ब्लॉक प्रमुख चिंतामन दोहरे, मौजूद थे इस मौके पर नगर पंचायत अध्यक्ष राघवेंद्र व्यास,मण्डल अध्यक्ष शत्रुघ्न सिंह सेंगर, पूर्व मण्डल अध्यक्ष सत्येंद्र भदौरिया, किसान मोर्चा जिला मंत्री आनंद तिवारी, महेश दीक्षित,कोमल मिहोनी, दिनेश कुटरा, डब्बू सिंह,सुदीप सेंगर,युवा मोर्चा मण्डल अध्यक्ष शिवम् हरौली, मोहित गुप्ता, फाइटर डिकोली, पचानी सेंगर, राहुल शर्मा , अनमोल द्विवेदी, ध्रुव सेंगर, दीनबंधु द्विवेदी मनोज शिवहरे मिट्ठू चिरवरिया, दिनेश सोनी सन्तोष शिवहरे रामाकांत राठौर सहित सैकड़ो कार्यकर्ता मौजूद रहे!

# जनपद में 30 नवम्बर तक धारा 144 लागू हुई

**समाज जागरण अयोध्या।**

जिला में 30 नवम्बर तक धारा 144 लागू कर दी गई है। जिला मजिस्ट्रेट नितीश कुमार ने बताया कि आगामी दिनों में विभिन्न त्योहारों पर्वों धार्मिक एंव रानैतिक संगठनो के कार्यक्रमों तथा परीक्ष-ाओं के देखते हुए जनपद निषेधाज्ञाएं लगाई जाती है।




जिला मजिस्ट्रेट द्वारा पारित ओदश के अनुसार अयोध्या दण्ड प्रक्रिया संहिता की धारा 144 में विहित अधिकारों का प्रयोग करते हुए लोक/शान्ति/कानून व्यवस्था/जन सुरक्षा एवं जनजीवन को सामान्य बनाये रखने की दृष्टि से जनपद की सम्पूर्ण सीमा में इसके अन्तर्गत पड़ने वाले समस्त नगरीय एवं ग्रामीण क्षेत्र हेतु निम्नलिखित निषेधाज्ञाएं पारित की जाती है। उपरोक्त आदेश को तात्कालिक रूप से पारित करने की आवश्यकता है, ऐसी दशा में समयाभाव के कारण समस्त सम्बन्धितों को समय से सूचित कर किसी अन्य पक्ष को सुना जाना संभव नहीं है। यह आदेश तत्काल प्रभाव से लागू होगें और यदि बीच में वापस न लिया गया, तो दिनांक 30 नवम्बर तक प्रभावी इस आदेश अथवा इसके किसी भी अंश का उल्लंघन भारतीय दण्ड विधान की धारा 188 के अन्तर्गत दण्डनीय अपराध होगा।

# खेत में लगे करंट की चपेट में आने से महिला की हुयी मौत

**समाज जागरण अयोध्या।**

जनपद के हैदरगंज थाना क्षेत्र में विद्युत करंट की चपेट में आने से एक महिला की मौत हो गयी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने महिला के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेजा है।




थाना क्षेत्र हैदरगंज के बेला रामबाग निवासी श्रीनाथ यादव (70) ने बताया कि वह अपनी बहू अनीता (34) पत्नी अवनीश यादव, नातिन मुस्कान (12), शालिनी (10), नाती शिवांश (7) को लेकर शनिवार को गांव से दूर सिवान में धान की फसल पशु चारे के लिए कटाई करने गया था। धान की कटाई करके कुलाई करते समय बगल शत्रुघ्न, रामदीन ने अपने खेतों के किनारे फसल को पशुओं से बचाव के लिए तार का बाढ़ बांध रखा है। इसमें विद्युत करंट प्रवाहित हो रहा था। बहू अचानक तार पर गिर गई और चिल्लाने लगी। उसकी आवाज सुनकर वह और गांव के श्री भगवान मौर्य दौड़े और बिजली के तार को ट्यूबवेल के पास से छुड़ाया। तब तक अनीत पूरी तरह झुलस गई थी। उसे सीएचसी पाराराम ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया।

इस संबंध में थानाध्यक्ष हैदरगंज मोहम्मद अरशद ने बताया सूचना मिली है शव को कब्जे में लेकर पंचनामा कराकर पोस्टमार्टम को भेज दिया गया है। शिकायती पत्र के आधार पर कार्यवाही की जाएगी।

# पूर्व विधायक खब्बू तिवारी की जमानत मंजूर होने पर समर्थकों में खुशी की लहर

**अयोध्या ।**

अयोध्या जनपद के सर्वाधिक लोकप्रिय भाजपा नेता गोसाईगंज के पूर्व विधायक इंद्र प्रताप तिवारी खब्बू कि जमानत याचिका मंजूर होने पर संपूर्ण जनपद में खुशी की लहर सोहावल क्षेत्र के सभापति कप्तान तिवारी पूर्व



सभापति गौतम प्रधान राजेश तिवारी पाण्डेय विवेक तिवारी बंटी पूर्व प्रधान विनोद तिवारी कृष्ण कुमार बाबा दयानाथ पाण्डेय सतेंद्र तिवारी जमुना तिवारी पूर्व प्रधान ध्रुव सिंह जगत राम पाण्डेय योगेंद्र तिवारी रामकरन तिवारी कृष्णा तिवारी राजकुमार त्यागी शिव गोविंद पांडेय शीतला प्रसाद तिवारी दुर्गा प्रसाद तिवारी रानू दुबे राजू पांडेय बालमीक पांडेय प्रधान गिरजेश त्रिपाठी बब्बू सदाशिव तिवारी पूर्व प्रधान मालेन्द्र तिवारी पूर्व प्रधान राजेश तिवारी अमेरिका प्रसाद तिवारी राकेश दुबे रणजीत सिंह धीरेंद्र सिंह वीरेंद्र सिंह भोलू शुक्ला देव प्रकाश तिवारी मनीष तिवारी बंटी राम केवल रावत प्रधान रियाज अली सहित सैकड़ो लोगों ने एक दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी जाहिर की

# ब्लाक स्तर पर आयोजित हुई कम्प्यूटर ज्ञान प्रतियोगिता सकुशल हुयी संपन्न

**समाज जागरण अयोध्या।**

सीआईटी कंप्यूटर इंस्टिट्यूट में ब्लाक स्तरीय कम्प्यूटर ज्ञान प्रतियोगिता आयोजित हुयी । रामदेव महाविद्यालय हैरिंग्टनगंज को परीक्षा केंद्र बनाया गया था । कम्प्यूटर ज्ञान प्रतियोगिता में 250 परीक्षार्थियों ने अपना पंजीकरण कराया था ।जिसमें से परीक्षा केंद्र पर 241 परीक्षार्थी हुए उपस्थित और 8 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। सीसीटीवी के निगरानी में नकल करने वाले छात्रों की हो रही थी निगरानी । प्रतियोगिता परीक्षा सीआईटी कम्प्यूटर इंस्टिट्यूट के द्वारा आयोजित करायी गयी थी ।



प्रतियोगी परीक्षा में मेधावी छात्र एवं छात्राओं को विश्व कम्प्यूटर साक्षरता दिवस पर सीआईटी कंप्यूटर इंस्टिट्यूट पर सम्मानित किया जाएगा।

परीक्षा के केंद्र व्यवस्थापक अरुण कुमार सिंह को नियुक्ति किया गया था । रामदेव महाविद्यालय में परीक्षा केंद्र पर कक्ष निरीक्षक के रूप में तैनात अनुराग, अजय चौरसिया, सुजीत यादव, अवनीश यादव, अंकित सिंह, मुकेश कुमार, नीरज यादव , चंदन अग्रहरी, हेमंत, अजय कसौधन, मनीष सिंह, आदि अध्यापक के मौजूदा में परीक्षा संपन्न हुई।

# "अस्सी वर्षीय वृद्ध की बिजली के करंट से मौत"

**समाज जागरण अयोध्या ।**

थाना इनायतनगर की पुलिस चौकी हैरिंग्टनगंज क्षेत्र के रेवना मजरे भरतपुर में रमेशचंद्र श्रीवास्तव के 80 वर्षीय ससुर बच्चन लाल श्रीवास्तव करीब एक हफ्ते से पित्र पक्ष में आयोजित कार्यक्रम में शामिल होने के लिए जनपद सुल्तानपुर थाना धनपतगंज मायंग से बिटिया के घर आये हुये थे । रविवार को दोपहर के करीब लोहे के दरवाजे में उतरे बिजली के करंट चपेट में आने से उनकी मौत हो गयी। उपनिरीक्षक राजेश यादव ने बताया कि करंट लगने के बाद सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र हैरिंग्टनगंज पर ले जाया गया, जहां पर डाक्टरों ने बच्चन लाल श्रीवास्तव को मृत घोषित कर दिया। शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

# ब्राह्मण समाज के साथ उनके परिवार की 4 पीढ़ियों का रिश्ता- भूपेन्द्र सिंह हुड्डा

## ब्राह्मण समाज जब किसी का हाथ पकड़ ले तो देता है आखिरी दम तक उसका साथ- भूपेन्द्र सिंह हुड्डा

**विनोद कश्यप प्रभारी**
**दैनिक समाज जागरण पंजाब**
**हरियाणा व चण्डीगढ़**

चण्डीगढ़ ,अक्टूबर : हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री और विधानसभा में विपक्ष के नेता भूपेन्द्र सिंह हुड्डा ने आज रोहतक में दयानन्द विश्वविद्यालय के टैगोर सभागार में ब्राह्मण समाज को विश्वास दिलाया कि प्रदेश में उनकी सरकार आने पर ब्राह्मण समाज को पहले की तरह उचित सम्मान देने में कोई कसर नहीं छोड़ी जाएगी।




ब्राह्मण समाज की रीत के अनुसार इस कार्यक्रम की शुरूआत भगवान् श्रीपरशुराम की तस्वीर पर पुष्पांजलि और दीप प्रज्वलन करने के ऐ की गई। ब्राह्मण समाज द्वारा किये गये जोरदारे सम्मान से अभिभूत हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेन्द्र सिंह हुड्डा ने कहा कि "तम म्हारी कड़ बन के खड़े हो जाओ, फिर तो हम किसी के काबू के ही नहीं। तम मेरा सम्मान करो, मैं थारा सम्मान करुंगा ये समझौता कर लो।" भूपेंद्र हुड्डा ने सफल कार्यक्रम के लिये आयोजकों को बधाई दी।

पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष भूपेन्द्र सिंह हुड्डा ने कहा कि उनके परिवार और ब्राह्मण समाज का रिश्ता चार पीढ़ियों का है और ब्राह्मण समाज जब किसी का हाथ पकड़ लेता है तो आखिर तक उसका साथ देता है। आज प्रदेश का हर वर्ग इस बात को समझता है कि हरियाणा कहां से कहां पहुंच गया। इस बात की तकलीफ हर किसी के दिल में है।

उन्होंने कहा कि उनकी सरकार ने 2009 में पहरावर गांव की पंचायत ने 15 एकड़ से ज्यादा जमीन गौड़ ब्राह्मण प्रचारिणी सभा को दी थी। इसके लिए कैबिनेट में प्रस्ताव पास हुआ था। जिसे मौजूदा गठबंधन सरकार ने बदलने का प्रयास किया। उन्होंने बताया कि जब उन्हें सरकार में मौका मिला तो गौड़ ब्राह्मण संस्था की सबसे ज्यादा मदद करने का प्रयास किया। हमारी सरकार की कैबिनेट ने पहरावर में ब्राह्मण समाज को जमीन दी जिसे मौजूदा सरकार ने बदलने का प्रयास किया। आज साढ़े 9 साल में ब्राह्मण संस्थाओं को कुछ नहीं मिला? उन्होंने कई सवाल पूछते हुए लोगों से अपने दिल में इसका जवाब देने के लिए कहा।

पूर्व मुख्यमंत्री भूपेन्द्र सिंह हुड्डा ने पूछा कि हरियाणा में सबसे बड़ी नौकरी देने वाली संस्थान एचपीएससी का चेयरमैन ब्राह्मण किसने बनाया। धौली दारी की जमीन के मालिकाने हक का कानून किसने बनाया।

सबऑर्डिनेट कमीशन का मेम्बर किसने बनाया। पं. भगवत दयाल जी के नाम से पहली मेडिकल यूनिवर्सिटी किसने बनवायी। पहली बार विधायक कुलदीप शर्मा को स्पीकर किसने बनाया। ईडब्लूएस में ब्राह्मण समाज को 10 प्रतिशत आरक्षण विश्वविद्यालयों में वाइस चांसलर, खिलाड़ियों को डिप्टी एसपी किसने बनाया। 2019 चुनाव में एलान किया था कि सरकार बनेगी तो एक डिप्टी सीएम ब्राह्मण समाज का होगा। हमारी सरकार ने ईडब्लूएस में ब्राह्मण समाज के बच्चों को नौकरी दी। उन्होंने यह भी कहा कि पं. जवाहरलाल नेहरु, श्रीमती इंदिरा गांधी के जिस परिवार ने अपनी सारी जवानी जेलों में काटी आज कुछ ताकतें उनका नाम भी भुलाना चाहती हैं।

इससे पहले सांसद दीपेंद्र हुड्डा ने जैसे ही अपने सम्बोधन की शुरूआत की वहां मौजूद ब्राह्मण समाज ने जोरदार नारों के साथ उनका अभिवादन किया। दीपेंद्र हुड्डा ने कहा कि 2014 में लोगों ने बड़ी उम्मीद के साथ भाजपा की सरकार को मौका दिया। भाजपा ने लोगों से बड़े-बड़े वायदे किये लेकिन 2014 से पहले जो हरियाणा विकास के हर मामले में देश भर में नंबर 1 पर था वो हरियाणा साढ़े 9 साल के बाद विकास दर में 17वें नम्बर पर और बेरोजगारी दर में नंबर 1 पर पहुंच गया। महंगाई ने हर घर का बजट बिगाड़ दिया। प्रदेश विकास की पटरी से उतर गया। हरियाणा के नौजवान का भविष्य चौपट हो गया। इस सरकार ने हरियाणा का नाम भ्रष्टाचार में कलंकित करने का काम किया। जेजेपी ने 5100 बुढ़ापा पेंशन देने अपने भ्रष्टाचार की फाईलें बंद कराने के लिये भाजपा को समर्थन दिया।

उन्होंने कहा कि गठबंधन सरकार ने प्रदेश ही नहीं इस इलाके का भी काफी नुकसान किया। आज देश और प्रदेश के हालात जितने खराब हो गये हैं उसकी जिम्मेदार यहाँ सत्ता में बैठी भाजपा- जजपा गठबंधन की लुटेरी सरकार है। हरियाणा भर का हर आदमी इस सरकार को कोस रहा है।

उन्होंने कहा इस सरकार के कार्यकाल में हरियाणा के विकास की रफ्तार में ब्रेक लग गया है। आज अगर हुड्डा सरकार होती तो महम में इंटरनेशनल एयरपोर्ट, गोहाना में रेल कोच फैक्ट्री, झज्जर में 11 राष्ट्रीय संस्थान, मदीना में आईएमटी, झज्जर में थर्मल कारखाने के साथ बड़ा औद्योगिक क्षेत्र, बहादुरगढ़ से आगे रोहतक में मेट्रो पहुंच गयी होती। इस इलाके का नुकसान इसलिये हुआ क्योंकि राज चला गया। रोहतक दिल्ली से उतना ही नजदीक है जितना कि गुड़गांव, नोएडा, फरीदाबाद है। लेकिन जब प्रदेश में हुड्डा सरकार बनी तो इलाके में विकास हुआ। आज पूरे प्रदेश में परिवर्तन की लहर है पूरे प्रदेश में एक ही आवाज आ रही है कि

> **हरियाणा में अपने कार्यकाल में हमने ब्राह्मण समाज को सम्मान जनक पद,भूमि और विभिन्न ताकत दी**
>
> **आर्थिक रूप से पिछड़े ब्राह्मण समाज को दी नौकरियाँ - भूपेन्द्र सिंह हुड्डा**
>
> **कांग्रेस के कार्यकाल में हरियाणा विकास के अनेक मामलों में बना नंबर वन- भूपेन्द्र सिंह हुड्डा**
> **इस सरकार ने ब्राह्मण समाज को साढ़े 9 साल में नहीं दिया कुछ भी- भूपेन्द्र सिंह हुड्डा**

बीजेपी-जेजेपी सरकार जा रही है और कांग्रेस सरकार आ रही है।

उन्होंने कहा कि मुझे इस बात का गर्व है कि ब्राह्मण समाज का पूरा आशीर्वाद हमारे परिवार की चौथी पीढ़ी के साथ भी रहा है। ब्राह्मण समाज का पूरा साथ और पूरा आशीर्वाद हर चुनाव में रहा है। दीपेंद्र हुड्डा ने कहा कि इस बार भी हरियाणा में कांग्रेस सरकार बनने जा रही है और ब्राह्मण समाज के आशीर्वाद से कोई कसर बाकी नहीं रहेगी।

कर्यक्रम का आयोजन बादली विधायक कुलदीप वत्स ने किया। इस दौरान प्रमुख रूप से विधायक डॉ. रघुबीर सिंह कादयान, विधायक बीबी बतरा, विधायक शकुंतला खटक, पूर्व मंत्री आनन्द सिंह दांगी, पूर्व विधायक संत कुमार, विभिन्न ब्राह्मण संस्थाओं के पदाधिकारी, प्रतिनिधिगण, समाज के गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# हरियाणा पालिका कर्मचारी संघ ने समान काम समान वेतन देने की माँग पूरी नहीं करने पर दिया अल्टीमेटम

## रोहतक में 15 अक्टूबर को आयोजित आक्रोश रैली में प्रदेश सरकार को खामियाजा भुगतने के लिए बड़ी चुनौती

**विनोद कश्यप प्रभारी**
**दैनिक समाज जागरण पंजाब**
**हरियाणा व चण्डीगढ़**



चण्डीगढ़ अक्टूबरः हरियाणा पालिका कर्मचारी महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष राम चंद्र लम्बा ने कहा कि सफाई कर्मचारियों ने अपने डियूटी काल के अतिरिक्त अधिकारियों के कहने पर किसी आयोजन में समारोह के चलते अलग से सफाई करने और वातावरण को आदर्श बनाने के लिए भी काम किया है और अब भी कर रहे हैं।

उन्होंने ऐलान किया है कि पालिका संघ सरकार से अपनी माँगों को पूरा करवाने के लिए 15 अक्टूबर को रोहतक में एक जन आक्रोश रैली आयोजित करने जा रहा है। सरकार के सफाई कर्मचारी विरोध के चलते निर्णय लिया गया है कि भाजपा-जजपा गठबंधन सरकार ने अगर हमारी मांग नहीं मानी तो इस सरकार को आगामी चुनाव में उसका खामियाजा भुगतने के लिए तैयार हो जाने की जरूरत है।

महासभा के प्रदेशाध्यक्ष प्रो. रामचंद्र लिम्बा ने बताया कि वे महिलाओं को आरक्षण देने का तो समर्थन करते हैं, लेकिन जिस तरह और जिस रूप मे ये बिल लाया गया है, उसका हम विरोध करते हैं, क्योंकि यह कपटपूर्ण व पक्षपाती है। इसमें पिछड़ा वर्ग की महिलाओं की पूर्णतया उपेक्षा की गई है। प्रधानमंत्री ओबीसी का नकली लबादा ओढकर बार-बार पिछड़ा वर्ग को ठगने का काम कर रहे हैं, जो आगे नहीं चलने वाला। अब पिछड़ा वर्ग जाग चुका है और वह 2024 में इस अन्याय और छल कपट का जरूर बदला लेगा। प्रो. लिम्बा ने बताया कि महासभा मांग करती है कि सर्व प्रथम लंबित जातिगत जनगणना करवाई जाए और पिछड़ा वर्ग को विधायिका में आबादी के अनुपात में हिस्सेदारी दी जाए और ओ बी सी महिलाओं को भी महिलाओं के लिए आरक्षित 33ः सीटों में आबादी के अनुपात में सीटें निश्चित की जाए।

उन्होंने कहा कि आमजन को स्वच्छता के प्रति जागरूक करने के लिए एक तरफ तो सरकार व प्रशासन द्वारा विभिन्न जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाते है तथा सरकार के निदेर्शानुसार मंत्री व अधिकारी हाथ में झाड़ू लेकर शहर को` साफ-सुथरा व स्वच्छ बनाने की बात कहते है। वही दूसरी तरफ असल मायनों में शहर की सफाई व्यवस्था का बीड़ा उठाए हुए स्वच्छता प्रहरी अपनी विभिन्न मांगों को लेकर पिछले काफी दिनों से सघर्षरत्त है तथा सरकार से उनकी मांगें पूरी किए जाने की गुहार लगा रहे है, लेकिन सरकार उनकी मांगों को लगातार अनसुना किए जा रहे है। जिसके चलते सफाई कर्मचारियों में रोष है तथा अब वे सख्त कदम उठाने पर मजबूर होंगे। यह बात नगर पालका कर्मचारी संघ के भिवानी इकाई प्रधान सुरेश ने शनिवार को भिवानी के विधायक घनश्याम सर्राफ को मांगपत्र सौंपते हुए कही। इस दौरान उन्होंने सख्त लहजे में चेतावनी दी कि यदि जल्द ही उनकी मांगें नहीं मानी गई तो वे रोष डीएमसी कार्यालय व उनके आवास के समक्ष मृत पशु डालने पर मजबूर होंगे।

संघ की भिवानी इकाई के प्रधान सुरेश ने कहा कि अपनी जायज मांगों को पूरा करने के लिए हर जिले में संघ की ओर से सरकार को ज्ञापन दिया जा चुका है।

उन्होंने कहा हमने अपने माँग पत्र में समान काम समान वेतन के तहत 29 अक्टूबर 2022 को और 5 अप्रैल 2023 को सरकार से अनुरोध किया था कि उनकी माँग के संबंध में समझौता के तहत एरियर देने के अलावा न्यूनतम वेतन 24000 देने और झाड़ू भत्ता, सफाई भत्ता, वर्दी, जूते तेल और साबुन आदि की सुविधा के साथ साथ ईएस आचरण और ईपीएफ का लाभ देने के समझौते को पूरा करने के लिए जल्दी कदम उठाए जाएं, पर इस मामले में सरकार ने होठ सी लिए हैं और उनकी कलम भी बंद हो गयी है। उन्होंने कहा कि हमने पुरानी पेंशन को बहाल करने, हरियाणा कौशल रोजगार निगम को भंग करने के अलावा ठेका पर लगे कर्मचारियों को विभाग में रोल पर रखने योग्यता पूरी करने पर फायर आपरेटर के पद और फायर स्टेशन में फॉयर ड्राइवर और फायर मैन लगे हुओं को समायोजित करने, तृतीय व चतुर्थ श्रेणी में काम करने वाले कर्मचारियों को 100- 100 गज के प्लॉट या आवासीय सुविधा देने की माँग की थी।

उन्होंने कहा कि अपनी माँगों और मुद्दों को लेकर सफाई कर्मचारी पिछले लम्बे समय से संघर्ष में लगे हुए हैं लेकिन सरकार द्वारा कोई सकारात्मक जवाब नहीं दिया जा रहा है।

उन्होंने कहा किअब सभी सफाई कर्मचारियों के सब्र का बांध अब टूट गया है तथा 15 अक्तूबर को रोहतक में होने वाली आक्रोश रैली में सरकार के खिलाफ बड़े संघर्ष की रूपरेखा तैयार की जाएगी। उन्होंने सफाई कर्मचारियों से आह्वान किया कि 15 अक्तूबर की रोहतक रैली में अपने परिवार के सदस्यों संग पहुंचकर अपने हकों की आवाज को बुलंद करें। उन्होंने कहा कि सफाई कर्मचारियों की मांगों की अनदेखी करने का खामियाजा भाजपा-जजपा गठबंधन सरकार को चुनाव में भुगतना पड़ेगा तथा यदि अब उनकी मांगें पूरी नहीं हुई तो वे भाजपा व जजपा को विधानसभा का मुंह तक देखने से वंचित कर देंगे।

इस अवसर पर सुरेश, जसपाल, रमेश, रवि, इंदराज, महिपाल, विनोद, दीपक तिगड़ाना, राजेश वैद, मनीषा, बाला, सुनीता, कमला, द्रोपदी सहित अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।

# आईटीआई बरवाला में आयोजित नागरिक सुरक्षा प्रशिक्षण कैंप संपन्न

## अर्चना भारद्वाज का विशेष योगदान रहा

हरियाणा/ हिसार (राजेश सलूजा) : आईटीआई बरवाला में आयोजित 20 दिवसीय नागरिक सुरक्षा प्रशिक्षण कैंप संपन्न हुओ इंस्ट्रक्टर अशोक कुमार ने बताया कि इस कैंप के अंतिम दिन सीआईडी व सब इंस्पेक्टर रमेश कुमार झाझरिया द्वारा अपने निजी कोष से इस कैंप में उल्लेखनीय प्रदर्शन करने



वाले छात्र-छात्राओं प्रथम स्थान प्राप्त छात्र-छात्रा क्लास लीडर रेखा व अनुज और द्वितीय स्थान प्राप्त छात्र-छात्रा मीनाक्षी व संदीप तथा तृतीय स्थान प्राप्त छात्र छात्रा रेखा व दीपेंद्र को प्रंशस्ति पत्र व पुरस्कार प्रदान करके सम्मानित किया गयो इस दौरान आईटीआई प्रिंसिपल प्रवीण डाबला समेत समस्त स्टाफ द्वारा सब इंस्पेक्टर रमेश कुमार झाझरिया को स्मृति चिन्ह प्रदान करके सम्मानित किया गयो इस कैंप के अंतिम दिन सब इंस्पेक्टर रमेश कुमार झाझरिया से छात्र-छात्राओं ने आग, भूकंप, बाढ़, यातायात, गांठे लगाना, महामारी, आपातकालीन बचाव के तरीके व प्राथमिक सहायता के सीखे हुए गुरो को प्रेक्टिकल व डेमो करके दिखाया तो उपस्थित स्टाफ द्वारा सब इंस्पेक्टर रमेश कुमार झाझरिया और उल्लेखनीय प्रदर्शन करने वाले छात्र छात्राओं की सराहना की गयी` इस अवसर पर प्रिंसिपल प्रवीण डाबला, महावीर बांगड, अशोक कुमार, अर्चना भारद्वाज, सुरेश रानी,काजल,रेखा रानी,पवन कुमार, भरत सिंह व जयपाल आदि मौजूद रहे

# हाईब्रिड इलैक्ट्रिक फ्लाइंग कार फैक्टरी के लिए गृह मंत्री अनिल विज ने अम्बाला में लगाने का दिया न्यौता

**महेश शर्मा संवाददाता**
**दैनिक समाज जागरण हरियाणा**



अम्बाला/ करनाल, अक्टूबरः हरियाणा के गृह एवं स्वास्थ्य मंत्री श्री अनिल विज से आज उनके आवास पर अम्बाला में रिंग रोड के आसपास ह्हाईब्रिड इलेक्ट्रिक फ्लाइंग कारह्व की फैक्टरी स्थापित करने का प्रस्ताव रखते हुए विनाटा एयरोमोबिलिटी के फाउंडर व सीईओ योगेश रामानाथन ने मुलाकात की। दबई से आए योगेश रामानाथन ने गृह मंत्री अनिल विज के समक्ष अम्बाला में फैक्टरी लगाने के प्रस्ताव पर विस्तृत चर्चा की। उन्होंने बताया कि कंपनी द्वारा देश में हाईब्रिड इलेक्ट्रिक कार की दूसरी फैक्टरी स्थापित की जानी है और वह चाहते हैं कि हरियाणा के अम्बाला में यह स्थापित हो। गृह मंत्री अनिल विज ने सीईओ योगेश को आश्वस्त किया कि फैक्टरी लगाने में हरियाणा सरकार की ओर से जो संभव सहायता होगी वह दी जाएगी। उन्होंने कंपनी अधिकारियों को फैक्टरी लगाने के आवेदन से जुड़े दस्तावेज जमा कराने को कहा।गौरतलब है कि अम्बाला में बहुत जल्द डोमेस्टिक एयरपोर्ट (सिविल एन्कलेव) स्थापित होने वाला है और आगामी 15 अक्टूबर पहले नवरात्र पर डोमेस्टिक एयरपोर्ट के निर्माण कार्य का शिलान्यास समारोह है। एयर कनेक्टिविटी मिलने पर अब बड़ी कंपनियां अम्बाला की ओर रुख कर रही हैं। इस अवसर पर कंपनी सीईओ ने गृह मंत्री अनिल विज द्वारा दिए सहयोग पर धन्यवाद जताया।

सीईओ योगेश रामानाथन ने गृह मंत्री अनिल विज द्वारा दिए गए सहयोग पर धन्यवाद जताते हुए बताया कि हमारी कंपनी एशिया की पहली हाइब्रिड फ्लाईंग कार को डिवेल्प कर रही है। सीईओ ने बताया कि आज गृह मंत्री अनिल विज से काफी विस्तृत चर्चा हुई है और कंपनी के प्रस्ताव पर उन्होंने सहयोग देने का आश्वासन दिया है। कंपनी द्वारा फैक्टरी यहां स्थापित करने के लिए आगामी कागजी कार्रवाई को जल्द आगे बढ़ाया जाएगा।


## आकर्षक ऑफर, मात्र 300 मे लगवाए विज्ञापन

समाज जागरण के दुसरे वर्षगांठ पर आप सभी के लिए आकर्षक ऑफर है। मात्र 300 रुपये मे तीन एडिशन मे लगवाएँ विज्ञापन। 200 रुपये मे समाज जागरण पोर्टल पर।। 1 अक्टुबर से 15 अक्टुबर तक साइज 3x5 Cm


# जातिगत जनगणना की नहीं है आवश्यकता- मनोहर लाल खट्टर

**अदिति गौड़ कार्यालय संवाददाता**
**दैनिक समाज जागरण पंजाब**
**हरियाणा व चण्डीगढ़**

चण्डीगढ़, 08अक्टूबरः देश में लोकसभा चुनाव-2024 के मुहाने पर जाति जनगणना का मुद्दा खूब चर्चा में है। पिछले दिनों बिहार में जातिगत जनगणना की रिपोर्ट सार्वजनिक कर दी गई। जिसके बाद देश के अन्य राज्यों में भी जाति जनगणना को लेकर हलचल देखी जा रही है। बिहार के बाद सीएम अशोक गहलोत ने तो राजस्थान में जाति जनगणना कराने का ऐलान भी कर दिया है। इसके अलावा अब जाति जनगणना को लेकर हरियाणा के सीएम मनोहर लाल का भी बड़ा बयान सामने आ गया है।



हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल जाति जनगणना कराने के पक्ष में नहीं हैं। सीएम ने कहा कि, हरियाणा में जाति जनगणना की कोई जरूरत ही नहीं हैं। क्योंकि इसके बिना ही लोगों को सारी सहायता दी जा रही है।

दरअसल, सीएम मनोहर लाल ने कहा कि जिस प्रकार की मांग बाकी प्रदेशों में है ऐसी कोई मांग हमारे यहां नहीं है। हमारे यहां मांग इसलिए नहीं है क्योंकि हमारे यहां समाज के हर वर्ग में जरूरतमंद की पहचान कर ली गई है और ये जाति से ऊपर उठ कर की गई है। कांग्रेस ने हमेशा थ्री सी- करप्शन, क्राइम और कास्ट की राजनीति की है। जातीय आधारित राजनीति भाजपा की नीति नहीं रही है।

मनोहर लाल ने कहा कि, जातिगत जनगणना की मांग अगर लोग भी करते हैं तो इसलिए करते हैं कि गरीबों की सहायता ज्यादा हो, उन लोगों का हित हो, लेकिन हम ये हित इसके बिना भी कर रहे हैं। हम जाति से ऊपर उठे हुए हैं। मनोहर लाल ने कहा कि हमने नारा भी दिया हुआ है कि 'हरियाणा एक, हरियाणवी एक...' ये नारा इसलिए दिया गया था कि लोग कास्ट बेस पॉलिटिक्स में न फंसे और इससे ऊपर उठे और हमारा मानना है कि हरियाणा के लोग ऊपर उठ गए हैं।

### राजस्थान में जाति जनगणना का विरोध

राजस्थान में जाति जनगणना का बीजेपी विरोध कर रही है। राजस्थान में जाति जनगणना के ऐलान पर भाजपा सांसद राज्यवर्धन राठौड़ ने कहा कि राजस्थान के विकास से लोगों को भ्रमित करना मुख्यमंत्री अशोक गहलोत की नीति है।

# मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने यमुनानगर की प्लाईवुड फैक्टरियों में संचालकों को लक्कड़ पर दी 1 फीसदी छूट

**विनोद कश्यप प्रभारी दैनिक समाज जागरण**
**पंजाब हरियाणा व चण्डीगढ़**

चण्डीगढ़,08 अक्टूबरः हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने यमुनानगर के प्लाईवुड फैक्टरियों के संचालकों की लम्बे समय से चल रही मांग को पूरा करते हुए लक्कड़ की खरीद पर लगने वाली 2 प्रतिशत मार्किट फीस को घटाकर 1 प्रतिशत किया है। इससे प्लाईवुड फैक्टरियों के संचालकों को प्रति वर्ष 8 करोड़ रुपये से ज्यादा का लाभ होगा। कोरोना काल के बाद बोर्ड व्यापारी व्यापार में मंदी की शिकायत कर रहे थे, इसी को गम्भीरता से लेते हुए, राहत देने के लिए मुख्यमंत्री ने यह सौगात दी है।



मुख्यमंत्री रविवार को यमुनानगर के दशहरा ग्राऊंड में आयोजित जन संवाद कार्यक्रम के दौरान लोगों को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि जन संवाद कार्यक्रम के तहत वह जनता के बीच में जाकर लोगों की समस्याएं सुनते हैं व उनका निवारण भी करते है। इसी कड़ी में मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में ऐसी पुरानी कालोनी जिसका कुछ क्षेत्र वैध हो गया था और कुछ क्षेत्र अवैध रह गया है, ऐसी कालोनियों का सर्वे करवाया जाएगा और 4-5 महीने में ऐसी कॉलोनियों के क्षेत्र को भी वैध किया जाएगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि ऐसे परिवार, जिनका व्यवसाय के हिसाब से बिजली का बिल ज्यादा आता है, उन परिवारों का फिजिकल सर्वे करवाया जाएगा और सर्वे के हिसाब से जो भी इन परिवारों को सुविधा संभव होगी उन्हें दी जाएगी। ऐसे परिवारों में ऑटो चलाने वाला, धोबी, प्रेस करने वाला, नाई, बढ़ाई का काम करने वाले परिवारों को भी जोड़ा जाएगा। ` ` ` ` `

मुख्यमंत्री ने कहा कि यमुनानगर जिले में बीपीएल के दिसम्बर, 2022 में 55693 कार्ड थे जबकि अब 71388 कार्ड बने हैं। उन्होंने 7 महीनों में करीब 16 हजार कार्ड नए बने हैं। उन्होंने कहा कि पहले एएवाई कार्ड धारको को 2 लीटर सरसो का तेल मिलता था, अब सरकार ने निर्णय लिया है कि सभी बीपीएल कार्ड धारको को 2 लीटर सरसों का तेल दिया जाएगा। उन्होंने बीपीएल परिवार की बिजली के बिल की 12 हजार प्रति माह की स्लैब को हटा दिया है।



मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार ने अधिकतर जन सुविधाएं ऑनलाईन कर दी हैं और इनसे सम्बंधित जानकारी भी मोबाइल पर दी जा रही है। प्रदेश में जिन परिवारों के पास मोबाइल नहीं है ऐसे परिवारों का सर्वे करवाया जाएगा और सरकार का यह प्रयास रहेगा कि इन परिवारों को भी मोबाइल की सुविधा उपलब्ध करवाई जाए ताकि ऐसे परिवार भी ऑनलाईन सुविधाओं का लाभ ले सकें।

मुख्यमंत्री ने उपायुक्त को निर्देश दिए कि जिले में दिव्यांग व्यक्तियों को सरकार द्वारा जो सुविधाएं दी जा रही हैं, उन्हें सभी सुविधाएं उपलब्ध करवाना सुनिश्चित करें। मुख्यमंत्री ने कहा कि उनकी सरकार ने दिल्ली से चण्डीगढ़ तक अधूरे पड़े फ्लाईऑवर के कार्यों को पूरा किया है।

मुख्यमंत्री ने जन संवाद करते हुए कहा कि यमुनानगर विधानसभा क्षेत्र में 1 लाख 48 हजार 715 लोगों का आयुष्मान कार्ड बना है जिसमें से 17 हजार 383 लोगों ने आयुष्मान के तहत उपचार करवाया है। इस उपचार के माध्यम से 44 करोड़ 78 लाख रुपये का खर्च आया है इन परिवारों को एक भी रुपया अपने पास से नहीं देना पड़ा। जन संवाद कार्यक्रम में इस योजना का लाभ लेने वालों लाभार्थियों ने मुख्यमंत्री का आभार प्रकट किया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि आयुष्मान योजना के तहत शीघ्र ही टैस्टों के पैसे भी आयुष्मान कार्ड के माध्यम से ही दिए जाने का प्रयास किया जा रहा है ताकि किसी भी जरूरतमंद को एक भी पैसा नही देना पड़े।

मुख्यमंत्री ने कहा कि यमुनानगर विधानसभा क्षेत्र में 15 सडकों के निर्माण को मंजूरी प्रदान की गई, जिनमें से 8 सडको पर निर्माण कार्य चल रहा है और 7 का शीघ्र ही टैंडर हो जाएगा। उन्होंने कहा कि वर्कशॉप वाली सडक का काम अंतिम चरणों में है इस पर करीब साढ़े 3 करोड़ रुपये का खर्चा आया है।

मुख्यमंत्री ने जन संवाद कार्यक्रम में ऐसे व्यक्ति जिनकी आयु 60 साल हो गई है और आय 3 लाख से कम है, संवाद के दौरान 11 लोगों की तुरंत पैंशन बनवाई गई और मुख्यमंत्री ने उन्हें पैंशन का प्रमाण पत्र सौंपा और बधाई दी।

इस मौके पर यमुनानगर के विधायक घनश्याम दास अरोड़ा ने मुख्यमंत्री सहित अन्य अतिथियों का स्वागत किया।

# उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम की उपभोक्ता शिकायत मंच के चेयरमैन एवं मंच सदस्य की कार्यवाही 10 अक्टूबर को

चंडीगढ़(संदीप शर्मा)- उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम, पंचकूला के उपभोक्ता शिकायत निवारण मंच के चेयरमैन एवं सदस्य मंच की कार्यवाही दिनांक 10 अक्तूबर को सुबह 11.30 बजे से अधीक्षण अभियंता, पंचकूला के कार्यालय, एस.सी.ओ. नंबर-96, पहली मंजिल, सेक्टर-5, पंचकूला में की जाएगी। उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम उपभोक्ताओं को निर्बाध बिजली की आपूर्ति उपलब्ध करवाने के लिए प्रतिबद्ध है। उपभोक्ताओं की समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए निगम द्वारा अनेक महत्वाकांक्षी कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं ।

मंच के सदस्य, जिला पंचकूला के उपभोक्ताओं की सभी प्रकार की समस्याओं की सुनवाई करेंगे जिनमें मुख्यतः बिलिंग, वोल्टेज, मीटरिंग से सम्बंधित शिकायतें, कनैक्शन काटने और जोड़ने बिजली आपूर्ति में बाधाएं, कार्यकुशलता, सुरक्षा, विश्वसनीयता में कमी और हरियाणा बिजली विनियामक आयोग के आदेशों की अवहेलना आदि शामिल हैं । मंच द्वारा बिजली अधिनियम की धारा 126 तथा धारा 135 से 139 के अन्तर्गत बिजली चोरी और बिजली के अनधिकृत उपयोग के मामलों में दंड तथा जुमार्ना और धारा 161 के अन्तर्गत जांच एवं दुर्घटनाओं से सम्बंधित मामलों की सुनवाई नहीं की जाएगी। सभी उपभोक्ताओं से अनुरोध किया जाता है कि अपनी शिकायतों के निवारण के लिए इस अवसर का लाभ उठाएं।

# नशे को जड से खत्म करनें हेतु पुलिस की सख्त कार्रवाई

पंचकूला(संदीप शर्मा) :- पुलिस महानिदेशक श्री शत्रुजीत कपूर के द्वारा जिला पंचकूला को नशा मुक्त बनानें हेतु मुहिम चलाई गई थी । जिस मुहिम को आगे बढाते हुए पुलिस कमिश्नर पंचकूला सिबास कविराज के निदेर्शानुसार डीसीपी क्राइम मुकेश मलहोत्रा के नेतृत्व में 4 टीम क्राइम ब्रांच सेक्टर 26, क्राइम ब्रांच सेक्टर 19, डिटेक्टिव स्टाफ टीम तथा एंटी नारकोटिक्स टीमों के सहयोग से जिला को नशा मुक्त बनानें हेतु नशे से बचनें हेतु जागरुकता अभियान, नशे की लत में फसें का इलाज तथा पिट एनडीपीएस एक्ट तथा नशे से कमाई सपंति को नष्ट करनें हेतु कार्रवाई की जा रही है ।

## नशे की लत से छुडवानें हेतु 39 व्यक्तियो का इलाज

डीसीपी क्राइम मुकेश मलहोत्रा नें बताया कि पुलिस की अलग अलग टीमों द्वारा लगातार उन व्यक्तियो की सूची तैयार की जा रही है जो व्यक्ति नशे के आदतन हो चुके है उन व्यक्ति को नशा मुक्त हेतु नशा मुक्ति केन्द्र नागरिक अस्पताल सेक्टर 06 में आमजन व परिजनों के सहयोग से उनव व्यक्तियो



का इलाज करवाया जा रहा है । जिस कार्रवाई में पुलिस की पिछले दो दिनों की कार्रवाई में 39 व्यक्तियो का इलाज हेतु कार्रवाई की जा चुकी है । आमजन व परिजन की सहायता से नशा तस्करी में 32 गिरफ्तार हुए व्यक्तियों से पुछताछ जारी डीसीपी क्राइम मुकेश मलहोत्रा नें बताया कि पुलिस की अलग अलग टीमों द्वारा लगातार उन व्यक्तियो पर निगरानी व पुछताछ की जा रही है जो पहले एनडीपीएस के मामलो में गिरफ्तार हो चुके है जो व्यक्ति बेल पर आ चुके है उन व्यक्तियो से पुछताछ की जा रही है और जिनको सख्त शब्दो में कहा जा रहा है या तो शहर छोड या फिर नशा बेचना छोड दो । इस कार्रवाई में पुलिस अब तक 32 व्यक्तियों से पुछताछ कर चुकी है ।

पिट एनडीपीएस एक्ट की कार्रवाई अब तक 5 व्यक्ति चिन्हित इसके अलावा डीसीपी क्राइम नें बताया कि पुलिस की अलग टीमों द्वारा जांच पुछताछ की जा रही है जिस कार्रवाई में अब तक 5 व्यक्तियो को चिन्हित किया गया है जिन पर पिट एनडीपीएस एक्ट 1988 के तहत कार्रवाई शुरू कर दी गई है जिस कार्रवाई में आरोपी को 1 साल तक जमानत नही मिलती है जो जेल में रहेगा । इसके अलावा डीसीपी क्राइम नें बताया कि नशीले पदार्थो की खरीद- फरोख्त में लगातार सक्रिय रहनें वालें लोगो की अब खैर नही ऐसे लोगो को चिन्हित किया जा रहा है जिसमें में 5 पर किया जुका अमल में लाई जा रही है । 5 व्यक्ति को चिन्हित किया गया है ।

पीला पंजा हेतु 5 ड्रग पेडलरो की प्रार्पटी पर कार्रवाई इसके अलावा डीसीपी क्राइम मलहोत्रा नें बताया कि एंटी नारकोटिक्स टीम द्वारा उन व्यक्तियो को चिन्हित किया गया है जिन व्यक्तियों नें नशे के अवैध कारोबार से सपंति बनाई गई है जिस सपंति को नष्ट करनें के लिए पीलें पजें की शीघ्र की जायेगीइसके अलावा भी इस प्रकार के अवैध गतिविधियो में सलिप्त आरोपियों को चिन्हित किया जा रहा है । पुलिस कमिश्नर सिबास कविराज नें कहा कि जिला से नशे को पूरी तरह खत्म करने और आने वाली पीढ़ी को इस खतरे से बचाने के लिए नशा तस्करों के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई की जा रही है । नशे के कारोबार में लिप्त लोगों से सख्ती से निपटा जाएगा और किसी को बख्शा नहीं जाएगा ।

# हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष श्री ज्ञानचंद गुप्ता ने ट्राईसिटी ईको वॉरियर्स द्वारा आयोजित प्लास्टिक फ्री पंचकूला रैली को झंडी दिखा कर किया रवाना

## श्री गुप्ता ने ट्राईसिटी ईको वॉरियर्स द्वारा विकल्प स्टोर के माध्यम से रिफंडेबल आधार पर 10 रूपए का कपड़े का थैला उपलब्ध करवाने की पहल की करी सराहना

**ट्राईसिटी ईको वॉरियर्स को अपने स्वैच्छिक कोष से 2 लाख रूपए की राशि देने की करी घोषणा**

**मंडियों और अन्य सार्वजनिक स्थानों पर 10 रूपए के कपड़े के थैले उपलब्ध करवाने के लिए स्थापित की जाएंगी एटीएम मशीनें, नगर निगम शीघ्र तैयार करेगा रूप-रेखा-ज्ञानचंद गुप्ता**

**परियोजना को लागू करने के लिए नगर निगम को अपने स्वैच्छिक कोष से 5 लाख रूपए की राशि उपलब्ध करवाएंगे-श्री गुप्ता**

पंचकूला(संदीप शर्मा)- हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष श्री ज्ञानचंद गुप्ता द्वारा पंचकूला को और अधिक स्वच्छ, सुंदर और हरा-भरा बनाने के लिए दिये गए सात सरोकारों में एनजीओ और स्वयं सेवी संस्थाएं लगतार आगे आ कर इन्हें सफल बनाने में लगी हैं। इसी कड़ी में आज ट्राईसिटी ईको वॉरियर्स द्वारा प्लास्टिक फ्री पंचकूला रैली निकाली गई, जिसे श्री ज्ञानचंद गुप्ता ने झंडी दिखा कर रवाना किया। यह रैली सनसिटी परिक्रमा गेट नंबर 2, सेक्टर 20 से शुरू होकर सेक्टर के विभिन्न स्थानों से गुजरती हुई सनसिटी परिक्रमा सोसायटी में ही संपन्न हुई।

रैली में सेक्टरवासियों सहित 17 एनजीओज और स्कूलों की अहम सहभागिता रही। स्कूलाी बच्चों द्वारा ह्यह्यपॉलिथीन हटाओ-देश बचाओह्यह्य के नारों के साथ लोगों को पॉलीथीन का प्रयोग न करने के लिए जागरूक किया गया। गुरूकुल स्कूल, सेक्टर 20 और सॉलिटेयर इंटरनेशनल स्कूल के बच्चों ने पॉलिथीन के दुष्प्रभावों पर आधारित नुक्कड़ नाटक की शानदार प्रस्तुति दी। श्री ज्ञानचंद गुप्ता गुरूकुल स्कूल सेक्टर 20 से सनसिटी परिक्रमा तक रैली में शामिल हुए और लोगों को पॉलिथीन फ्री पंचकूला का संदेश दिया।

इस अवसर पर नगर निगम महापौर श्री कुलभूषण गोयल भी उपस्थित थे।

सनसिटी परिक्रमा में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए श्री गुप्ता ने प्लास्टिक फ्री पंचकूला रैली के आयोजन के लिए ट्राईसिटी ईको वॉरियर्स के संस्थापक पूजा अग्रवाल और अनुज अग्रवाल की सराहना की। उन्होंने कहा कि ट्राईसिटी ईको वॉरियर्स द्वारा पूरे शहर में विकल्प स्टोर शुरू किए गए हैं जहां पर ग्राहकों को रिफंडेबल आधार पर 10 रूपए के हिसाब से कपड़े का थैला उपलब्ध करवाया जा रहा है। ग्राहकों द्वारा इन थैलों को इस्तेमाल के बाद लौटाने पर यह राशि ग्राहक को वापिस दे दी जाती है। इस संस्था द्वारा शुरूआती चरण में 50 हजार थैलों की व्यवस्था की गई है। इससे लोगों को बिना किसी खर्च के पॉलिथीन का विकल्प उपलब्ध हो रहा है। श्री गुप्ता ने इस प्रोजेक्ट को शहर में व्यापक स्तर पर चलाने के लिए ट्राईसिटी ईको वॉरियर्स को अपने स्वैच्छिक कोष से 2 लाख रूपए




की राशि देने की घोषणा की। श्री गुप्ता ने कहा कि लोगों को मंडियों और अन्य सार्वजनिक स्थानों पर कपड़ों के थैले उपलब्ध करवाने के लिए एटीएम मशीनें स्थापित की जाएंगी जहां मात्र 10 रूपए में ग्राहक को कपड़े का थैला मिल सकेगा। इस परियोजना को लागू करने के लिए नगर निगम पंचकूला शीघ्र ही एक रूपरेखा तैयार करेगा जिसके लिए वे नगर निगम को अपने स्वैच्छिक कोष से 5 लाख रूपए की राशि उपलब्ध करवाएंगे। उन्होंने कहा कि जनहित के कार्यों में फंड की कमी आड़े नहीं आने दी जाएगी।

विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि लगभग एक वर्ष पूर्व उन्होंने ''हमारे सात सरोकारह्यह्य नाम से एक अभियान की शुरूआत की थी जिसके तहत पंचकूला की विशिष्ट पहचान बनाने के लिए शहर को अतिक्रमण, स्लम, स्ट्रे कैटल, स्ट्रे डॉग, ड्रग, प्रदूषण व प्लास्टिक फ्री बनाने के लिए प्रशासनिक स्तर पर कार्रवाई के साथ-साथ आमजन, एनजीओज,. आरडब्ल्यूए, शैक्षणिक संस्थान भी अपनी अहम भूमिका निभा रहे हैं। उन्हें प्रसन्नता है कि सनसिटी परिक्रमा सोसायटी के वॉलंटियर भी एक मिशन मोड में इन सात सरोकारों को पूरा करने के जुटे हैं। इन वॉलंटियर्स द्वारा प्रतिदिन लगभग 3 घंटे पॉलिथीन इकट्ठा करने के अलावा लोगों को पॉलिथीन के दुष्प्रभावों से अवगत करवाने के लिए जन जागरण अभियान चलाया जा रहा है जो कि एक सराहनीय कदम है। प्लास्टिक हम सबके लिए हानिकारक है और इससे कैंसर जैसी भयानक बीमारी भी हो सकती है।

श्री गुप्ता ने कहा कि आमजन के सहयोग से सात सरोकारों के अनेक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया है। राजकीय और निजी स्कूलों में ब्लॉक व जिला स्तर पर क्विज कंपीटीशनस का आयोजन करवाया गया जिसमें लगभग 40 हजार विद्यार्थियों ने भाग लिया। उन्होंने कहा कि 18 अक्तूबर को फिर से सात सरोकारों पर क्विज कंपीटीशन का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने लोगों से आहवान किया कि वे पर्यावरण को हरा-भरा और स्वच्छ रखने के लिए अपने घरों और सड़कों के साथ-साथ अधिक से अधिक पेड़ लगाएं। किसी भी कार्यक्रम की सफलता के लिए जन भागीदारी आवश्यक है। उन्होंने लोगों से आहवान किया कि वे पंचकूला को एक अलग पहचान दिलाने के लिए इन सात सरोकारों को पूरा करने का संकल्प लें। इस अवसर पर नगर निगम की संयुक्त आयुक्त डॉ. ऋचा राठी, श्री रमा कांत भारद्वाज, बीजेपी जिला उपाध्यक्ष श्री उमेश सूद, ट्राईसिटी ईको वॉरियर्स के संस्थापक पूजा अग्रवाल व अनुज अग्रवाल, आस्मा फाउंडेशन की प्रांतीय अध्यक्ष श्रीमती प्रियंका पुनिया सहित विभिन्न एनजीओज के पदाधिकारी, स्कूली बच्चे और सेक्टरवासी उपस्थित थे।

# अपराध स्थल जांच के गुमनाम नायक : फोरेंसिक जांचकर्ता।

**समाज जागरण, अनिल कुमार मिश्र, बिहार -झारखंड प्रदेश।**

फोरेंसिक जांचकर्ता अपराध स्थल की जांच में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं, सबूत इकट्ठा करते हैं जो अपराधों को सुलझाने और अपराधियों को न्याय दिलाने में मदद कर सकते हैं। वे अत्यधिक कुशल और प्रशिक्षित पेशेवर हैं जो अपराध स्थल पर फिंगरप्रिंट, डीएनए, रक्त और अन्य ट्रेस साक्ष्य जैसे भौतिक साक्ष्य की जांच और विश्लेषण करने के लिए वैज्ञानिक तरीकों का उपयोग करते हैं।

फोरेंसिक जांचकर्ता सबूतों की पहचान करने, एकत्र करने और संरक्षित करने के लिए कानून प्रवर्तन अधिकारियों और जांच टीम के अन्य सदस्यों के साथ मिलकर काम करते हैं। वे विशेषज्ञ गवाहों के रूप में भी अदालत में गवाही देते हैं, अपने निष्कर्ष बताते हैं और बताते हैं कि वे अपराध से कैसे जुड़ते हैं।

एक फोरेंसिक अन्वेषक की भूमिका जटिल और मांग वाली है, लेकिन यह अविश्वसनीय रूप से फायदेमंद भी है। फोरेंसिक जांचकताओं के पास अपराधों को सुलझाने और अपराधियों को अपराध के अनुसार सजा देकर न्याय के कटघरे में लाने में मदद करके दुनिया में वास्तविक बदलाव लाने का अवसर है।

**यहां अपराध स्थल की जांच में फोरेंसिक जांचकताओं की भूमिका पर एक विस्तृत नजर डाली गई है:**

### 1. अपराध स्थल को सुरक्षित करना

जब किसी अपराध की सूचना मिलती है, तो फोरेंसिक जांचकर्ता घटनास्थल पर पहुंचने वाले पहले प्रतिक्रियाकताओं में से होते हैं। उनकी पहली प्राथमिकता घटनास्थल को सुरक्षित करना और सबूतों के किसी भी अन्य संदूषण या गड़बड़ी को रोकना है। इसमें घटनास्थल के चारों ओर एक परिधि स्थापित करना, पहुंच को नियंत्रित करना और दृश्य की तस्वीरें और वीडियो लेना शामिल हो सकता है।

### 2. अपराध स्थल का दस्तावेजीकरण करना

एक बार जब दृश्य सुरक्षित हो जाता है, तो फोरेंसिक जांचकर्ता इसका पूरी तरह से दस्तावेजीकरण करना शुरू कर देते हैं। इसमें सभी कोणों से दृश्य की तस्वीरें और वीडियो लेना, साथ ही रेखाचित्र और चित्र बनाना भी शामिल है। फोरेंसिक जांचकर्ता भौतिक साक्ष्य भी एकत्र करते हैं, जैसे उंगलियों के निशान, डीएनए, रक्त और अन्य साक्ष्य।

### 3. साक्ष्य एकत्रित करना

फोरेंसिक जांचकर्ता अपराध स्थल पर साक्ष्य एकत्र करने के लिए विभिन्न तकनीकों का उपयोग करते हैं। इसमें सतहों से उंगलियों के निशान उठाने के लिए डस्टर का उपयोग करना, डीएनए नमूने एकत्र करने के लिए स्वैब का उपयोग करना और ट्रेस साक्ष्य एकत्र करने के लिए चिमटी का उपयोग करना शामिल हो सकता है। उदाहरण के लिए, यदि किसी अपराध स्थल पर कोई गोली पाई जाती है, तो एक फोरेंसिक जांचकर्ता उसे इकट्ठा करने के लिए चिमटी का उपयोग करेगा और फिर उसे एक साक्ष्य बैग में रखेगा।

### 4. साक्ष्य सुरक्षित रखना

एक बार साक्ष्य एकत्र हो जाने के बाद, यह सुनिश्चित करने के लिए इसे ठीक से संरक्षित करना महत्वपूर्ण है कि यह बरकरार रहे और इसका सटीक विश्लेषण किया जा सके। फोरेंसिक जांचकर्ता सबूतों को संरक्षित करने के लिए विभिन्न तरीकों का उपयोग करते हैं, जैसे इसे एयरटाइट कंटेनर में संग्रहीत करना और इसे रेफ्रिजरेट करना।

### 5. साक्ष्यों का विश्लेषण करना

एक बार जब साक्ष्य एकत्र और संरक्षित कर लिया जाता है, तो इसे विश्लेषण के लिए प्रयोगशाला में भेजा जाता है। फोरेंसिक वैज्ञानिक साक्ष्यों का विश्लेषण करने के लिए विभिन्न प्रकार के वैज्ञानिक तरीकों का उपयोग करते हैं, जैसे डीएनए विश्लेषण, फिंगरप्रिंट विश्लेषण और बैलिस्टिक विश्लेषण। फिर विश्लेषण के परिणामों का उपयोग अपराध को सुलझाने और संदिग्ध की पहचान करने में मदद के लिए किया जाता है।

### 6. अदालत में गवाही देना

फोरेंसिक जांचकर्ता अक्सर विशेषज्ञ गवाहों के रूप में अदालत में गवाही देते हैं। वे जूरी को अपने निष्कर्ष बताते हैं और बताते हैं कि वे अपराध से कैसे जुड़ते हैं। फोरेंसिक जांचकताओं को अपने निष्कर्षों को स्पष्ट और संक्षिप्त रूप से बताने में सक्षम होना चाहिए, और उन्हें विरोधी वकील के सवालों का जवाब देने के लिए तैयार रहना चाहिए।

फोरेंसिक जांचकर्ता अपराध स्थल की जांच में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। वे अत्यधिक कुशल और प्रशिक्षित पेशेवर हैं जो सबूत इकट्ठा करने के लिए वैज्ञानिक तरीकों का उपयोग करते हैं जो अपराधों को सुलझाने और अपराधियों को न्याय दिलाने में मदद कर सकते हैं।

## फोरेंसिक जांचकताओं का महत्व

फोरेंसिक जांचकर्ता अपराध स्थल की जांच में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। वे अपराध स्थल पर साक्ष्य एकत्र करने, संरक्षित करने और विश्लेषण करने के लिए जिम्मेदार हैं। इस साक्ष्य का उपयोग अपराधियों की पहचान करने और उन्हें पकड़ने के साथ-साथ अपराध की घटनाओं के पुनर्निर्माण के लिए किया जा सकता है।

फोरेंसिक जांचकर्ता जीव विज्ञान, रसायन विज्ञान और भौतिकी सहित विभिन्न वैज्ञानिक क्षेत्रों में विशेषज्ञता वाले उच्च प्रशिक्षित पेशेवर हैं। वे उंगलियों के निशान, डीएनए, रक्त, ड्रग्स, आग्नेयास्त्र और विस्फोटक जैसे सबूतों की एक विस्तृत श्रृंखला का विश्लेषण करने के लिए अपने कौशल का उपयोग करते हैं।

आपराधिक न्याय प्रणाली में फोरेंसिक जांचकर्ता भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। वे अक्सर विशेषज्ञ गवाहों के रूप में अदालत में गवाही देते हैं, अपने निष्कर्ष बताते हैं और बताते हैं कि वे अपराध से कैसे जुड़ते हैं। यह गवाही जूरी को सबूतों को समझने और निष्पक्ष फैसले तक पहुंचने में मदद कर सकती है।

## फोरेंसिक जांच का भविष्य

नई तकनीकों के विकसित होने के साथ-साथ फोरेंसिक जांच का क्षेत्र लगातार विकसित हो रहा है। उदाहरण के लिए, फोरेंसिक जांचकर्ता अब अपराध दृश्यों की हवाई तस्वीरें लेने के लिए ड्रोन का उपयोग कर रहे हैं, और वे अपराध दृश्यों के विस्तृत मॉडल बनाने के लिए 3डी स्कैनर का उपयोग कर रहे हैं।

फोरेंसिक जांचकर्ता साक्ष्यों का विश्लेषण करने के लिए नई तकनीकों का भी उपयोग कर रहे हैं। उदाहरण के लिए, वे संदिग्धों और पीड़ितों की पहचान करने के लिए डीएनए अनुक्रमण का उपयोग कर रहे हैं, और वे दवाओं और विस्फोटकों की पहचान करने के लिए मास स्पेक्ट्रोमेट्री का उपयोग कर रहे हैं।

फोरेंसिक प्रौद्योगिकी में प्रगति फोरेंसिक जांचकताओं के लिए साक्ष्य एकत्र करना, संरक्षित करना और उनका विश्लेषण करना आसान और अधिक कुशल बना रही है। इससे अधिक सटीक और समय पर परिणाम मिल रहे हैं, जिससे अधिक अपराधों को सुलझाने और अधिक अपराधियों को न्याय के कटघरे में लाने में मदद मिल रही है।

## निष्कर्ष

फोरेंसिक जांचकर्ता अत्यधिक कुशल और प्रशिक्षित पेशेवर हैं जो अपराध स्थल की जांच में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। वे सबूत इकट्ठा करने के लिए वैज्ञानिक तरीकों का उपयोग करते हैं जो अपराधों को सुलझाने और अपराधियों को न्याय दिलाने में मदद कर सकते हैं। फोरेंसिक जांचकर्ता आपराधिक न्याय प्रणाली के लिए आवश्यक हैं, और उनका काम हमारे समुदायों को सुरक्षित रखने के लिए आवश्यक है।



**डॉ अंजनी कुमार**
**साइबर और डिजिटल फोरेंसिक विशेषज्ञ**

# कोरोना महामारी के बाद भाजपा सरकार संक्रमण और महामारी रोक पाने में असफल- अजय राय, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष

**प्रदेश के सभी 75 जनपद डेंगू, मलेरिया, वायरल बुखार, और संक्रमण से प्रभावित, बीमारियों की बाढ़, संक्रामक रोगों को रोकने में भाजपा सरकार की कागजी खानापूर्ति से प्रदेश में जनता परेशान- अजय राय, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष**

**प्रदेशवासियों की डेंगू, चिकनगुनिया, संक्रमण से हो रही मौतों की सीधे जिम्मेदार है योगी आदित्यनाथ सरकार- प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष**

**समाचार पत्रों में आंकड़ों को प्रकाशित होने से रोका जा रहा, वायरल संक्रमण को रोकने के लिए फागिंग और छिड़काव के नाम पर आवंटित बजट भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ रहा- अजय राय**

**लखनऊ, 4 अक्टूबर 2023**

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष श्री अजय राय ने पूरे प्रदेश में पैर फैलाती डेंगू, चिकनगुनिया, मलेरिया और वायरल बुखार जैसी घातक बीमारियों पर चिंता व्यक्त करते हुए भाजपा की योगी आदित्यनाथ सरकार को घेरा है और कहा है कि कोरोना महामारी के बाद सरकार संक्रमण और महामारी रोक पाने में दोबारा असफल साबित हुई है, सरकार की नाकामी से प्रदेश वासियों की असमय जान जा रही है, जिसकी जिम्मेदार सीधे योगी सरकार है। जमीनी स्थिति बद से बदतर हो चुकी है। प्रदेश के सभी 75 जनपदों में वायरल डेंगू जैसी भयानक बीमारियों से जनता पीड़ित है, अस्पताल भरे पड़े हैं और इन वायरल संक्रमित बीमारियों के लिए आवंटित आगे और छिड़काव के बजट में भ्रष्टाचार कर कागजी खाना पूर्ति की जा रही है। भयावह स्थित होने के बावजूद भी समाचार पत्रों में इन खबरों को प्रकाशित करने से रोका जा रहा है।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष श्री अजय राय ने कहा कि कोरोना के बाद डेंगू महामारी दूसरी जानलेवा बीमारी साबित हो रही है। इससे जहॉ सरकार की उपेक्षा और अक्षमता के कारण लाखों लोग इसके शिकार हो रहे हैं वहीं हजारों की संख्या में लोगों की जाने जा रही हैं। इसको मौत कहने के बजाय हत्या कहना उचित लगता है। उन्होंने कहा कि जीवन व्यक्ति का मूल अधिकार है और उसका आधार है स्वास्थ्य, सरकार इसको देने में पूर्णतया असफल रही है।

प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि आखिर क्यों विभागीय अधिकारी रोजाना जारी होने वाले बुलेटिन सार्वजनिक क्यों नही कर रहे हैं, कारण स्पष्ट है- हकीकत को छुपाया जा रहा है, प्रदेश में 30 सितंबर तक सिर्फ.सरकारी अस्पतालों में 17560 मरीज थे, उसके बाद के आंकड़े बंद कर दिए गए, प्राइवेट अस्पतालों के तो आंकड़े ही नही दिए जा रहे हैं। सरकार सिर्फ प्रचार में नंबर वन बनी हुई है और प्रदेश की जनता त्राहिमाम कर रही है।

श्री अजय राय ने प्रदेश सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि सरकार स्मार्ट सिटी की बात करती है जिसमें कूड़ा प्रबंधन, जल निकासी, और साफ सफाई मुख्य घटक हैं लेकिन प्रदेश की राजधानी लखनऊ में 700 से ज्यादा मरीज भर्ती थे, जनपद हरदोई में 4998 मरीज भर्ती हुए इसके अलावा बहुत से जनपदों में जिला स्वास्थ्य अधिकारी सूचना का बुलेटिन भी बंद कर चुके हैं।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय जी ने कहा



भाजपा सरकार ने इस मौसमी संक्रमण और बीमारी से लड़ने की कोई तैयारी नही की। जबकि प्रतिवर्ष इस तरह के वायरल संक्रमण का खतरा रहता है लेकिन सरकार इससे निपटने की तैयारियों के प्रति गंभीर नही है। परिणाम स्वरूप लाखों लोग रहस्यमयी बुखार से असमय अपनी जान गवां बैठे हैं। सरकार आंकड़ों की बाजीगरी से इस पर पर्दा डालकर और अपनी नाकामी छिपा नही सकती। रोकथाम के लिए प्रदेश सरकार द्वारा कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। मच्छर का लार्वा रोकने के लिए फागिंग, रासायनिक छिड़काव के लिए आवंटित बजट भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गया। ग्रामीण एवं अर्ध शहरी क्षेत्रों में डेंगू, मलेरिया और चिकनगुनियां व वायरल बुखार जैसी घातक बीमारियों से ग्रसित पीड़ितों से अस्पताल भरे पड़े हैं। सरकारी अस्पतालों में जगह नहीं है और न ही आवश्यक दवाओं का इंतजाम जिसकी वजह से आम आदमी प्राइवेट अस्पतालों में इलाज कराने को मजबूर है, जिससे आम आदमी की जेब पर डाका डाला जा रहा है। इतनी अव्यवस्था के बावजूद भी सरकार हाथ पर हाथ रख कर बैठी है। प्रदेश की जनता का सवाल है सरकार बताए कि फागिंग और रासायनिक छिड़काव के लिए आवंटित हजारों करोड़ रूपए कहां गया? सरकार भ्रष्टाचार क्यों नही रोक पाई?

# मरीजों की अधिकता को देखते हुए चिकित्सालय में आये मरीजों को इलाज हेतु अस्थाई व्यवस्था करते हुए स्ट्रेचर पर ही इलाज प्रारम्भ कर दिया जाता है-सीएमओ

**जैसे ही बेड खाली हो रहा है, उस पर सम्बन्धित मरीज को शिफ्ट करते हुए इलाज किया जा रहा है- संदीप चौधरी**

**एलबीएस अस्पताल में त्वचा रोग विशेषज्ञ द्वारा बुखार पीड़ितों सहित अन्य मरीजों का उपचार किये जाने की बाबत शिकायत का सीएमओ ने मनगढ़ंत बताया**

**हालात बेकाबू होने की शिकायत को चिकित्सालय प्रशासन ने तथ्यहीन व भ्रामक बताते हुए कड़े शब्दों में खण्डन किया है**

**समाज जागरण वाराणसी**

वाराणसी। मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ संदीप चौधरी ने बताया कि श्री शिव प्रसाद गुप्त मण्डलीय जिला चिकित्सालय वाराणसी में प्रतिदिन लगभग नये ओपीडी पर्चा 1400 से 1700 के बीच एवं लगभग 2000 पुराने मरीज आते है जिसमें चिकित्सक/विशेषज्ञों द्वारा मरीज की स्थिति को देखते हुए प्रतिदिन 100 से 120 मरीज को भर्ती किया जा रहा है, जिससे चिकित्सालय में उपलब्ध कुल बेड के अतिरिक्त कुछ वैकल्पिक रूप में बेड रखवाते हुए मरीजों का इलाज किया जा रहा है। मरीजों की अधिकता को देखते हुए चिकित्सालय में आये सभी मरीजों को इलाज हेतु अस्थाई व्यवस्था करते हुए स्ट्रेचर पर ही इलाज प्रारम्भ कर दिया जाता है और जैसे ही बेड खाली हो रहा है उस पर सम्बन्धित मरीज को शिफ्ट करते हुए इलाज किया जा रहा है।

उन्होंने बताया कि किसी भी गम्भीर मरीज को डिस्चार्ज नहीं किया गया है और न ही अभी तक इस संबंध में किसी मरीज या उसके परिजन द्वारा कोई शिकायत की गयी है। सीएमओ ने बताया कि लाल बहादुर शास्त्री चिकित्सालय, रामनगर में बुखार से पीड़ित मर-ीजों के इलाज के सुचारू रूप से व्यवस्था की गयी है। चिकित्सालय के दो फिजिशियन नियमित रूप से ओ०पी०डी०/आई०पी०डी० में आवश्यकतानुसार सभी मरीजों को विशेषज्ञ स्तर की चिकित्सा उपलब्ध करा रहे हैं। इस चिकित्सालय में ई०एम०ओ० के चार स्वीकृत पदों के सापेक्ष किसी की तैनाती न होने के कारण आकस्मिक सेवा की तीनों पालियों में विशेषज्ञ चिकित्सक ही ड्यूटी करते हैं। जिससे नाइट ड्यूटी के बाद दिन में उनकी उपलब्धता नहीं होती है। फिर भी विशेष आवश्यकता होने पर आन कॉल मरीज को विशेषज्ञ चिकित्सा परामर्श देने के लिये चिकित्सालय आ जाते है। त्वचा रोग विशेषज्ञ आकस्मिक ड्यूटी के दिन आकस्मिक विभाग में आने वाले मरीजों का यथावश्यक उपचार करते हैं। त्वचा रोग विशेषज्ञ द्वारा ही बुखार पीड़ितों सहित सभी मरीजी का उपचार किये जाने के बाबत शिकायत का उन्होंने खंडन किया है। मलेरिया, डेंगू, टायफाइड आदि जांच चिकित्सालय के लैब में ही की जा रही है। वर्तमान में चिकित्सालय में भर्ती डेंगू एनएस-1 पॉजिटिव सभी मरीजों के स्वास्थ्य की स्थिति बेहतर हुई है। इलाज के लिये आवश्यक औषधियों एवं लॉजिस्टिक सहित पर्याप्त बेड चिकित्सालय में उपलब्ध हैं। चिकित्सक एवं स्टाफ मरीजों का इलाज एवं देखभाल तत्परता एवं सजगता से कर रहे है। उन्होंने पं0 दीनदयाल उपाध्याय राजकीय चिकित्सालय के संबंध में बताया कि यहाँ पर ओपीडी में कुल 250 बेड उपलब्ध हैं। चिकित्सालय में भर्ती होने के लिए मरीजों को अनावश्यक इंतजार नहीं करना पड़ता हैं। वर्तमान में चिकित्सालय में 240 मरीज भर्ती होकर इलाज प्राप्त कर रहे है। शेष 10 बेड भर्ती होने वाले मरीजों हेतु उपलब्ध है। चिकित्सालय में भर्ती मरीजों हेतु रोस्टर वाईज (24 घंटे) ड्यूटी लगायी गयी हैं, जिससे भर्ती मरीजों को समुचित उपचार प्राप्त हो सकें। उन्होंने बताया कि वर्तमान समय जिले में (डेंगू, टायफाइड, मलेरिया एवं वायरल बुखार) से संक्रमित मरीजों की संख्या में बहुत बढ़ोत्तरी हुई है, जिसकी वजह से सर सुन्दर लाल चिकित्सालय में मरीजों की संख्या भी काफी बढ़ गयी हैं, परन्तु चिकित्सालय में जितने भी मरीज आते हैं, उन सभी को प्राथमिकता पर इलाज एवं आवश्यक परामर्श दिया जाता है। वाराणसी एवं वाराणसी के अन्य चिकित्सालय से एवं आस-पास के जिलों के मरीजों एवं चिकित्सालयों से रेफर किये गये मरीजों के साथ ही साथ पूरे पूर्वांचल के मरीजों एवं अन्य प्रदेशों के मरीज भी यहां चिकित्सा लेने आते हैं, जो कि संख्या में बहुत ही ज्यादा है। हालात बेकाबू आदि के संबंध में कतिपय शिकायत को चिकित्सालय प्रशासन ने तथ्यहीन, भ्रामक, बेबुनियाद एवं पूरी तरह निराधार बताते हुए इसका कड़े शब्दों में खण्डन किया है। इसी प्र-कार सीएमओ ने बताया कि कर्मचारी राज्य बीमा निगम अस्पताल में बढ़े बुखार के कारण अस्पताल में मरीजों की संख्या में बढ़ोत्तरी हुई है। भीड़ को व्यवस्थित करने के लिए पंजीकरण काउंटर और फामेर्सी में कतार प्रबन्धन टोकन प्रणाली स्थापित की गई है। इस-के अलावा सेवाओं की सुविधा के लिए प्रत्येक नैदानिक विभाग के लिए चेक-इन नंबर अलग से उत्पन्न किये जाते हैं। अधिकांश दवाएं अस्पताल की फामेर्सी में उपलब्ध है और रोगियों को जारी की जाती है। कुछ रोगी विशिष्ट दवायें अस्पताल में थोक में संग्रहीत नहीं की जाती है। मरीजों को ऐसी दवाएं सम्बन्धित ईएसआई डिस्पेंशरी से प्राप्त करने का निर्देश दिया जाता है। ईएसआई डिस्पेंसरी में ऐसी दवाओं के अनुपलब्धता की स्थिति में दवाओं की लागत की प्रतिपूर्ति का प्रावधान है। मरीज इस प्रावधान से भली-भांति परिचित हैं।

सीएमओ ने बताया कि प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, पिण्डरा में गत दिवस मरीज लकी राजभर उम्र 08 वर्ष निवासी ग्राम सभा थाना, विकास खण्ड पिण्डरा 18 सितम्बर से बुखार से पीड़ित था, जिसकी दादी स्थानीय फूलपुर बाजार से दवा लेकर खिलाना शुरू कर दिया। 02 दिन आराम न होने पर झाड-फूंक कराने लगी, इसी बीच मरीज बेहोश हो गया और उनके पड़ोसी ने मरीज को एसएएस हास्पिटल, हरहुआ में भर्ती कराया। जांच में इंटेरिक फीवर और सीवियर एनीमिया की रिपोर्ट आयी। 2-3 यूनिट ब्लड चढ़ाने के बाद भी होमोग्लोबिन नहीं बढ़ा, जिसकी सूचना डॉक्टर द्वारा मरीज के गार्जियन को दे दी गयी तथा 29 सितम्बर को मरीज लकी राजभर की इंटेरिक इंसफलोपथ्य एंड एनीमिया के कारण मृत्यु हो गयी।

# चार सौ करोड़ से सुधारी जाएगी जौनपुर जिले की बिजली व्यवस्था

**समाज जागरण (जौनपुर)**

जौनपुर जिले के विभिन्न इलाकों में बिजली उपभोक्ताओं को जल्द ही निर्बाध बिजली आपूर्ति मिलेगी। इस-के लिए विद्युत विभाग की ओर से रिवैप्ड योजना के तहत करीब 400 करोड से नई लाइन, ट्रांसफार्मरों की क्षमता वृद्धि, जर्जर तार व खंभे को बदला जाएगा। जिसका प्रस्ताव बनाकर शासनस्तर पर भेज दिया गया है। बजट स्वीकृति होने पर कार्य कराए जाएंगे।

जिले में छह लाख बिजली उपभोक्ता हैं। इनकों 67 विद्युत उपकेंद्रों से आपूर्ति दी जाती है। ज्यादातर इलाकों में पुराने उपकरण के कारण तार जर्जर हो चुके है। इससे आए दिन बिजली आपूर्ति बाधित होती है। जिससे उपभोगताओं को परेशानी का सामना करना पड़ता है। फीडर की लंबाई अधिक होने से लाइनलॉस भी अधिक होता है। इस कमी को दूर करने के लिए बिजली विभाग ने तैयारी तेज कर दी है। इसके लिए 16 नए सब स्टेशनों का निर्माण, पा-ॅवर परिवर्तकों की क्षमता में वृद्धी, 20 अतिरिक्त पावर परिवर्तक, 33 किलोमीटर नई लाइन एवं 36 जर्जर तारों को बदलने समेत अन्य कार्य किया जाएगा। जिसके लिए करीब 400 करोड़ का प्रस्ताव विभाग की ओर से भेजा गया है। बजट स्वीकृति होने पर कार्य कराया दिया जाएगा। उपभोक्ताओं को सुचारू रूप से बिजली मिल सके इसके लिए 16 नए सब स्टेशनों का निर्माण, पावर परिवर्तकों की क्षमता में बढ़ोत्तरी सहित कई कार्य कराए जाएंगे। इसके लिए करीब 400 करोड़ का प्रस्ताव भेजा गया है। - विवेक खन्ना, अधीक्षण अभियंता, प्रथम

# पिकअप गाड़ी की चपेट में आने से बालक की मौत दो घायल

**समाज जागरण (जौनपुर)**

जौनपुर। नगर क्षेत्र के सब्जी मंडी चौराहे के पास पिकअप गाड़ी की चपेट में आने से बालक की मौत हो गई जबकि दो लोग घायल हो गए दोनों का उपचार जिला अस्पताल में चल रहा है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भराऔर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया पुलिस ने पिकअप गाड़ी को कब्जे में ले लिया है चालक मौके से फरार हो गया है पुलिस आगे कार्रवाई करने में जुटी हुई है।

सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक शहर कोतवाली क्षेत्र के बलुआ घाट मोहल्ला निवासी एक लाख अहमद 65 वर्ष अपने 11 वर्षीय नाती तामीन पुत्र नजमू सहर को साथ लेकर रविवार लगभग 11:00 बजे सब्जी मंडी सब्जी खरीदने के लिए सब्जी मंडी चौराहे से गुजर रहे थे उसी समय मोहल्ला उर्दू बाजार निवासी आफताब आलम नामक व्यक्ति की पिकअप गाड़ी चलाने वाला चालक गाड़ी को बैक इस तरह किया कि तामीन के ऊपर गाड़ी का चक्का चढ़ गया जिसके चलते मौके पर ही तामीन की मौत हो गई जबकि नाना एक लाख को मामूली चोट आई इसके अलावा मस्जिद के पास पाव रोटी की दुकान लगाने वाले मोहल्ला उर्दू बाजार निवासी नसीम उर्फ टीपू उम्र लगभग 30 वर्ष पुत्र मोहम्मद शमीम अंसारी और ख्वाजा टोला मोहल्ला निवासी पंडित मणि शर्मा 68 वर्ष पुत्र स्वर्गीय राम निहोर शर्मा जो सब्जी खरीदने के लिए चौराहे से गुजर रहे थे वह भी पिकअप गाड़ी की चपेट में आकर गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना होने के बाद स्थानी लोगों और राहगीरों की मौके पर भीड़ एकत्रित होने और शोर के साथ तामीन और घायलों को जिला अस्पताल पहुंचाने में लग जाने के चलते पिक गाड़ी चालक मौके से फरार हो गया। सूचना पर पहुंची हल्का पुलिस ने गाड़ी को कब्जे में लेते हुए मृतक तामीन के शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भराऔर पोस्टमार्टम के लिए भेजने के पश्चात आगे की कार्यवाही करने में जुट गई बता दे गंभीर रूप से घायल पंडित मणि शर्मा की हालत गंभीर देखकर चिकित्सक वी के सोनकर ने बेहतर उपचार के लिए वाराणसी के लिए रेफर कर दिया। उधर तामीन के मरने की जैसे ही खबर परिजन को हुई पारिवारिजन में कोहराम मच गया।

# आगमन संस्था ने काशी में किया 15 हजार अजन्मी बेटियों का श्राद्ध

**समाज जागरण वाराणसी**

वाराणसी। काशी के दशाश्वमेध तीर्थ पर पितृपक्ष में रविवार को भी मातृ नवमी का मान किया गया। इस मौके पर काशी की सामाजिक संस्था आगमन की ओर से कोख में मारी गई बेटियों के श्राद्ध का दुर्लभ अनुष्ठान काशी में किया गया। ह्यअंतिम प्रणाम का दिव्य अनुष्ठानह्न दशाश्वमेध घाट पर कर्मकांडी ब्राह्मण श्रीनाथ पाठक ह्यरानी गुरुह्न के सानिध्य में पं. दिनेश दुबे के आचार्यत्व में हुआ। अनुष्ठान में इस वर्ष 15 हजार अजन्मी बेटियों का श्राद्ध मानस पिता के रूप में डा. संतोष ओझा ने किया।

श्राद्ध की दृष्टि से उत्तम काल,मध्याह्न में त्रिपिंडी श्राद्ध के विधान आरंभ हुए। श्राद्ध में प्रत्येक अजन्मी बेटी के निमित्त जौ, चावल और खोआ का पिंड बना कर उसका दान किया गया। आगमन संस्था द्वारा अजन्मी बेटियों के श्राद्ध का यह दसवां वर्ष है। इससे पूर्व के नौ वर्षों में 67 हजार अजन्मी बेटियों के लिए सविधिक मोक्ष अनुष्ठान करा गया। दसवें वर्ष 15 हजार अजन्मी बेटियों का श्राद्ध कराया जाना है। इस वर्ष के अनुष्ठान के बाद 10 वर्ष में कुल 82 हजार अजन्मी बेटियों के श्राद्ध का कर्मकांड पूरा हो चुका है। डा. संतोष ओझा ने बताया कि सन 2001 का वह दौर था जब हम आगमन टीम के साथ एड्स महामारी पर जन जागरण अभियान चलाया करते थे। उस दरमियान एक दिन हमारी मुलाकात एक ऐसे शख्स से हुई जिसने बेटे के चाह में कन्या भ्रूण की



हत्या पत्नी के गर्भ में ही करा दी। उस-के लिए वह सामान्य घटना था लेकिन इस घटना ने ही हमें बेटियों के जन्म से जुडी बातों के लिए जनजागरण करने की प्रेरणा दी। अगले एक दशक से अधिक समय तक कन्या भ्रूण हत्या रोकने के लिए आगमन संस्था की ओर से जनजागरण अभियान चलाए जाते रहे। इसके अंतर्गत विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। वर्ष 2013 में पुनः एक घटना से मारी गयी बेटियों के मोक्ष दिलाने का प्रेणना मिली। विचार आया कि जब पेट में पल रही बेटियों को बचाने में सफल नहीं हो पाया तो कम से कम उनके मोक्ष की तो कामना कर ही सकता हूं। यही से बेटियों के मोक्ष के लिए ह्यअंतिम प्रणाम का दिव्य अनुष्ठानह्न कार्यक्रम की शुरूआत हुई। काशी के विद्वान इस अनुष्ठान को लेकर एकमत नहीं थे। हमारे परिजन भी अनहोनी, अशुभता या बाधा को लेकर चिंतित थे। लिहाजा श्रेष्ठ विद्वानों से मिलकर शास्त्र सम्मत बातों की जानकारी और जैसे-तैसे परिजनों के नाराजगी और रजामंदी के बाद अनुष्ठान को काशी के दशाश्वमेध घाट पर प्रारंभ किया गया। इस आयोजन में मुख्य रूप से राहुल गुप्ता,शिव कुमार,जादूगर किरण और जितेंद्र,आलोक पांडेय, अरुण ओझा, हरिकृष्ण प्रेमी, राजकृष्ण गुप्ता, गोपाल शर्मा,साधना, आयुष टिंकू, हिमांशु गुप्ता, तुषार चौरसिया, शिवम गुप्ता, हिमांशु श्रीवास्तव,संजय गुप्ता आदि लोग शामिल थे.

# 884 के सापेक्ष 735 नावों में सीएनजी इंजन लगाया जा चुका है

**बदलते बनारस**

**नगर निगम सीमा के बाहर की कतिपय नावें कभी-कभार सीमा में प्र-वेश कर जाती है, ऐसे नावों को चिन्हित कर नगर निगम अधिनियम के अंतर्गत कार्यवाही की गई**

**समाज जागरण वाराणसी**

वाराणसी। अपर नगर आयुक्त ने बताया कि गंगा नदी में डीजल नाव को सीएनजी इंजन मेसर्स मायकॉन इण्डिया प्रा०लि० के द्वारा तीव्रता से लगाया जा रहा है। कुल 884 नावों में सीएनजी इंजन लगाया जाना था, जिसमें से 735 नावों में सीएनजी इंजन लगा दिया गया है। शेष नावों में सीएनजी इंजन लगाए जाने हेतु संबंधित नविको को नोटिस जारी किया गया है। उन्होंने बताया कि नगर निगम के अधिकारी/कर्मचारीगण जल पुलिस से समन्वय स्थापित कर सांझा अभियान भी चलाया जा रहा है, लेकिन कुछ नाविक जो नगर निगम सीमा के बाहर के है। वह अपनी डीजल नाव को नगर निगम सीमान्तर्गत में प्रवेश कर जाते है। ऐसे नावों को चिन्हित कर नगर निगम अधिनियम के अंतर्गत कार्यवाही की गई है।

# सुरेरी पुलिस ने वारण्टी को किया गिरफ्तार

**समाज जागरण (जौनपुर)**

सुरेरी, जौनपुर। पुलिस अधीक्षक डा. अजयपाल शर्मा द्वारा वांछित/वारंटी अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थानाध्यक्ष प्रियंका सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम ने न्यायालय स्पेशल मजिस्ट्रेट प्रथम जौनपुर द्वारा जारी




गैरजमानती वारण्ट के वारण्टी जगदीश चौहान पुत्र विसुनदयाल चौहान निवासी राजापुर थाना सुरेरी को गिरफ्तार कर नियमानुसार विधिक कार्यवाही किया। पुलिस टीम में उपनिरीक्षक दिलीप सिंह के अलावा हे0का0 राम आशीष यादव एवं का0 सत्येन्द्र कुमार शामिल रहे।

# एसपी द्वारा गठित जिले में सुरक्षा विशेष दल की टीमों ने अपने-अपने थानों में बालिकाओं एवं महिलाओं को उनके उत्पीड़न की रोकथाम हेतु किया गया जागरूक

उरई(जालौन)।जनपद के समस्त थानों पर गठित महिला सुरक्षा विशेष दल द्वारा अपने-अपने थाना क्षेत्र अंतर्गत आबादी क्षेत्र, बाजारों, भीड़भाड़ वाले क्षेत्रो में पहुंचकर बालिकाओं एवं महिलाओं को महिला उत्पीड़न की रोकथाम संबंधी एवं उनके अधिकारों के सम्बन्ध में जागरूक किया जा रहा है। महिला सुरक्षा विशेष दल ने बालिकाओं एवं महिलाओं को हेल्पलाइन नंबर- 1090, 1076, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन- 181, यूपी 112 आदि के बारे में जानकारी दी गई तथा किसी भी अप्रिय घटना के बारे में संदेह होने पर उक्त नंबर या तत्काल थाना पुलिस को सूचित करने के बारे



में बताया गया । महिला सुरक्षा विशेष दल द्वारा सार्वजनिक स्थानों के आस-पास बेवजह घूम रहे युवकों से पूछताछ कर चेतावनी दी गयी तथा नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही की गयी।

# पुलिस मुठभेड़ में एक बदमाश को लगी गोली घायल

**समाज जागरण (जौनपुर)**

जौनपुर के मछलीशहर थाना क्षेत्र में शनिवार रात पुलिस ने मुठभेड़ के दौरान दो बदमाशों को गिरफ्तार कर लिया। एक बदमाश के पैर में गोली लगी है। दोनों बदमाश लूट के एक मामले में वांछित थे।



रात करीब साढ़े नौ बजे पुलिस टीम मछलीशहर थाना क्षेत्र के कौरहा के पास जांच कर रही थी। इसी बीच दो लोग बाइक से बरईपार की तरफ से आ रहे थे। पुलिस ने रोकने की कोशिश की तो दोनों भागने लगे। भागते समय बदमाशों ने फायरिंग भी की। एक गोली मछलीशहर थानाध्यक्ष के बुलेट प्रुफ जैकेट में लगी। पुलिस ने भी जवाबी कार्रवाई की बदमाश अजय निषाद उर्फ जस्टिस (34) निवासी जोगियापुर कोतवाली जौनपुर के पैर में गोली लगी और वह घायल होकर बाइक समेत गिर गया। पुलिस ने घेराबंदी कर उसे गिरफ्तार किया। वहीं मौके से भाग रहे दूसरे बदमाश को भी दौड़ाकर पुलिस ने पकड़ लिया। सीओ अतर सिंह ने बताया कि मुठभेड़ में एक बदमाश के पैर में गोली लगी है। दूसरे आरोपी को भी पकड़ लिया गया। घायल बदमाश को अस्पताल ले जाया गया है

# उपराष्ट्रपति श्री जगदीप धनखड़ ने केंद्रीय शुष्क क्षेत्र अनुसंधान संस्थान काजरी, जोधपुर में किसानों-वैज्ञानिकों से किया संवाद

## किसानों के बिना बदलाव संभव नहीं, वे अर्थव्यवस्था की रीढ़, कृषि व्यापार व निर्यात भी करेंझ्र उपराष्ट्रपति

उपराष्ट्रपति श्री जगदीप धनखड़ ने भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (आईसीएआर) के अंतर्गत आने वाले केंद्रीय शुष्क क्षेत्र अनुसंधान संस्थान (काजरी), जोधपुर में आज किसानों व वैज्ञानिकों से संवाद किया। केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्री नरेंद्र सिंह तोमर कार्यक्रम से वर्चुअल जुड़े, वहीं उपराष्ट्रपति की पत्नी डॉ. सुदेश धनखड़, केंद्रीय जल शक्ति मंत्री श्री गजेंद्र सिंह शेखावत, कृषि राज्य मंत्री श्री कैलाश चौधरी व सांसद श्री राजेंद्र गहलोत विशेष रूप से उपस्थित थे।

इस अवसर पर उपराष्ट्रपति श्री धनखड़ ने कहा कि किसानों के बिना देश में बदलाव संभव नहीं है, किसान अर्थव्यवस्था की रीढ़ है, बदलाव किसानों को लाना है और उसके अनुरूप बदलना भी है। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी बदलाव के प्रमुख केंद्र है। श्री धनखड़ ने कहा कि कृषि उत्पाद आज सबसे बड़ा व्यापार है। उन्होंने आह्वान किया कि युवाओं को कृषि व्यापार में लगाया जाएं, जो किसानों का एरिया है, लेकिन इस पर उनका ध्यान केंद्रित नहीं हुआ। आज कई उच्च शिक्षित युवा उन कृषि उत्पादों का व्यापार कर रहे हैं, जो किसानों की कड़ी मेहनत से उपजते हैं। किसानों द्वारा कृषि उत्पादों के व्यापार को अपने दायरे में लेने पर बहुत बड़ा बदलाव आएगा। श्री धनखड़ ने कहा कि जी 20 में जहां भारत का डंका बजा, दुनिया के देशों ने देखा कि भारत कितना बदल गया है, इतनी बड़ी वैश्विक ताकत बनी, उसमें एक फैसला हुआ, जो किसान परिवारों के लिए जरूरी है, वह है एक आर्थिक कॉरिडोर- भारत, मिडिल ईस्ट और यूरोप। हजारों साल पहले यह कॉरिडोर था, जिसकी दोबारा शुरूआत हो रही है। किसान बदलाव को गले लगाएं, टेक्नालाजी अपनाएं। किसान अपने उत्पादों को सीधे न देकर उसमें कुछ न कुछ वैल्यू एडिशन करें, तो इससे क्रांतिकारी बदलाव आएगा। यह आसान है, संभव भी है क्योंकि सरकार की नीतियां सकारात्मक है व दूरगामी






परिणाम देने वाली हैं, जिससे किसानों की आर्थिक स्थिति काफी बेहत्तर होगी। निर्यात के लिए भी किसानों के बेटे-बेटियां आगे आएं, क्योंकि वे ही इसे पैदा करते हैं। दूर की सोचकर अपनी भागीदारी निभाएं। कृषि के साथ कृषि व्यापार एवं कृषि निर्यात भी किसानों द्वारा करने से बड़ा अवसर कोई हो नहीं सकता। श्री धनखड़ ने कहा कि किसानों की कड़ी मेहनत के कारण आज शुष्क क्षेत्र में भी अनार, खजूर, अंजीर, जीरा जैसे उत्पाद उगाए जा रहे है, जिसका और ज्यादा फायदा किसानों को स्वयं व्यापार व निर्यात करने से मिलेगा। उपराष्ट्रपति ने अपने स्तर पर किसानों के लिए हर सकारात्मक सहयोग का भरोसा दिलाया। उन्होंने कहा कि वर्ष 2047 तक देश को विकसित बनाने में हमारे किसानों का बहुत बड़ा योगदान होगा।

केंद्रीय कृषि मंत्री श्री तोमर ने कहा कि कृषि क्षेत्र हमारे देश के लिए आज बहुत महत्वपूर्ण है। यह कहा जाए तो अतिश्योक्ति नहीं होगी कि जैसे जल ही जीवन है, वैसे कृषि ही जीवन है। आजीविका के लिए कई क्षेत्र हैं, जिनमें पैसा कमाया जा सकता है लेकिन कृषि का क्षेत्र ऐसा है कि यदि यह उपेक्षित हो गया तो पैसा तो हाथ में होगा लेकिन खरीदने के लिए खाद्यान्न व अन्य सामग्री नहीं होगी, इसीलिए किसान को अन्नदाता कहा गया है और इसीलिए प्रधानमंत्री श्री मोदी ने किसानों की अतिरिक्त चिंता इन 9 वर्षों में की है। प्रधानमंत्री ने किसानों की आमदनी बढ़ाने के लिए आह्वान किया तो यह सिर्फ वक्तव्य तक ही सीमित नहीं रहा बल्कि उन्होंने अपनी तरफ से किसानों की आय व कृषि को आगे बढ़ाने के लिए जो-जो प्रयत्न आवश्यक है, उस दिशा में महत्वपूर्ण कदम बढ़ाए हैं। चाहे प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि हो या प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना का सुरक्षा कवच हो, चाहे 10 हजार नए एफपीओ बनाने का मामला हो अथवा 1 लाख करोड़ रुपये का एग्री इंफ्रा फंड स्थापित करने का मामला हो, चाहे किसान क्रेडिट कार्ड (केसीसी) के माध्यम से किसानों को 20 लाख करोड़ रु. तक का ऋण आसानी से उपलब्ध कराने का विषय हो, पशुपालकों-मस्त्यपालकों को केसीसी से जोड़ने का सवाल हो, हर दिशा में प्रधानमंत्री ने काम किया है। इसका प्रतिफल आज निश्चित रूप से देशभर में देखने को मिलता है।

केंद्रीय मंत्री श्री तोमर ने कहा कि काजरी संस्थान के कार्यों को देखकर गौरव का अनुभव होता है, जहां के वैज्ञानिकों ने इस पूरे रेतीले इलाके में कृषि क्षेत्र में चमत्कार किया है, वहीं आईसीएआर के वैज्ञानिकों ने खाद्यान्न, बागवानी, पशुपालन व मत्स्यपालन की दृष्टि से जो बेहतर काम किया है, उसके कारण हमारा देश आज अग्रणी अवस्था में खड़ा हुआ है। श्री तोमर ने कहा कि आज हमारे सामने चुनौतियां भी है कि खेती में लागत कैसे कम करें, इसके लिए टेक्नालाजी का उपयोग करें एवं स्वाइल हेल्थ कार्ड का उपयोग किसानों की आदत में आएं। सामूहिक रूप से पोषक तत्व, कीट प्रबंधन आदि से खेती की लागत कम होगी एवं फसलों की गुणवत्ता भी बढ़ेगी। कृषि मंत्री ने कहा कि जैविक व प्राकृतिक खेती वर्तमान समय की आवश्यकता बनती जा रही है, जिसे बढ़ावा देने के लिए भारत सरकार ने अनेक उपाय किए हैं, योजनाएं बनाई हैं, जिन्हें हमारे किसान भाइयों-बहनों को अपनाना चाहिए तथा इस खेती को प्रोत्साहित करना चाहिए। श्री तोमर ने कहा कि राजस्थान, मध्य प्रदेश , हरियाणा, उत्तर प्रदेश आदि राज्यों में मिलेट्स (श्री अन्न) की खेती हो रही है। श्री अन्न का उपयोग बढ़े, इसके लिए प्रधानमंत्री ने पूरी दुनिया को एक सूत्र में पिरोया है, जैसे-जैसे इसका उपभोग बढ़ेगा, तो मांग वृद्धि के साथ छोटे किसानों की उपयोगिता व इनकी आय भी बढ़ेगी। इस दिशा में प्रधानमंत्री का आह्वान असरकारक हो रहा है, पूरी दूनिया के देश मिलेट्स मांग रहे हैं, जिसके लिए हिंदुस्तान के किसानों को उत्पादन भी बढ़ाना पड़ेगा, उन्हें इस दिशा में प्रवृत्त होना पड़ेगा।

कार्यक्रम में केंद्रीय जल शक्ति मंत्री श्री शेखावत व कृषि राज्य मंत्री श्री चौधरी ने भी संबोधित किया।

काजरी के निदेशक डॉ. ओ.पी. यादव ने संस्थान की गतिविधियों एवं उपलब्धियों के बारे में जानकारी दी। कार्यक्रम में कृषि प्रौद्योगिकी अनुप्रयोग अनुसंधान संस्थान (अटारी), जोधपुर के निदेशक डॉ. जे.एस. मिश्रा, जनप्रतिनिधि और क्षेत्र के किसान, वैज्ञानिकगण व अधिकारी उपस्थित थे।

# केंद्रीय जनजातीय कार्य मंत्री श्री अर्जुन मुंडा ने झारखंड के जमशेदपुर में राष्ट्रीय जनजातीय महोत्सव - 'आदि महोत्सव' का उद्घाटन किया

केंद्रीय जनजातीय मामलों के मंत्री श्री अर्जुन मुंडा ने आज झारखंड के जमशेदपुर में आदि महोत्सव - राष्ट्रीय जनजातीय महोत्सव - का उद्घाटन किया। यह विशाल कार्यक्रम 7 से 16 अक्टूबर 2023 तक जनजातीय मामलों के मंत्रालय के ट्राइबल कोऑपरेटिव मार्केटिंग डेवलपमेंट फेडरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड (टीआरआईएफईडी) द्वारा आयोजित किया जा रहा है।

सभा को संबोधित करते हुए श्री मुंडा ने कहा कि आदि महोत्सव हमारे देश की आदिवासी संस्कृति, परंपराओं और कला को राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय बाजारों तक ले जाने का एक प्रमुख मंच है। उन्होंने महिला आदिवासी कारीगरों द्वारा अपनी कलाकृतियां बनाने के लाइव प्रदर्शन की सराहना की। मंत्री ने जी20 शिखर सम्मेलन के दौरान आने वाले गणमान्य व्यक्तियों को आदिवासी उत्पादों को प्रस्तुत करके लोकप्रिय बनाने के उनके दृष्टिकोण के लिए प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के प्रति आभार व्यक्त किया।

श्री मुंडा ने आदि महोत्सव को हमारे आदिवासी पूर्वजों, विभिन्न अद्वितीय आदिवासी समुदायों की संस्कृति, उनकी जीवनशैली और स्वयं आदिवासियों के योगदान का उत्सव बताया। यह त्यौहार कारीगरों से मिलने, उनके जीवन के तरीके के बारे में जानने और आदिवासी संस्कृति और परंपराओं से परिचित होने का अवसर प्रदान करता है। मंत्री ने कहा कि यह आदि महोत्सव 'एक भारत, श्रेष्ठ भारत' की भावना को पूरा करता है।

आदिवासी उद्यमिता, शिल्प, संस्कृति, व्यंजन और वाणिज्य का वार्षिक उत्सव, आदि महोत्सव, देश भर की जनजातियों की समृद्ध और विविध विरासत को प्रदर्शित करने के लिए एक महत्वपूर्ण मंच के रूप में कार्य करता है। इस वर्ष यह महोत्सव विशेष रूप से कमजोर जनजातीय समूहों (पीवीटीजी) और वन धन विकास केंद्र (वीडीवीके) लाभार्थियों सहित 336 आदिवासी कारीगरों और कलाकारों की प्रतिभा को उजागर करेगा।

इस कार्यक्रम में झारखंड के 30 कारीगरों के स्टॉल, लगभग 11 वीडीवीके के स्टॉल और 5 व्यंजन स्टॉल शामिल होंगे। इस कार्यक्रम में 15 व्यंजन स्टालों सहित अन्य राज्यों के 68 कारीगरों के स्टालों का सफलतापूर्वक प्रदर्शन किया जाएगा। यह कपड़ा, पेंटिंग, आभूषण, धातु, बेंत और बांस और व्यंजन जैसी विभिन्न श्रेणियों में उत्कृष्ट प्रतिभा का प्रदर्शन करने वाला लाइव प्रदर्शन होगा।

कार्यक्रम के दौरान उपस्थित गणमान्य लोगों में संसद सदस्य श्री विद्युत बरन महतो, (कॉर्पोरेट मामले), टाटा स्टील के उपाध्यक्ष श्री चाणक्य चौधरी, ट्रा-इफेड के एमडी सुश्री गीतांजलि गुप्ता, और अन्य व्यक्ति शामिल थे।